वर्ष 69 अंक 153 पृष्ठ 12
भोपाल, सोमवार 02 मार्च, 2026
फाल्गुन शुक्ल पक्ष 14, विक्रम संवत् 2082
महानगर मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

सफलता की खुशी मनाना अच्छा है, लेकिन उससे भी महत्वपूर्ण है अपनी असफलताओं से सीख लेना। -बिल गेट्स



## ईरान पर हमलाः तेहरान से तेल अवीव तक तबाही, अमेरिका-इजराइल ने 30 घंटे में गिराए 2000 बम

# शीर्ष नेतृत्व का खात्माः खामेनेई, रक्षामंत्री, सेना अध्यक्ष, रक्षा परिषद प्रमुख समेत 48 मारे गए

**तेल अवीव/तेहरान, जेएनएन।** पश्चिम एशिया में संघर्ष के बीच इजराइल-अमेरिका ने 30 घंटे में ईरान पर 2000 से ज्यादा बम गिराए। आईडीएफ के मुताबिक, हमलों में ईरानी शासन और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। खामेनेई के ऑफिस कॉम्प्लेक्स पर शनिवार को 30 मिसाइलों से हमला हुआ था। इन हमलों में ईरान की टॉप लीडर शिप खत्म कर दी गई। इनमें सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई, रक्षामंत्री अजीज नासिरजादेह, कमांडर इन चीफ मोहम्मद पाकपोर और राष्ट्रीय रक्षा परिषद के प्रमुख अली शमखानी समेत कॉम्प्लेक्स में मौजूद 48 कमांडर मारे गए। खामेनेई की बेटी-दामाद, बहू, पोती की भी हमले में मौत हो गई। हमले के समय खामनेई कमांडर्स के साथ बैठक कर रहे थे। रविवार सुबह ईरान की सरकारी मीडिया एजेंसी 'तसनीम', 'फार्स' ने इसकी पुष्टि की।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, खामेनेई की मौत के बाद बेटे मोजतबा खामेनेई को देश का नया सुप्रीम लीडर चुन लिया गया है। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। ईरान ने अहमद वहिदी को आईआरजीसी का नया कमांडर नियुक्त किया है। सरकारी मीडिया के मुताबिक यह घोषणा रविवार को की गई। वहिदी पहले देश के रक्षा और गृह मंत्री रह चुके हैं। इधर, ईरानी सेना ने कहा, वह 'सबसे खतरनाक अभियान' की शुरुआत करने जा रही है। ईरान ने इजराइल समेत मिडिल-ईस्ट के कई देशों में हमले शुरू कर दिए हैं। इजराइल में एक हमले में 8 लोगों की मौत हो गई है।

ईरान मुद्दे पर गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल (जीसीसी) के विदेश मंत्री इमरजेंसी बैठक करेंगे। यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए होगी। जीसीसी में 6 देशों में राजनीतिक और आर्थिक सहयोग होता है। इसमें बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और यूएई शामिल हैं। ओमान के तट के पास एक ऑयल टैंकर पर हमला हुआ है। ईरान की राजधानी तेहरान समेत 10 बड़े शहरों में हुए हमलों से अब तक 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 740 से ज्यादा लोग हैं। एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 148 छात्राओं की मौत हो गई और 45 घायल हैं। ईरान ने भी देशों पर जवाबी हमले किए थे। वहीं, खामनेई के मारे जाने पर ईरान में 40 दिन का राजकीय शोक और सात दिन की छुट्टी घोषित की गई है। ईरानी आईआरजीसी ने कहा, 'हमने एक महान नेता खो दिया है और पूरा देश शोक मना रहा है।'

88 सदस्यीय 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' करेगी ईरान के सुप्रीम लीडर का चुनावः पेज-11

### ईरान में मातम


**हमले के वक्त कमांडर्स के साथ बैठक कर रहे थे खामेनेई**



आयतुल्ला खामेनेई सुप्रीम लीडर



अजीज नासिरजादेह रक्षा मंत्री



मोहम्मद पाकपोर कमांडर इन चीफ



अली शमखानी रक्षा परिषद प्रमुख



तेहरान में सुप्रीम कमांडर आयतुल्ला खामेनेई के मारे जाने के बाद मातम मनाते समर्थक।

### ईरानी राष्ट्रपति बोले-बदला लेना वैध है



ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन का कहना है कि खामेनेई की हत्या दुनिया के हर कोने में मुसलमानों, विशेषकर शियाओं के खिलाफ खुले युद्ध की शुरुआत है। पेजेश्कियन ने कहा, ईरान ऐतिहासिक अपराध के अपराधियों, उकसाने वालों के खिलाफ रक्तपात, प्रतिशोध को वैध कर्तव्य और अधिकार मानता है,इस महान जिम्मेदारी और कर्तव्य को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास करेगा।

### 48 ईरानी नेता मारे 9 जहाज डुबोएः ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने रविवार को कहा कि इन हमलों में 48 ईरानी 'नेता' मारे गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अमेरिका ने ईरान के 9 जहाज डुबो दिए हैं। इनमें कुछ बड़े और अहम जहाज भी शामिल हैं। ट्रंप ने कहा, बाकी जहाजों को भी निशाना बनाया जा रहा है। हालांकि, ईरान का बयान सामने नहीं आया। ट्रंप ने दावा किया है कि ईरान के नए नेता बातचीत करना चाहते हैं और उन्होंने भी बातचीत के लिए सहमति दे दी है। वे जल्द उनसे बात करेंगे। उधर, अमेरिकी सेना ने बी-2 स्टील्थ बॉम्बर्स के जरिए ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल ठिकानों पर हमला किया।

### ईरान का दावा-560 अमेरिकी सैनिक मारे

ईरानी आईआरजीसी ने दावा किया है कि उसने 560 अमेरिकी सैनिकों को मार दिया या घायल कर दिया है। हालांकि, यूएस ने खंडन किया है।

## दुनियाभर में अमेरिका के खिलाफ गुस्सा, पाक में भीड़ का हमला, 12 की मौत

ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत के विरोध में दुनियाभर में हजारों शिया मुसलमानों ने सड़कों पर प्रदर्शन किया। इजराइल-अमेरिका के खिलाफ नारे लगाते हुए पाकिस्तान में प्रदर्शनकारियों ने कराची स्थित अमेरिकी दूतावास में घुसने की कोशिश की। इस दौरान सुरक्षाकर्मियों की फायरिंग में 12 से ज्यादा लोगों की मौत की खबर है। कई युवक घायल भी हैं। पाकिस्तान के ही स्कर्दू में प्रदर्शनकारियों ने यूनाइटेड नेशंस (यूएन) के ऑफिस में आग लगा दी है। ईरान का मिडिल ईस्ट के राज्यों पर लगातार हमला जारी है। सुबह से कतर, दुबई, अबू धाबी में मिसाइल-ड्रोन से अटैक हो रहे हैं। कतर में मौजूद भारतीयों ने हमले के वीडियो भी शेयर किए हैं।



### एयर इंडिया की 50 फ्लाइट कैंसिल

मिडिल ईस्ट के देशों में जंग के कारण हालात बिगड़े हुए हैं। एयरस्पेस बंद होने का असर भारत पर भी दिख रहा है। कई भारतीय दुबई में फंसे हुए हैं। भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु ने एक्स पर लिखा-दुबई में हम जहां रुके थे, वहां पर धमाका हुआ। एक्ट्रेस सोनल चौहान ने पीएम मोदी से मदद मांगी है। रविवार को एअर इंडिया ने 22 इंटरनेशनल फ्लाइट रद्द कीं। अब तक 50 फ्लाइट रद्द की गई हैं। केरल के त्रिवेंद्रम एयरपोर्ट पर भी मिडिल ईस्ट के देशों से आने वालीं 26 फ्लाइट कैंसिल हैं। मंत्रालय के मुताबिक भारतीय एयरलाइंस की 444 इंटरनेशनल फ्लाइट रद्द हो सकती हैं। इंडिगो ने भी कुछ फ्लाइट्स 2 मार्च की रात 11.59 बजे तक सस्पेंड की हैं। दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु, अमृतसर एयरपोर्ट पर आज कई फ्लाट्स रद्द हैं। यात्री परेशान हैं। उन्हें 24 घंटे से ज्यादा समय एयरपोर्ट पर इंतजार करते हो चुका है।

### होर्मुज स्ट्रेट में तेल टैंकर पर हमला, 15 भारतीय नागरिकों को निकाला

अमेरिका-इजरायल के हमलों के बाद बढ़ते तनाव के बीच ओमान के तट पर होर्मुज के रणनीतिक स्ट्रेट में एक तेल टैंकर पर हमला किया गया, जिसमें चालक दल के ४ सदस्य घायल हो गए और पूर्ण निकासी के लिए मजबूर होना पड़ा। ओमान के समुद्री सुरक्षा केंद्र ने कहा कि पलाऊ के झंडे वाले टैंकर स्काईलाइट को मुसंदम गवर्नरेट में खासाब पोर्ट से पांच समुद्री मील उत्तर में निशाना बनाया गया। हमलों के जवाब में ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को अवरुद्ध कर दिया।



सभी 20 क्रू मेंबर्स, 15 भारतीय नागरिक और पांच ईरानी नागरिक, को सुरक्षित निकाल लिया गया। शुरुआती जानकारी से पता चलता है कि चार लोग घायल हुए हैं और उन्हें इलाज के लिए भेजा गया है। ओमानी अधिकारियों ने यह भी कन्फर्म किया है कि ड्रोन हमले में दुकम पोर्ट को टारगेट किया गया था।

### तीन अमेरिकी सैनिकों की मौत, पांच गंभीर

अमेरिकी सेना ने रविवार को एक बयान में कहा कि ईरान के खिलाफ मिलिट्री ऑपरेशन के हिस्से के तौर पर उसके तीन सर्विस मेंबर मारे गए हैं और पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। यूएस सेंट्रल कमांड ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ये मौतें ऑपरेशन एपिक फ्यूरी का हिस्सा हैं।

**पश्चिम बंगाल में एसआईआर**

## वर्ल्डकप विनर ऋचा का नाम होल्ड पर

**कोलकाता, जेएनएन।** भारत की 2025 आईसीसी महिला वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम की सदस्य ऋचा घोष को पश्चिम बंगाल में फाइनल पोस्ट स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) इलेक्टोरल रोल में 'अंडर एडजुडिकेशन' (न्यायिक निर्णय) कैटेगरी में रखा गया है। ऋचा दार्जिलिंग जिले के सिलीगुड़ी शहर की रहने वाली हैं, वह राज्य के उन 60 लाख से ज्यादा वोटरों में से हैं जिनके नाम 'अंडर एडजुडिकेशन' मार्क किए गए हैं और वे अपने वोटिंग अधिकारों के बारे में ज्यूडिशियल अधिकारियों से क्लीयरेंस का इंतजार कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट की तय डेडलाइन 28 फरवरी को एसआईआर के बाद फाइनल इलेक्टोरल रोल के पब्लिकेशन के साथ, ऋचा का नाम वोटर लिस्ट में 'अंडर एडजुडिकेशन' मार्क कर दिया गया, जिसके बाद टीएमसी ने चुनाव आयोग पर तीखे हमले किए। वह हाल ही में वेस्ट बंगाल पुलिस में डिप्टी एसपी रैंक पर शामिल हुई हैं और उन्होंने सिलीगुड़ी पुलिस कमिश्नरेट में असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ पुलिस का चार्ज संभाला है।



प्रदेश में होली पर दो दिन रहेगी छुट्टी, आदेश जारीः पेज-4

**टी-20 वर्ल्ड कप**



### वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराकर टीम इंडिया सेमीफाइनल में

# ...अब चला संजू का बल्ला भारत की हुई बल्ले-बल्ले

**कोलकाता, जेएनएन।** भारत ने रविवार को सुपर-8 के अपने अंतिम करो या मरो के मुकाबले में वेस्टइंडीज के खिलाफ सबसे बड़ी जीत दर्ज कर आईसीसी टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। भारतीय टीम गुरुवार को वानखेड़े स्टेडियम में दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड से भिड़ेगी। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 195 रन बनाए, जिसके जवाब में टीम इंडिया ने संजू सैमसन (नाबाद 97 रन) के करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी की बदौलत 19.2 ओवर में पांच विकेट खोकर अंतिम चार का टिकट पक्का किया। भारत ने टी-20 विश्व कप में सबसे बड़ी रन चेज करते हुए यह जीत हासिल की।

- भारत का यह सबसे सफल चेज है। इससे पहले उसने 2014 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 173 रन का लक्ष्य चेज किया था। टी-20 विश्व कप में संयुक्त तीसरा सबसे बड़ा चेज है।
- गत चैंपियन भारतीय टीम ने इस तरह लगातार तीसरी बार और कुल छठी बार इस टूर्नामेंट के अंतिम चार में प्रवेश किया है। यह लगातार तीसरी बार होगा जब भारत और इंग्लैंड फाइनल में पहुंचने के लिए एक दूसरे का सामना करेंगे।
- टी-20 विश्व कप चेज में संजू सैमसन ने सबसे बड़ी पारी खेली। उन्होंने विराट कोहली (82) का रिकॉर्ड तोड़ा।
- जीत के बाद स्टैंड से ' मां तुझे सलाम' और 'चक दे इंडिया' जैसे गानों के बीच सैमसन घुटने के बल बैठे, हेलमेट उतारा और ईश्वर को याद किया। भारतीय टीम ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया।

**सेमीफाइनल मुकाबले**

**दक्षिण अफ्रीका बनाम न्यूजीलैंड**
चार मार्च को कोलकाता में

**भारत बनाम इंग्लैंड**
पांच मार्च को मुंबई में

| सैमसन प्लेयर ऑफ द मैच | रन | गेंद | चौके | छक्के |
|---|---|---|---|---|
| | 97* | 50 | 12 | 06 |

## नागपुरः बारूद फैक्ट्री में विस्फोट, 17 की मौत

**नागपुर, जेएनएन।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले के काटोल स्थित बारूद कंपनी में विस्फोट हो गया, जिससे 17 लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 से ज्यादा मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिस फैक्ट्री में विस्फोट हुआ, उसका नाम एसबीएल एनर्जी है।




कंपनी में बारूद बनाने का काम हो रहा था। नागपुर ग्रामीण के एसपी हर्ष पोद्दार ने बताया कि कंपनी में बारूद बनाने का काम चल रहा था, तभी विस्फोट हो गया। 17 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। विस्फोट के बाद फैक्ट्री में भीषण आग लगी हुई है, जिसे बुझाया गया है।

पालक मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने प्रशासन से विस्फोट की जानकारी ली और तत्काल राहत कार्य के निर्देश दिए हैं। जिला कलेक्टर मौके पर पहुंचे।

**होली**

### गोपियों ने दुल्हन की तरह सजकर खेली होली, विदेशियों को भी नहीं छोड़ा

# गोकुल में गोपियों ने पुलिसवालों पर बरसाईं छड़ियां



**मथुरा, जेएनएन।** होली से पहले ब्रज में चारों ओर होली की धूम है। गोकुल में रविवार को छड़ीमार होली खेली गई। दुल्हन की तरह सजी महिलाओं ने भगवान श्रीकृष्ण और बलराम के बाल स्वरूप को रंग लगाया। घूंघट में गोपियों ने भगवान पर गोटेदार कपड़ों से लिपटी छड़ियां बरसाईं। गोपियों ने बड़ी संख्या में पहुंचे विदेशी सैलानियों पर भी दनादन छड़ियां बरसाईं।

पुलिसवालों को भी नहीं छोड़ा। उन्हें देखकर लोग चिल्लाते हुए बोल रहे थे-और मारो, और मारो। बलदेव विधानसभा के भाजपा विधायक पूरन प्रकाश ने राधा-कृष्ण बने कलाकारों संग डांस किया। इससे पहले, नंदभवन से दोपहर 12.30 बजे भगवान श्रीकृष्ण का डोला निकला। इस पर कन्हैया और बलराम के बाल स्वरूप सवार थे। लोग रंग-गुलाल उड़ाते हुए डोले के आगे-पीछे चलते दिखे। रास्ते में जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया गया। फूल, रंग और अबीर बरसाए गए। चौराहों पर बड़े-बड़े स्टेज तैयार किए गए। उन पर महिलाएं सज-धजकर डांस करते दिखीं।



### कुंज गलियों में गूंजे होली के गीत

नंदगांव की कुंज गलियों में होली के गीत और 'जय राधे, जय कृष्णा' के भजन गूंजते रहे। इससे पहले, नंदगांव में गुरुवार (26 फरवरी) को लट्ठमार होली खेली गई थी। सजी-धजी राधारानी की सखियों ने बरसाना से आए हुरियारों पर लट्ठ बरसाए थे। बुधवार को बरसाना में लट्ठमार होली खेली गई थी। तब नंदगांव से गए श्रीकृष्ण के सखाओं पर बरसाना की सखियों ने जमकर लाठी बरसाईं थीं। मथुरा, वृंदावन, बरसाना, नंदगांव में लट्ठमार होली होती है लेकिन गोकुल में छड़ीमार होली का प्रचलन सदियों पुराना है। मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण और बलराम ने यहां बाल लीलाएं की थीं।




समृद्ध किसान
समृद्ध प्रदेश
किसान
कल्याण वर्ष 2026
लोक संस्कृति का सम्मान
विकास का अभिनव अभियान
कृषि कैबिनेट
अध्यक्षता
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
2 मार्च, 2026 I पूर्वाह्न 11:30 बजे I नागलवाड़ी, बड़वानी
वर्ष 2026 को हम किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रहे हैं। हमारा ध्येय कृषि को औद्योगिक गतिविधियों से जोड़कर किसानों की आय में स्थायी वृद्धि करना और कृषि को पारंपरिक उत्पादन से आगे ले जाकर अन्नदाता की समृद्धि सुनिश्चित करना है।
- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
D-11215/25
अन्नदाता के साथ, प्रदेश का विकास
उड़द प्रोत्साहन योजना 2026
उड़द किसानों को मिलेगा एमएसपी के अतिरिक्त ₹600 प्रति क्विंटल बोनस का सीधा लाभ।
लगभग 3 लाख हेक्टेयर संभावित बोनी क्षेत्र से बढ़ेगा उत्पादन एवं किसानों की आय।
भावांतर योजना- सरसों 2026
सरसों उत्पादन में वृद्धि को देखते हुए 15.71 लाख मीट्रिक टन उत्पादन का अनुमान।
फसल की सही कीमत सुनिश्चित करने हेतु भावांतर योजना में शामिल करने का प्रस्ताव केन्द्र को प्रेषित।
राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा पोषण मिशन
आगामी 5 वर्षों तक निरंतरता के साथ धान, गेहूं, दलहन, मोटा अनाज एवं नगदी फसलों का विस्तार।
₹3285.49 करोड़ की स्वीकृति से खाद्य सुरक्षा और किसानों की आय वृद्धि।
प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई परियोजना
पर ड्रॉप मोर क्रॉप परियोजना की 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक निरंतरता स्वीकृत करते हुए ₹ 2393.97 करोड़ के प्रावधान से सूक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा, जल संरक्षण एवं उत्पादन क्षमता में वृद्धि।
प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना
कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के समग्र विकास हेतु 2031 तक निरंतरता के लिए ₹2008.68 करोड़ की स्वीकृति से कृषि अधोसंरचना और नवाचार को बल।
राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन
प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने हेतु आगामी 5 वर्षों के लिए ₹ 1101 करोड़ के निवेश से टिकाऊ खेती और लागत में कमी की दिशा में महत्वपूर्ण कदम।
राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन
मिशन को गति देने 5 वर्ष की निरंतरता के लिए ₹1793.87 करोड़ की स्वीकृति से आत्मनिर्भर भारत की दिशा में खाद्य तेल उत्पादन में वृद्धि को मिलेगा बल।
चना, मसूर एवं तुअर का उपार्जन
दलहन किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ सुनिश्चित करने की पहल, प्रस्ताव केन्द्र को प्रेषित।
मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी
होली पर्व की हार्दिक मंगलकामनाएं
डॉ. मोहन यादव का
अभ्युदय
मध्यप्रदेश
आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2026

## नगर में आज

**'होलिकोत्सव'**
- स्थान: हिंदी भवन
- समय: शाम 5:0

**अलंकरण समारोह**
ते ब्लॉग की प्रस्तुति
- स्थान : जनजाति संग्रहालय
- समय: शाम 6.30 बजे

**सोलो सागा 4.0**
असमंजस बाबू की आत्मकथा
- स्थान : संस्कार भारती हाल
- शाम : 6:30 बजे से

**माह का प्रादर्श**
- स्थान: इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, श्यामला हिल्स।
- समय: शाम 12:00 बजे।

# एमपीपीएससी: परीक्षार्थियों को बांटी दूसरे विषयों की बुकलेट, मची अफरा-तफरी

## दूसरी बुकलेट मिली, तो उसमें कई प्रश्नों के जवाबों के सामने लगे थे टिक, भरे थे रोल नंबर

### कमला नेहरू सेकंडरी स्कूल में हुई गड़बड़ी, मंगाई रिपोर्ट

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मप्र लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) की रविवार को सेट-2025 (राज्य पात्रता परीक्षा) में गड़बड़ी सामने आयी है। राजधानी के कमला नेहरू हायर सेकंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को दूसरे विषयों की बुकलेट आवंटित कर दी गई। परीक्षा का आधा घंटा बीतने के बाद परीक्षार्थियों ने बताया कि उन्हें गलत विषय की बुकलेट हल करने दी गई है। जब परीक्षा हाल में मौजूद वीक्षकों ने बुकलेट का मुआयना किया तो स्थिति सामने आयी। परीक्षार्थियों से वापस लेकर उन्हें सही विषयों की बुकलेट दी गईं। जब परीक्षार्थियों को अपने विषय की बुकलेट मिली, तो उसमें कई प्रश्नों के जवाबों में सामने टिक लगे थे, तो कई परीक्षार्थियों के रोल नंबर बुकलेट में दर्ज हो चुके थे। इसे लेकर भी आपत्ति दर्ज कराई गई है। वहीं बुकलेट में रफवर्क तक कर दिया गया था। इससे पेपर में नकल होने की संभावनाएं ज्यादा बन गई हैं। पूरे घटनाक्रम में परीक्षार्थियों का आधा घंटा खराब हुआ। इसलिए एमपीपीएससी ने सभी को आधा घंटे का अतिरिक्त समय दिया था। परीक्षा में गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। पर्यवेक्षक घटनाक्रम की रिपोर्ट तैयार कर एमपीपीएससी को भेजेंगे। इसके बाद संबंधित दोषियों पर कार्रवाई तय हो सकेगी।



### बुकलेट में इस तरह हुई गड़बड़ी

एमपीपीएससी 31 विषयों में परीक्षा करा रहा है। परीक्षा में प्रश्नों को हल करने के लिए हर विद्यार्थी को बुकलेट दी गई थी। यह दो भागों में थी। पहले भाग के प्रश्न सभी के लिए कॉमन थे। दूसरा भाग परीक्षार्थी के विषय से संबंधित था। उम्मीदवार प्रथम भाग हल कर दूसरे भाग पर पहुंचे, तो उन्हें समझ आया कि हल करने के लिए गलत विषय की बुकलेट दी गई है। शिकायत करने पर बुकलेट बदली गई। जब तक परीक्षार्थी बुकलेट पर रोल नंबर और प्रश्नों के जवाबों पर मार्क कर चुके थे। वीक्षकों ने अफरा तफरी में बुकलेट में दर्ज रोल नंबर और मार्क को हटाए बिना ही दूसरे परीक्षार्थियों में आवंटित कर दी।

### उज्जैन में स्मार्ट वॉच से नकल, बने 6 प्रकरण

उज्जैन में एमपीपीएससी ने परीक्षा केंद्र बनाए थे। यहां के एक परीक्षा केंद्र पर करीब आधा दर्जन परीक्षार्थी स्मार्ट वॉच से नकल करते हुए पकड़े गए हैं। उनके खिलाफ यूएफएम प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। अब एमपीपीएससी उनके खिलाफ दर्ज हुए प्रकरण और प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करेगा।

### 71 फीसदी रही उपस्थिति

परीक्षा के लिए एमपीपीएससी ने प्रदेश के 12 संभागीय मुख्यालयों पर परीक्षा केंद्र बनाए थे। भोपाल में छह समेत प्रदेशभर में 390 परीक्षा केंद्र बनाए गए। एक लाख 46 हजार परीक्षर्थियों में से 71 फीसदी परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए केंद्रों तक पहुंचे। यह परीक्षा असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती परीक्षा में शामिल होने की पात्रता देगा।

### उक्त विषयों में भर्ती के लिए कराई गई परीक्षा

एमपीपीएसी ने भूगोल, संगीत, योग, हिंदी, प्रदर्शन कला, इतिहास, दर्शनशास्त्र, रासायनिक विज्ञान, होम साइंस, भौतिक विज्ञान, वाणिज्य, शारीरिक शिक्षा, राजनीति विज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान और अनुप्रयोग, कानून, मनोविज्ञान, अपराध विज्ञान, पुस्तकालय और सूचना विज्ञान, संस्कृत, रक्षा और सामरिक अध्ययन, जीवन विज्ञान, पारंपरिक अर्थशास्त्र, प्रबंधन, अंग्रेजी, मराठी, उर्दू, पृथ्वी वायुमंडलीय महासागर और ग्रह विज्ञान, गणितीय विज्ञान, दृश्य कला में असिस्टेंट प्रोफेसरों की भर्ती करना है। इसलिए सेट में उक्त विषयों की परीक्षा कराई गई है।

> भोपाल के कमला नेहरू हायर सेकंडरी स्कूल में बुकलेट का गलत आवंटित होने की सूचना मिली है। इसलिए परीक्षार्थियों को प्रश्नों को हल करने के लिए आधा घंटे का अतिरिक्त समय दिया गया।
> ■ **आर पंचभाई,** ओएसडी एमपीपीएससी

खामेनेई की मौत पर शिया समुदाय में शोक की लहर

# राजधानी में लगे अमेरिका इजराइल मुर्दाबाद के नारे



**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** ईरान के सुप्रीम लीडर की मौत पर भोपाल के शिया समुदाय में शोक की लहर व्याप्त है। इसके चलते रविवार को करोंद स्थित शिया मस्जिद में जोहर की नमाज के बाद श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए इमाम बाकर हुसैन ने कहा- पूरी दुनिया उस शख्सियत को जानती है, जिसने जुल्म के खिलाफ आवाज उठाई और मजलूमों का साथ दिया। खामेनेई ने अपने जीवन में अत्याचार का विरोध किया और इस्लामी इंकलाब के सिद्धांतों को आगे बढ़ाया। इस बीच अमेरिका-इजराइल मुर्दाबाद, खामेनेई जिंदाबाद के नारे लगे। इमाम हुसैन की मौत का जिक्र करते हुए इमाम बाकर ने कहा कि इतिहास गवाह है कि किसी विचारधारा या आंदोलन को किसी एक व्यक्ति के जाने से समाप्त नहीं किया जा सकता। इंकलाब की राह आगे भी जारी रहेगी और उसे आगे बढ़ाने वाले लोग मौजूद रहेंगे।

### शहादत किसी भी विचारधारा को कमजोर नहीं करती

मजलिस को संबोधित करते हुए इमाम बाकर ने कहा कि दुश्मन अक्सर सामने से नहीं, बल्कि पीछे से वार करता है। उन्होंने कहा कि अयातुल्ला खामेनेई की शहादत से उम्मत-ए-मुसलमान खुद को यतीम महसूस कर रही है। शहादत किसी भी विचारधारा को कमजोर नहीं करती, बल्कि उसे और मजबूत बनाती है। इमाम हुसैन ने लोगों से एकजुट रहने और सब्र बनाए रखने की अपील भी की है। मस्जिद मोहम्मदी के इमाम जुमा सैयद अजहर हुसैन रिजवी ने अयातुल्ला अली खामेनेई को उम्मत-ए-मुसलमान का निडर रहबर बताते हुए कहा कि वे हमेशा जालिम के खिलाफ और मजलूम के समर्थन में खड़े रहे। उन्होंने कहा कि खामेनेई ने कभी फिरके या मिल्लत के आधार पर भेदभाव नहीं किया, बल्कि जहां भी अत्याचार हुआ, उसके खिलाफ आवाज उठाई।

## संक्षिप्त खबरें

### इग्नू में अब 10 मार्च तक जमा होंगे प्रवेश फार्म

**भोपाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विवि (इग्नू) द्वारा जनवरी सत्र 2026 के लिए विभिन्न विषयों में प्रवेश लेने 10 दिनों की बढ़ोतरी कर दी है। अब विद्यार्थी 10 मार्च तक इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध समर्थ एडमिशन पोर्टल से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। द्वितीय वर्ष सेमेस्टर में पुनः प्रवेश के लिए विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। इग्नू के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. उमेश चंद्र पांडेय बताया कि जनवरी सत्र 2026 में इग्नू द्वारा परास्नातक, स्नातक, डिप्लोमा तथा छह माह के प्रमाणपत्र सहित 330 से अधिक शैक्षणिक कार्यक्रमों में प्रवेश प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यूजीसी द्वारा जारी ड्यूल डिग्री दिशा-निर्देशों के तहत विद्यार्थी पारंपरिक शिक्षा के साथ दूरस्थ अथवा ऑनलाइन माध्यम से दूसरी डिग्री भी प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. पाण्डेय ने बताया कि इग्नू के कोर्स सभी आयु वर्ग के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी होने के कारण अधिकाधिक उपयोगी है।

### बोलेरो की टक्कर से स्कूटी सवार गार्ड की हुई मौत

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** कटारा हिल्स इलाके में तेज रफ्तार बोलेरो ने स्कूटी सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई। घटना के वक्त युवक नौकरी पर जा रहा था। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। इधर, घटना के बाद चालक गाड़ी छोड़कर मौके से भाग निकला। पुलिस ने वाहन को जब्त कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, 22 वर्षीय नीतेश राजपूत पिता अजब सिंह राजपूत गौरीशंकर परिसर में रहता था। वह सेज कालेज में सिक्यूरिटी गार्ड की नौकरी करता था। शनिवार रात आठ बजे से नीतेश की ड्यूटी थी। वह स्कूटी पर सवार होकर कालेज जा रहा था। वह अभी कालेज के सामने पहुंचा था, तभी बोलेरो ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में नीतेश गंभीर रूप से घायल हो गया। डायल-112 की मदद से उसे पास स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां कुछ देर चले इलाज के दौरान रात साढ़े दस बजे उसकी मौत हो गई।

### खजूरी में पदस्थ एसआई की हार्ट अटैक से मौत

**भोपाल।** खजूरी सड़क थाने में पदस्थ एसआई संतराम खन्ना (56) पिता भैरव प्रसाद की शनिवार रात हार्ट अटैक से मौत हो गई। ड्यूटी से घर लौटते समय उन्हें सीने में दर्द हुआ था। सोमवार को पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। कमला नगर पुलिस के मुताबिक, संतराम खन्ना पुलिस विभाग में एसआई के पद पर कार्यरत थे। वह नेहरू नगर स्थित पुलिस लाइन में परिवार के साथ रहते थे। इन दिनों खजूरी सड़क थाने में पदस्थ थे। शनिवार रात को ड्यूटी खत्म कर वह बाइक से घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में सीने में दर्द हुआ। घर आने के बाद वह जेपी अस्पताल पहुंचे। यहां पर रात करीब पौने ग्यारह बजे उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई।



### होलिका दहन की तैयारी...

राजधानी में होली की तैयारियां जोरदार तरीके से चल रही हैं। होलिका दहन दो मार्च को होगा। इसके लिए होलिका माता को कलाकार अंतिम रूप दे रहे हैं। परंपरा के अनुसार धुलेंडी और चल समारोह 4 मार्च को ही आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि शास्त्रीय नियमों का पूर्ण पालन हो सके। शास्त्र सम्मत निर्णय के अनुसार 2 मार्च को होलिका दहन और 4 मार्च को होली उत्सव मनाया जाए, यही सभी के लिए उचित और मंगलकारी रहेगा। छाया: एचसी वर्मा

**दुष्कर्म मामला:** रिमांड खत्म होने पर आरोपी अमरीन और चंदन को भेजा जेल

# अहमदाबाद में अमरीन ने 20 हजार रुपए में लिया था किराए का फ्लैट, नशीली दवा जब्त

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** बागसेवनिया इलाके में दुष्कर्म और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने के मामले में रिमांड पर चल रहे आरोपी चंदन यादव और अमरीन को पुलिस ने जेल भेज दिया है। रविवार को रिमांड अवधि खत्म होने पर दोनों जिला अदालत में पेश किया गया था। पुलिस अब मामले में अन्य आरोपी बिलाल, चानू व यासिर की तलाश में जुटी है। अहमदाबाद गई पुलिस की टीम वापस लौट आई है। जांच में खुलासा हुआ है कि अमरीन ने अहमदाबाद में जुआपुरा थाना बेगलपुर में 20 हजार रुपए प्रति माह से फ्लैट किराए पर लिया था। इस फ्लैट में अमरीन खुद रुकती थी। यहीं पर उसने पीड़िता को ठहराया था। अभी इस फ्लैट में कुछ युवतियां रहती हैं, जोकि स्पा सेंटरों में काम करती हैं। पुलिस ने यहां से नशीली दवा, कंडोम, धर्म से संबंधित कुछ किताबें व बुर्का



जब्त किया है। पीड़िता को बुर्का पहनाकर अमरीन अपने साथ ले गई थी। इसके अलावा पुलिस ने यासिर की संपत्ति से जुड़े दस्तावेज नगर निगम से हासिल किए हैं। जो मामले की जांच में अहम भूमिका निभाएंगे। हम बता दें कि मामले में छठी आरोपी आफरीन पहले से जेल में है। जोकि अमरीन का बहन है। काम के नाम पर हिंदू युवतियों का शोषण अपने भाइयों से करवाने वाली आरोपी बहनें अमरीन और आफरीन पर ड्रग्स तस्करी का आरोप भी लगा है। पीड़िताओं ने पुलिस को बताया कि बहनें जरूरतमंद महिलाओं को तलाशती थीं। मजबूरी का फायदा उठाकर शोषण करवाती थीं। वह ड्रग्स की तस्करी भी करवाती थीं। दोनों पीड़िताओं का इस्तेमाल पर आरोपियों ने दुष्कर्म किया। एक को देह व्यापार में धकेला। वह अन्य युवकों से दोस्ती करने का दबाव डालती थीं। छोटे कपड़े पहनाकर पब व लाउंज में ले जाती थीं। पुलिस ने आरोपी बहनें अमरीन व आफरीन के मोबाइल को डेटा रिकवर करने के लिए सायबर क्राइम भेजा है। जहां से जानकारी आने पर अन्य खुलासे हो सकते हैं। इधर, आरोपी यासिर की तलाश में अहमदाबाद गई टीम को वह नहीं मिला। पुलिस ने उसके गायकवाड़ थाना इलाके में स्थित पिपली में दबिश दी थी। टीम ने आरोपी यासिर की संपत्ति का ब्यौरा जुटाया है। पुलिस का कहना है कि सोशल मीडिया पर आरोपियों के खिलाफ खबर प्रकाशित होने के बाद यासिर फरार हो गया।

# दूध व मिठाई की दुकानों पर की गई सख्ती, मौके पर ही की जा रही जांच

## मिलावट की आशंका के चलते की जा रही जब्ती की कार्रवाई

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** होली के पहले खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने शहर में मिलावटखोरों के खिलाफ बड़ा अभियान शुरू किया है। शहर की सभी बड़ी दूध डेयरी, मावा और मिठाई की दुकानों के साथ किसानों की डेयरियों पर भी दूध के सैंपल लिए जा रहे हैं। खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीमें लगातार शहर के विभिन्न इलाकों में दुकानों की स्वच्छता की जांच कर रही हैं। इसके अलावा फूड लाइसेंस सहित अन्य दस्तावेजों की भी जांच की जा रही है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि रविवार को कार्यवाही के दौरान मंगलवारा स्थित आनंद मावा भंडार, राजश्री मावा, महेंद्र मावा,



महाकाल मावा भंडार, भोपाल डेयरी और नादरा बस स्टैंड स्थित न्यू कृष्णा डेयरी से पनीर, दही ,मावा और घी के नमूने इकट्ठा कर जांच के लिए भेजे गए। अमले ने छप्पन भोग मिठाई के कारखाने से मावा और पनीर, रिफाइंड सोयाबीन तेल (पैक और लूज), कलश ट्रेडर्स से लूज छुवारे के नमूने लिए गए।

# 375 विद्यार्थियों की परीक्षा लेकर 60 को स्कालरशिप देगा मैपकास्ट

## इसरो समेत पांच राष्ट्रीय स्तर के विज्ञान संस्थानों और प्रयोगशालाओं का कराया जाएगा भ्रमण

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मैपकास्ट) विज्ञान मंथन यात्रा में 10वीं, 11वीं और 12वीं के छात्रों को शामिल करेगा। हर कक्षा से 125-125 विद्यार्थियों को मंथन यात्रा के लिए चयनित किया गया है। सूबे के 375 स्कूली विद्यार्थियों को इसरो, आईआईटी चेन्नई और हरिकोटा के राष्ट्रीय स्तर के पांच विज्ञान संस्थानों और प्रयोगशालाओं का निरीक्षण कराया जाएगा। विज्ञान यात्रा में शामिल विद्यार्थियों की वापसी के बाद परीक्षा होगी। इसमें टॉप 60 विद्यार्थियों को पांच साल तक साइंस स्टीम पढ़ने पर स्कालरशिप दी जाएगी। विज्ञान यात्रा में शामिल होने मैपकास्ट को एक हजार 556 विद्यार्थियों ने आवेदन किए हैं। उनकी स्क्रूटनी कर मैपकास्ट ने 375 विद्यार्थियों को इंडियन इंस्टीट्यूट आफ साइंस, विश्वरैया इंडस्ट्रीयल एंड टेक्नोलोजिकल म्यूजियम और इसरो बैंगलुरु, बीएम बिडला प्लेनेटोरियम और आईआईटी चेन्नई का भ्रमण कराया जाएगा। विद्यार्थी वहां कार्यरत वैज्ञानिकों और अधिकारियों से वैज्ञानिक संबंधी जानकारी दी जाएगी। इससे वे भविष्य में अपनी कई समस्याओं का निराकरण कर विज्ञान के क्षेत्र में कार्य कर पाएंगे। 8वीं और 9वीं के विद्यार्थियों के लिए सिर्फ वर्चुअल विजट कराई जाएगी। पूर्व में 8वीं और 9वीं के विद्यार्थियों को फिजिकली मंथन यात्रा में शामिल किया जाता था। उनकी उम्र कम होने के कारण यात्रा में परेशानी आ सकती है। इसलिए मैपकास्ट ने 10वीं, 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को फिजिकली शामिल करने का निर्णय लिया है। उक्त विद्यार्थियों को 21 अप्रैल को एकत्रित कर बैंगलुरु के लिए रवाना होंगे। 22 को बैंगलुरु पहुचने के बाद 23 को सभी विद्यार्थियों को इसरो का भ्रमण कराया जाएगा।

### 27 अप्रैल को होगी परीक्षा

भ्रमण से वापस आए उक्त विद्यार्थियों की 27 अप्रैल को आईईएस कालेज में लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसमें भ्रमण से संबंधित प्रश्नों के जवाब विद्यार्थियों को देना होगा। इसमें पास होने वाले कर टॉप 60 विद्यार्थियों को आगामी पांच साल तक साइंस स्टीम में अपनी पढाई पूरी करने के लिए स्कालरशिप दी जाएगी। विद्यार्थी 11 कक्षा में कला एवं वाणिज्य संकाय का चयन करते हैं, तो उन्हें स्कालरशिप नहीं दी जाएगी।

> विद्यार्थियों को विज्ञान मंथन यात्रा करने के लिए आवेदनों की स्क्रूटनी करा ली गई है। अप्रैल में परीक्षा कराने के बाद चयनित विद्यार्थियों को पांच साल तक साइंस स्टीम में पढ़ने स्कालरशिप दी जाएगी।
> ■ **डॉ. अनिल कोठारी,** महानिदेशक मैपकास्ट

**सीमांकन** बड़े तालाब की सीमा तय करने निगम ने 16 साल पहले बनाई रिटेनिंग वॉल, इसी से बढ़ा अतिक्रमण

# खुल गई अवैध डेयरी, बिना अनुमति बन रही थी फैक्ट्री

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** भोपाल के बड़े तालाब की हद तय करने के लिए साल 2010 में नगर निगम ने रिटेनिंग वॉल बनाई थी। तब नगर निगम के द्वारा तर्क दिया गया था कि रिटेनिंग वॉल बनने से तालाब की हद तय हो जाएगी। इससे भविष्य में अतिक्रमण रुकेगा और तालाब में प्रदूषण भी नहीं होगा, लेकिन इसके विपरीत 16 साल में इसी रिटेनिंग वॉल के कारण तालाब के आसपास अतिक्रमण बढ़ गया और मानवीय गतिविधियां बढ़ने से बड़े तालाब के अंदर बड़े पैमाने पर प्रदूषण भी हो रहा है। दैनिक जागरण ने जब हकीकत जानने के लिए इस रिटेनिंग वॉल का दौरा किया तो सामने आया कि इसके कारण तालाब में न केवल सीवेज जा रहा है, बल्कि रिटेनिंग वॉल पर ही बड़े पैमाने पर सिंगल यूज प्लास्टिक फेंका जा रहा है और अन्य कचरे को फेंककर जलाया भी जा रहा है। जिसके बाद यह कचरा तालाब में मिलने का खतरा भी पैदा हो रहा है। साथ ही रिटेनिंग वॉल पर ही भैंस व गौ पालन भी चल रहा है, जिनका गोबर और मूत्र भी सीधे तालाब में मिल रहा है। यह डेयरी तालाब से मात्र 10 से 20 मीटर की दूरी पर संचालित की जा रही है। इतना ही नहीं इन जानवरों को चरने के लिए तालाब में ही छोड़ा जाता है। जहां अतिक्रमण कर मैदान जैसी जगह विकसित की गई है। भैंसे चरने के बाद तालाब में ही नहाती है और शाम को रिटेनिंग वॉल पर लौट आती हैं। शुक्रवार को जब प्रशासन ने यहां का दौरा किया तो जमीनी हकीकत देखकर अधिकारी हैरान रह गए। इस दौरान खानूगांव क्षेत्र में नगर निगम द्वारा विकसित किए गए चैंबरों से सीवेज सीधे तालाब में मिलते हुए भी दिखा।



> कर्बला व खानूगांव क्षेत्र में सीमांकन कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जल्दी ही आगे की कार्रवाई शुरू की जाएगी।
> ■ **रविशंकर राय,** एसडीएम बैरागढ़

### इस तरह प्रदूषित हो रहा तालाब

1. **चैंबरों से तालाब में मिल रहा सीवेज :** खानूगांव के तालाब के बिल्कुल नजदीक होने के कारण मानवीय अपशिष्ट तालाब में सीधे मिलने का खतरा था, जिसके चलते अपशिष्ट को तालाब में मिलने से रोकने के लिए कुछ वर्ष पूर्व नगर निगम द्वारा रिटेनिंग वॉल पर ही सीवेज लाइन बिछाई गई थी, लेकिन वर्तमान में यह सीवेज लाइन चौक हो गई है और सीवेज रिसकर सीधे तालाब में मिल रहा है।
2. **पाली जा रहीं दो दर्जन भैंसे :** रिटेनिंग वॉल पर एक डेयरी संचालक द्वारा खुले में दो दर्जन भैंसे पाली जा रही हैं। संचालक को जैसे ही प्रशासन के निरीक्षण की बात पता लगी तो सभी भैंसों को खोल दिया गया, जिसके बाद वे रिटेनिंग वॉल से उतरकर तालाब की ओर चली गईं। बाद में भैंसे तालाब में नहाते हुए दिखीं। इस दौरान कुछ पशु तालाब के अंदर बने मैदान नुमा इलाके में घास चरते हुए भी दिखाई दिए।
3. **रिटेनिंग वॉल पर जल रहा कचरा :** इसके अलावा तालाब के ठीक पास भारी मात्रा में जानवरों के अपशिष्ट और सिंगल यूज प्लास्टिक पड़ा हुआ मिला। कुछ जगहों पर कचरे में आग भी लगाई गई थी। तेज बारिश के दौरान यह कचरा सीधे तालाब में मिलने का खतरा है।
4. **बनाई जा रही फैक्ट्री :** तालाब के पास नियम विरुद्ध कैचमेंट की जगह घेरकर एक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट भी तैयार की गई है। संभवतः प्रशासन का बुलडोजर सबसे पहले इसी फैक्ट्री को जमींदोज करेगा। शुक्रवार को निरीक्षण के दौरान नायाब तहसीलदार केके पंडोले ने निर्माणाधीन परिसर का काम रोकने के निर्देश जारी किए थे। मौके पर अमले से कहा था कि यदि इसके बाद भी निर्माण होते हुए मिला, तो सामान को जब्त कर लिया जाएगा।

एफ़एसआईबी FSIB

**वित्तीय सेवा संस्था ब्यूरो**
भारत सरकार की एक स्वायत्त संस्था
निम्नलिखित पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है

**इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड में उप प्रबंध निदेशक**

आयु, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव/सेवा आवश्यकता और अन्य नियमों एवं शर्तों के विवरण के लिए, कृपया https://fsib.org.in/ पर "Vacancies & Recommendations" टैब के तहत विज्ञापन देखें।

**आवेदन कैसे करें:** इच्छुक उम्मीदवार https://fsib.org.in/ पर "Vacancies & Recommendations" टैब के तहत उपलब्ध लिंक के माध्यम से **ऑनलाइन** आवेदन कर सकते हैं या सीधे https://www.research.net/r/dmdiifcl2026 पर जा करके आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन की अंतिम तिथि: 23 मार्च, 2026 शाम 5:00 बजे तक**

नोट: शुद्धिपत्र सहित अतिरिक्त विवरण, यदि कोई हो, केवल ब्यूरो की वेबसाइट पर प्रकाशित किये जाएंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### भोज विवि 15 तक देगा यूजी-पीजी कोर्स में प्रवेश

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मप्र भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय ने जनवरी 2026 सत्र में प्रवेश देने के लिए नोटिफिकेशन में संशोधन जारी कर दिया है। प्रवेश की अंतिम तिथि को 15 दिनों की बढ़ोतरी की गई है। भोज विवि ने प्रवेश की अंतिम तिथि 28 फरवरी रखी थी। अब तक यूजी और पीजी में करीब तीन हजार 900 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिए थे। प्रवेश संख्या को देखते हुए भोज विवि ने जनवरी सत्र की प्रवेश प्रक्रिया को 15 दिन बढ़ाते हुए अंतिम तिथि को 15 मार्च तक बढ़ा दिया है। भोज विवि को यूजीसी-डीईबी से यूजी, पीजी और पीजी डिप्लोमा स्तर के करीब 45 कोर्सों की मान्यता मिली है। जनवरी सत्र में काफी संख्या में विद्यार्थी प्रवेश लेते हैं। अभी प्रवेश की संख्या बहुत कम है। भोज विवि में प्रवेश लेने के लिए विद्यार्थियों को एबीसी आईडी की तरह एक यूनिक आईडी बनानी होगी। इसे डीईबी आईडी कहते हैं।

### भगोरिया उत्सव में शामिल हुए सिंघार

**विंस, भोपाल।** नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा है कि भगोरिया उत्सव हमरी पहचान और हमारे अस्तित्व की याद दिलाता है। यह पर्व आदिवासियों की समृद्ध संस्कृति भी पहचान है। सिंघार रविवार को गंधवानी में आयोजित भगोरिया महोत्सव में शामिल हुए। इसी तरह प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी रविवार को झाबुआ प्रवास के दौरान भगोरिया उत्सव में भाग लिया। उनके साथ पूर्व केन्द्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया,आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विक्रात भूरिया,विधायक प्रताप ग्रेवाल भी मौजूद रहे। इस मौके पर पटवारी ने कहा कि आदिवासी संस्कृति,परंपराऔर उत्साह से सराबोर यह महापर्व हमारी समृद्ध विरासत की जीवंत पहचान है।

### खानूगांव में कल हटाया जा सकता है अतिक्रमण

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा के चलते रविवार को बड़ी झील और कलियासोत डैम के कैचमेंट एरिया में अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई नहीं हो सकी। तहसीलदार और राजस्व अमले की परीक्षा ड्यूटी होने के कारण प्रशासन की टीम मौके पर नहीं पहुंच सकी। हालांकि, भौंरी और कोलूखेड़ी में एफटीएल की नपती कर करीब 12 स्थानों पर लाल निशान लगाए गए। बैरागढ़ तहसीलदार हर्ष विक्रम सिंह के अनुसार सोमवार से खानूगांव, हलालपुर और भैंसाखेड़ी समेत अन्य क्षेत्रों में सीमांकन और अवैध निर्माण ढहाने की कार्रवाई होगी। प्रशासन का ध्यान 16 मार्च 2022 को वेटलैंड एक्ट लागू होने के हुए अवैध कब्जों को जमींदोज करने पर है।

# शहरी बनने का सपना देखने वाले ग्रामीण सुविधाओं से कोसों दूर

## 250 से अधिक ग्राम पंचायतों को नगर पंचायत परिषद तो बना दिया, लेकिन विकास के नहीं हुए काम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में 250 से अधिक ग्राम पंचायतों को नगर पंचायत परिषद तो बना दिया गया, लेकिन यहां अभी भी मूलभूत सुविधाएं वहां के वाशिंदों से कोसों दूर है। स्थिति यह है कि अब तक ऐसे दो सौ से ज्यादा नगर पंचायतों के लिए न तो सीवेज और कचरा प्रबंधन काम काम हुआ है और न वहां के विकास के लिए कोई कदम उठाए गए हैं। गौरतलब है कि पिछले कुछ वर्षो में मध्यप्रदेश की 273 ग्राम पंचायतों को अपग्रेड कर नगर पंचायत परिषद का दर्जा दिया गया है। लेकिन यहां पर अभी भी सुविधाएं जस की तस हैं। इनमें सबसे अहम गांव वे हैं, जिन्हें प्रदेश के नगर निगम क्षेत्र के दायरे में लाकर वहां सेमी-अर्बन एरिया के रूप में चिन्हित किया गया है। स्थिति यह है कि इन गांवों में प्रशासनिक बदलाव के बावजूद बुनियादी सुविधाओं का काफी अभाव है। ग्रामीण से शहरी ढांचा बनने की प्रक्रिया में इन क्षेत्रों में जल निष्कासी के साथ-साथ पक्की सड़कें, स्ट्रीट लाइट और शहरी नियोजन की कमी का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं पंचायतों के अधिकार खत्म होने और नगर परिषद के अधिकार पूरी तरह से लागू न होने से वहां के विकास के काम पूरी तरह से ठप्प पड़े हुए हैं। इसी तरह इस बदलाव से वहां के नागरिकों पर आर्थिक बोझ भी बढ़ा है। क्योंकि उनसे शहरी कर वसूल किया जा रहा है।




### दूर-दराज के गांवों का विकास धीमा

मध्यप्रदेश के ग्रामीण इलाकों में विशेषकर दूर दराज के क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे और रोजगार के अवसरों की गति अपेक्षाकृत काफी धीमी है। यहां पर सड़क,पानी,बिजली जैसी समस्याओं से स्थानीय वांशिदों को हर दिन संघर्ष करना पड़ता है। हालांकि मौजूदा सरकार कृषि भवन सह गार्डन के माध्यम से विकास को गति देने का दावा भी कर रही है। सरकार ऐतिहासिक स्थलों के आसपास पर्यटकों के लिए होम स्टे जैसी योजनाए क्रियान्वित कर रही है,जिससे स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार के अवसर भी मिल रहे है। लेकिन ऐसे गांवों की संख्या अपेक्षाकृत काफी कम है।

### मेट्रोपॉलिटिन एरिया के गांवों को मिलेगा लाभ

मध्यप्रदेश के भोपाल और इंदौर शहर को दूसरे जिलों को मिलाकर मेट्रोपॉलिटिन क्षेत्र के रूप में तब्दील किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के इस ड्रीम प्रोजेक्ट का लाभ उन इन क्षेत्रों में आने वाली ग्राम पंचायतों को मिलेगा, जिन्हें नगर परिषद बनाया जाएगा। हालांकि ये ग्राम पंचायतें आबादी की मापदंड के अनुरूप होगी, यानि कि इसका लाभ बड़ी ग्राम पंचायतों को ही मिलेगा। बताया गया है कि इन क्षेत्रों की बसाहट जहां व्यवस्थित ढंग से की जाएगी,तो वहीं यातायात,सार्वजनिक यातायात, वहां की पेयजल व्यवस्था, सीवेज व कचड़ा प्रबंधन, बिजली आपूर्ति और वहां के दूसरे विकास के लिए प्रयास किए जाएें। इस दिशा में सरकार ने अपने प्रयास भी शुरू कर दिए हैं।

### नियम बदले, लेकिन विकास नहीं हुआ

पहले प्रदेश में 10 हजार की आबादी वाली ग्राम पंचायतों को नगर पंचायत परिषद का दर्जा मिल जाता था। लेकिन लगभग एक दशक पहले इन नियमों में बदलाव करते हुए आबादी का मापदंड बढ़ा दिया। उसके बाद यदि किसी ग्राम पंचायत की आबादी 20 से 50 हजार के बीच होगी, तभी उन्हें नगर पंचायत में अपग्रेड किया जाएगा। इसके पीछे तत्कालीन सरकार की मंशा थी,कि शहरीकरण से गांवों को बचाया जाएगा और इसके लिए गांवों के समग्र विकास के लिए अलग से योजनाएं बनाई जाएगी। इससे उनका प्रशासनिक ढांचा भी बदल जाएगा। लेकिन जिन उद्देश्यों को लेकर तत्कालीन सरकार ने नियमों में बदलाव किया था, उसकी पूर्ति नहीं हो पा रही है। नगर पंचायत बनने की राह में खड़ी कई ग्राम पंचायतों में समस्याओं का अंबार है। मौजूदा सरकार ने इनमें से कुछ ग्राम पंचायतों को आदर्श बनाने की दिशा में काम किया है और उनके पंचायत भवन से लेकर सामुदायिक भवनों को आधुनिक सुविधाओं और तकनीक पूर्ण बनाने की दिशा में योजना के एवज में राशि भी उपलब्ध कराई है, लेकिन ऐसी पंचायतों को आसानी से गिना जा सकता है।

# प्रदेश में होली पर दो दिन रहेगी छुट्टी, आदेश जारी

## बड़वानी के नागलवाड़ी में कृषि कैबिनेट आज

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** इस वर्ष होली पर्व पर दो दिन का अवकाश रहेगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में रविवार को आदेश जारी कर दिया। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार राज्य शासन द्वारा होली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में 4 मार्च को भी निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट-1881 के अधीन सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा होली के पावन पर्व पर पूर्व में 3 मार्च को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जा चुका है। सोमवार को सरकारी दफ्तर खुलने के बाद मंगलवार और बुधवार को अवकाश रहेगा। ऐसे में यदि कोई अधिकारी कर्मचारी सोमवार को अवकाश पर रहता है,तो उन्हें लगातार



तीन दिन का अवकाश मिलेगा। कहा जा रहा है कि 4 मार्च का अवकाश होने की संभावनाओं को देखते हुए कई अधिकारी कर्मचारियों द्वारा पहले ही सोमवार 2 फरवरी का अवकाश लिया गया है। ऐसे में सोमवार को सरकारी दफ्तरों में उपस्थिति कम हो सकती है।

### कैबिनेट में होंगे कई अहम निर्णय, व्यस्त रहेंगे अफसर

सोमवार को बड़वानी जिले के जनजातीय बहुल ग्राम नागलवाड़ी कृषि कैबिनेट बुलाई गई है,जिसमें सरकार के वरिष्ठ अधिकारी इस बैठक में व्यस्त रहेंगे। जिससे मंत्रालय में कनिष्ठ अधिकारियों की ही मौजूदगी रहेगी। प्रदेश की पहली कृषि कैबिनेट में किसानों को लेकर कई अहम निर्णय लिए जाएंगे । मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान कल्याण वर्ष में किसानों के हित में लगातार कार्य किया जा रहा है। हमारा यह संकल्प है कि प्रदेश के अन्नदाताओं को आत्म-निर्भर बनाते हुए उनकी आय को दोगुना किया जाये। नागलवाड़ी से ही सरकार किसानों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लेगी। पूरा मंत्री-मंडल दिन भर वहां मौजूद रहकर कृषि केबिनेट बैठक में भाग लेगा,तो उनके द्वारा प्रबुद्धजन एवं किसानों के साथ संवाद किया जाएगा। मंत्री परिषद जनजातीय आस्था में विशेष महत्व रखने वाले 800 वर्ष पुराना प्राचीन भिलट देव मंदिर में दर्शन भी करेगा।मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं मंत्रि-परिषद के सदस्य जनजातीय समाज के जुलवानिया में आयोजित भगोरिया हाट की परम्परा में भी शामिल होंगे।

# आज से दो दिन शहर के अंदर भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक

## 4 मार्च को धुरेडीं का जुलूस दयानंद चौक से शुरू होगा

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** सोमवार और मंगलवार की रात्रि में होलिका दहन पर्व एवं 4 मार्च धुरेड़ी का पर्व मनाया जाना प्रस्तावित है। शहर के सभी मोहल्ले एवं कालोनियों में होलिका बनाकर पूजा अर्चना की जाएगी। इसके बाद होलिका दहन होगा। जनता की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शहर में किसी भी प्रकार के भारी वाहनों को नगरीय अंतरिक क्षेत्र में प्रवेश नही हो सकेगा। 4 मार्च यानी बुधवार को धुरेड़ी का जुलूस दयानंद चौक से प्रारंभ होगा। जोकि जुमेराती गेट, छोटा भैया कार्नर, घोडा नक्कास, कुन्दन नमकीन मार्ग, गणेश चौक मंगलवारा, जैन मंदिर रोड, इतवारा, इलेक्ट्रानिक मार्केट, चिंतामन चौक, पीपल चौक, लखेरापुरा, भवानी चौक, सिंधी मार्केट, पुराना पोस्ट आफिस होते हुए जनकपुरी पर समाप्त होगा। धुरेड़ी पर्व पर जुलूस के आयोजन के दौरान चल समारोह में पुराना शहर की यातायात डायवर्सन व्यवस्था सुबह 8 बजे से रहेगी।

### ये रहेंगे प्रतिबंधित मार्ग

लोक परिवहन/सभी प्रकार के अनुमति प्राप्त भारी वाहन व सवारी वाहन मोती मस्जिद चौराहे से बुधवारा चौराहे की ओर, तलैया तिराहा से बुधवारा की ओर, भारत टाकीज से इतवारा की ओर, चौकी इमामबाडा से जुमेराती की ओर, नादरा बस स्टैंड से घोडानक्कास की ओर, अल्पना तिराहे से नादरा बस स्टैंड की ओर, भोपाल टाकीज चौराहे से नादरा बस स्टैंड की ओर, काजी कैम्प से सिंधी कालोनी की ओर प्रतिबंधित रहेगी। उपरोक्त मार्ग पर आवागमन न होकर यातायात वीआईपी रोड से संचालित हो सकेंगे।

### ये हैं वैकल्पिक मार्ग

अल्पना तिराहा से समानातंर मार्ग होते हुए सपना लाज तिराहा, अग्रवाल धर्मशाला, सिंधी कालोनी से शाहजहांनाबाद बजरिया तिराहा, शर्मा कालोनी तिराहा से तीन मोहरा होकर आवागमन कर सकेंगे एवं तलैया से लिली टाकीज चौराहा होकर, इमामबाडा से पीरगेट, मोती मस्जिद, रेतघाट, कमला पार्क होकर आवागमन कर सकेंगे।

### बीयू दस से कराएगा यूजी की परीक्षाओं के फार्म जमा

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के अप्रैल के दूसरे सप्ताह में स्नातक के प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष की परीक्षाएं लेना शुरु करेगा। परीक्षा में करीब 90 हजार विद्यार्थी शामिल होंगे। विद्यार्थियों को परीक्षाओं में शामिल करने के लिए फार्म दस मार्च से खोल दिए जाएंगे। अप्रैल के प्रथम सप्ताह में परीक्षाओं का टाइम टेबिल जारी कर दिया जाएगा। बीयू को एकेडमिक कैलेंडर के मुताबिक मार्च में प्रथम वर्ष की परीक्षाएं करा लेना थी, लेकिन दस मार्च से परीक्षा फार्मा खोले जाएंगे। बीयू अप्रैल में ही परीक्षा दूसरे सप्ताह से शुरु हो सकेंगी। परीक्षा एक माह विलंब से शुरु होने की वजह ओएसडी तुलसीराम दहायत का लापरवाही पूर्ण रवैया है। वे समय रहते विद्यार्थियों का त्रुटिरहित नामांकन तैयार कर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय तक नहीं भेज पाए। क्योंकि बीयू को ओएसडी दहायत द्वारा भेजे गए नामांकन के डाटा को संशोधित करने में काफी समय लगा है। बीयू ने स्नातक के प्रथम वर्ष की वार्षिक परीक्षा में शामिल होने वाले स्वाध्यायी (प्राइवेट) विद्यार्थियों के नामांकन खोल दिए हैं।

# एलिफेंट कॉरिडोर में कोल ब्लॉक को दी गई खनन की अनुमति, एनजीटी ने मांगा जवाब

## नियम अनुसार कॉरिडोर की 10 किमी की परिधि में नहीं कर सकते खनन

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** सिंगरौली में अडानी कोयला ब्लॉक को खनन की अनुमति जारी करने पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की नई दिल्ली स्थित मुख्य पीठ ने केंद्र व राज्य सरकार सहित अडानी ग्रुप और नेशनल वाइल्ड लाइफ बोर्ड को नोटिस जारी करते हुए चार सप्ताह में जवाब मांगा है। एनजीटी चेयरपर्सन न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति अफरोज अहमद की युगल पीठ ने पर्यावरणविद् अजय दुबे की



याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि अडानी कोयला ब्लॉक को सिंगरौली के अत्यंत सघन वनों में 1500 हेक्टेयर भूमि कोयला माइनिंग हेतु आवंटित कर दी गई है। भूमि को आवंटित करते हुए तमाम नियमों का दरकिनार किया गया है और इसके बाद पर्यावरणीय अनुमति प्रदान की गई है। साथ ही जिस क्षेत्र में कोयला ब्लॉक आवंटित किया गया है, उस क्षेत्र में वन विभाग की साइट सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार एलिफेंट कॉरिडोर या हाथियों का गलियारा पड़ता है, जिसकी 10 किलोमीटर की परिधि में किसी भी प्रकार का खनन करने की अनुमति नहीं प्रदान की जा सकती। इसके बाद भी अडानी ग्रुप को नियमों को दरकिनार कर खनन करने की अनुमति दी जा रही है। सर्वविदित है कि अडानी ग्रुप को मई 2025 में कोयला ब्लॉक आवंटन के बाद खनन की अनुमति दी गई थी। बता दें कि जिस जगह पर खनन अनुमति जारी की गई है। वहां पहले ही मध्य प्रदेश हाईकोर्ट और नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के द्वारा पूर्व में दिए गए आदेशों के बाद भी आज तक एलिफेंट कॉरिडोर अधिसूचित नहीं किया गया है। इस पर भी संज्ञान लेते एनजीटी की मुख्य पीठ ने केंद्र व नेशनल वाइल्डलाइफ वोर्ड से जवाब मांगा है।

### समिति ने चेताया क्षेत्र में सघन वन न करें कटाई

साल 2022 में केंद्र सरकार ने सिंगरौली में अडानी ग्रुप की कंपनी महान कोल एनर्जी और स्ट्रेटाटेक मिनरल्स को 1500 हेक्टेयर वन भूमि कोयला खनन के लिए आवंटित की थी। आवंटन के बाद अडानी समूह द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए केंद्र व राज्य सरकार के समक्ष आवेदन दिया गया। जिसको लेकर गठित की गई एक उच्च स्तरीय समिति ने पूरे क्षेत्र का सर्वेक्षण करने के बाद अप्रैल 2024 में रिपोर्ट जारी करते हुए बताया कि इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार के कोयले के उत्खनन की अनुमति देना संभव नहीं लगता है, क्योंकि इस क्षेत्र में अत्यंत ही वृहद और समृद्ध वन क्षेत्र है, जिसके बीच से होकर एलिफेंट कॉरिडोर निकलता है। जहां हमेशा हाथियों की आवाजाही रहती है।

# प्रदेश भाजपा किसान मोर्चे की नई टीम घोषित, 29 कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश भाजपा ने संगठन नियुक्तियों को लेकर अपनी रफ्तार बढ़ा दी है। जिलों की टीमों की घोषणा के बाद अब प्रदेश किसान मोर्चे में पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। 29 सदस्यीय टीम में 8 प्रदेश उपाध्यक्ष और 3 महामंत्री बनाए गए है। इस टीम में कई ऐसे चेहरे है,जिन्हें पहली बार पार्टी ने दायित्व सौंपे है। संघ की पृष्ठभूमि वाले जयपाल सिंह चावड़ा किसान मोर्चे के प्रदेशाध्यक्ष है। जानकारी के अनुसार शंकरलाल पाटीदार,राजेन्द्र सिंह राजपूत.मेघ सिंह गुर्जर,नारायण पटेल,विवेक शर्मा,कल्पना मर्सकोले,राजेश पंवार,लोकपालसिंह लोधी को प्रदेश उपाध्यक्ष के पद का दायित्व दिया गया है। जबकि मनोज लदवे,कप्तान सिंह यादव और गोपाल कुर्मी पटले को प्रदेश महामंत्री बनाया गया है। संदीप रघुवंशी को किसान मोर्चे का कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इनके अलावा संदीप रघुवंशी,अर्जुन रघुवंशी ,सुमेर सिंह सोलंकी,राजममि बघेल, राजीव पटेल,हरिनारायण यादव,सीताराम रावत,बृजेन्द्र प्रताप सिंह,अशोक पांसे को कार्यकारणी सदस्य बनाया गया है।

### महिला मोर्चा, ओबीसी मोर्चा की टीम भी जल्द

जानकारों की माने तो प्रदेश नेतृत्व जल्द ही प्रदेश महिला मोर्चा ,ओबीसी मोर्चा ,अनुसूचित जाति मोर्चा व अनुसूचित जनजाति मोर्चे की प्रदेश टीम का भी एलान कर देगी। ऐसा माना जा रहा है कि होली के उपरांत इन मोर्चो की नई टीम का एलान हो जाएगा। जिसे लेकर पिछले एक पखवाड़े से प्रदेश भाजपा दफ्तर में कवायद की जा रही है।

# युद्ध के कारण दुबई में फंसे पूर्व विधायक शुक्ला, बोले-सरकार सुरक्षित निकाले

**विशेष संवाददाता,भोपाल।** इजराइल और ईरान युद्ध की वजह से दुबई में फंसे इंदौर के पूर्व विधायक संजय शुक्ला ने उन्हें एवं शहर के ही दूसरे लोगों को सुरक्षित निकालने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि दुबई में एक शादी में शामिल होने गए इंदौर के आधा दर्जन से ज्यादा लोग फ्लाइट्स कैंसिल होने की वजह से वहां फंस गए है। जानकारी के अनुसार पूर्व विधायक शुक्ला उनके पुत्र आकाश, पूर्व विधायक विशाल पटेल, प्रवीण कक्कड़, पिंटू छावड़ा, मनीष शाहरा, गोलू पटनी और संजय अग्रवाल के अलावा दूसरे अन्य लोग दुबई में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने वहां गए थे। ये सभी लोग एक होटल में रुके हुए है,तभी इजराइल-ईरान युद्ध की वजह से फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गई,जिससे ये सभी लोग इंदौर वापस नहीं लौट पा रहे है। इस संबंध में पूर्व विधायक शुक्ला ने एक वीडियों सोशल मीडिया में जारी किया है,जिसमें उन्हें ये कहते सुना गया है कि दुबई में ईरान की ओर से बम बरसाए जा रहे है। जिसकी वजह से फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गई और लोग सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रहे है। उन्होंने कहा कि उन्हें सुरक्षित स्वदेश पहुंचने के लिए सरकार तत्काल व्यवस्था करे। शुक्ला ने सोशल मीडिया में एक पोस्ट भी किया है,जिसमें उन्होंने लिखा है कि वे अपने पुत्र के साथ कुशल और सुरक्षित हैं। वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों की वजह से दुबई एयरपोर्ट अस्थायी रुप से बंद होने की वजह से हमारी भारत वापसी संभव नहीं हो सकी है।

### अमेरिका की गोद में बैठे हैं सुन्नी देश : खान

पूर्व अधिकारी नियाज खान ने कहा है कि अरब के सुन्नी मुस्लिम देश अमेरिका की गोद में बैठे हैं, इसलिए ईरान अरब देशों पर हमला कर रहा है, जबकि अरबों का इस्लाम से कोई लेना-देना नहीं है। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच छिड़े युद्ध को लेकर पूर्व आईएएस ने सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने लिखा कि जह अमेरिका ने इजराइल की मदद की और गाजा में लोगों को मारने में साथ दिया, तब कतर अमेरिका को विमान उपहार में दे रहा था। उन्होंने कहा कि उनके विचार से इन देशों में इस्लाम से कोई लेना -देना नहीं है।

# पद्म विलोचन शुक्ला को इंदौर से भेजा बड़वानी

**विशेष संवाददात, भोपाल।** राज्य सरकार ने रविवार को बड़वानी पुलिस अधीक्षक को बदल दिया है। यहां पद्म विलोचन शुक्ला को नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। शुक्ला वर्तमान में पुलिस अधीक्षक रेल इंदौर में पदस्थ थे। बड़वानी पुलिस अधीक्षक का पद एक माह से रिक्त था। उल्लेखनीय है कि यहां



पुलिस अधीक्षक रहे जगदीश डाबर 31 जनवरी 2026 को सेवानिवृत्त हुए थे,उसके बाद से फरवरी माह में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर के पास चार्ज था। रविवार को गृह विभाग ने आदेश जारी कर शुक्ला को नया पुलिस अधीक्षक बना दिया। उल्लेखनीय है कि 2 मार्च सोमवार को बड़वानी के नागलवाड़ी में डॉ.मोहन यादव सरकार की पहली कृषि कैबिनेट बुलाई है। ऐसे में बैठक में सीएम सहित सरकार के सभी मंत्री व वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### होली के बाद आएगी बड़ी सूची

होली पर्व के बाद कुछ और जिलों के पुलिस अधीक्षक बदले जा सकते हैं। सूची में इंदौर रेल एस पी के अलावा बड़े जिलों के पुलिस कप्तान, महानिरीक्षक और उपपुलिस अधीक्षकों को भी बदला जाना है। कई जिलों में ऐसे अधिकारी पुलिस अधीक्षक का दायित्व संभाल रहे हैं, जो डीआईजी के पद पर पदोन्नत हो चुके हैं। सरकार इन सभी अधिकारियों के स्थान पर नए आईपीएस को पुलिस कप्तान की जिम्मेदारी देगी।

**बैठक** — सीएम एकाएक पहुंचे पुलिस कमिश्नर कार्यालय, कानून व्यवस्था को लेकर अफसरों की ली बैठक

# सतर्कता, समन्वय और प्रभावी निगरानी के दिए निर्देश

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव रविवार रात करीब सवा आठ बजे पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचे। त्यौहारों के मद्देनजर उन्होंने कानून व्यवस्था को लेकर प्रदेशभर के अफसरों को अहम दिशा-निर्देश दिए। वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश के आईजी और एसपी जुड़े। सभी जिलों में सतर्कता, समन्वय और प्रभारी निगरानी के लिए निर्देश दिए। सीएम यहां पर करीब पौन घंटे रुके और कानून व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। सीएम ने दो टूक में कहा कि कानून व्यवस्था के मामले में किसी तरह का कोई कंप्रोमाइज ना करें। होली का



त्यौहार सभी अच्छे से मनाएं। मध्य प्रदेश शांति का टापू है। होली का त्यौहार भी सभी मिलकर अच्छे से मनाएं। मेरी ओर से होली की सभी को बधाई और शुमकामनाएं। सीएम ने कहा कि आगामी सभी त्यौहार को ध्यान में रखते हुए मैदानी अफसरों की बैठक ली है। मैदानी अफसर डटकर अपनी ड्यूटी करें। उन्होंने कहा कि मैं पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट हूं। पुलिस ने अच्छा काम करते हुए नक्सलवाद को खत्म किया है। आगे भी पुलिस अपनी ड्यूटी पूरी तन्मयता से निभाएगी। बैठक के दौरान एसीएस मुख्यमंत्री सचिवालय नीरज मंडलोई, डीजीपी कैलाश मकवाणा, एडीजी इंट एस साईं मनोहर, पुलिस कमिश्नर संजय कुमार सिंह, एडिशनल सीपी अवधेश गोस्वामी समेत अन्य अफसर मौजूद रहे।

### त्यौहार सामाजिक सद्भाव का प्रतीक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि त्यौहार सामाजिक सद्भाव का प्रतीक हैं। प्रदेश के सभी नागरिक आपसी सौहार्द और प्रेम पूर्वक त्यौहार मनाएं, इसके लिए मैदानी पुलिस अधिकारी और अमले को अतिरिक्त सजगता, सतर्कता और मुस्तैदी के साथ ड्यूटी निभानी होगी, ताकि कहीं भी, किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को आगामी सभी त्यौहारों से पहले प्रदेश में शांति और सुव्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पुलिस कमिश्नर ऑफिस, भोपाल से प्रदेश की कानून-व्यवस्था की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से विस्तृत समीक्षा की। इस मौके पर सीएम ने निर्देश दिए कि त्यौहारों के चलते विशेष निगरानी और ऐहतियात बरती जाए। पुलिस सूचना-तंत्र को और भी अधिक सक्रिय किया जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन पूरी मुस्तैदी से अपने कर्तव्यों का पालन करें, जिससे किसी भी नागरिक को असुविधा न हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्राधिकार में कानून-व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखें और इस संबंध में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें।

### कानून-व्यवस्था बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। नागरिक बिना किसी बाधा के अपने-अपने पर्व आनंदपूर्वक मनाएं। शासन-प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ उनकी सुरक्षा में तत्पर होकर तैनात है। डॉ. यादव ने कहा कि त्योहारों के समय बेहद सतर्क रहें। हर घटना-दुर्घटना पर बारीक नजर बनाएं रखें। जनता में सुरक्षा का विश्वास कायम करें। समाज के अच्छे और प्रभावशाली लोगों को शांति समिति में लेकर आए। उन्होंने कहा कि सभी एसपी अपने पुलिस कंट्रोल रूम और मॉनिटरिंग सिस्टम को और भी अधिक बेहतर बनाएं। हर हाल में सुव्यवस्था बनी रहे, यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने ने कहा कि आगामी दिनों में वे प्रदेश के पुलिस थानों और कार्यालयों का औचक निरीक्षण करेंगे। पुलिस थानों के कार्य-व्यवहार और पब्लिक फीडबैक के आधार पर उनकी ग्रेडिंग की जाएगी। मुख्यमंत्री ने पुलिस अधीक्षकों को अतिरिक्त सजगता और सतर्कता बरतने की हिदायत देते हुए कहा कि कानून- व्यवस्था के संबंध में जो भी कार्रवाई हो, वह पूरी तरह से पारदर्शी होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में परीक्षाएं चल रही हैं। इसलिए सभी परीक्षा केन्द्रों और हॉस्टल्स पर निगरानी रखें।

# टिकट रद्द करने पर पूर्ण धन वापसी की मिलेगी सुविधा

## युद्ध के कारण यात्रियों को हर मदद करेगा राजा भोज एयरपोर्ट

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** भले ही भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट से इरान, अमेरिका, इजराइल, दुबई, अबुधाबी या जिद्दा के लिए सीधी उड़ान न हो लेकिन भोपाल से बैंगलुरू, मुम्बई, अहमदाबाद एवं दिल्ली जाने वाले उड़ानों से उन शहरों से इन देशों के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट से भोपाल से ही सीधी बुकिंग सुविधा का लाभ लेता है, परन्तु दो दिन से पैदा हुई युद्ध की स्थिति को देखते हुए हर तरह की मदद करने का भरोसा दिलाया गया है। राजा भोज एयरपोर्ट की जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि हाल ही में ईरान से संबंधित अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के चलते अरब क्षेत्र के कुछ हवाई मार्गों पर प्रतिबंध आंशिक बंदी लागू की गई है। इसके परिणामस्वरूप दुबई, जेद्दा एवं अबू धाबी जैसे गंतव्यों के लिए उड़ानों के संचालन एवं रूटिंग में परिवर्तन किया गया है। भोपाल से इन गंतव्यों के लिए वर्तमान में कोई सीधी (डायरेक्ट) उड़ान संचालित नहीं है, तथापि भोपाल एयरपोर्ट से



अन्य महानगरों के माध्यम से यात्रा करने वाले यात्रियों पर प्रभाव पड़ सकता है। प्रतिदिन लगभग 20-25 यात्री भोपाल से कनेक्टिंग उड़ानों द्वारा दुबई, जेद्दा एवं अबू धाबी की यात्रा करते हैं। यात्रियों को सुविधा अनुसार निम्न विकल्प प्रदान किए जा रहे हैं। एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी ने बताया कि अगर भोपाल एयरपोर्ट से कनेक्टिंग फ्लाइट से दुबई, अबूधाबी, जेद्दा आदि के लिए बुकिंग की है, तो टिकट रद्द कर पूर्ण धनराशि वापसी की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है या अगर यात्रा तिथि में विस्तार, परिवर्तन करता है, तो उसके लिए भी व्यवस्था की जाएगी।

## सांस्कृतिक रंग में डूबी भोपाल की शाम

# 'अनंत ज्योति' और 'आनंदमठ' ने दिया सत्य और राष्ट्रभक्ति का संदेश



**जागरण, भोपाल।** राजधानी की शाम रविवार को कला, इतिहास और आध्यात्म के अनूठे संगम की गवाह बनी। जहां एक ओर भारत भवन में राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर 'आनंदमठ' के जरिए देशभक्ति का उफान दिखा, वहीं गांधी भवन में 'अनंत ज्योति' के माध्यम से अहंकार के त्याग और सत्य की विजय का संदेश गूँजा। इन दोनों ही प्रस्तुतियों ने कला प्रेमियों को अपनी जड़ों से जुड़ने का अवसर दिया।

### अनंत ज्योति

### अहंकार पर सत्य की विजय

राजधानी के श्यामला हिल्स स्थित गांधी भवन में चैतन्य सोश्यो कल्चरल सोसायटी द्वारा नृत्य नाटिका 'अनंत ज्योति' का भव्य मंचन किया गया। डॉ. श्रुति कीर्ति बारिक के निर्देशन में सजी इस प्रस्तुति में भगवान शिव के अनंत प्रकाश-स्तंभ के रूप में प्रकट होने की कथा दिखाई गई। नाटिका में दर्शाया गया कि कैसे ब्रह्मा और विष्णु के बीच श्रेष्ठता को लेकर विवाद हुआ, जिसे भगवान शिव ने अपनी योगशक्ति से सुलझाया। कलाकारों-वर्षा मालवीय, मनीषा हुराईया और अन्य ने भावपूर्ण नृत्य के माध्यम से यह संदेश दिया कि विनम्रता ही वास्तविक श्रेष्ठता है। यह आयोजन भारत सरकार के स्वच्छ भारत और विकसित भारत 2047 अभियान को समर्पित था।

### आनंदमठ

### वंदे मातरम के 150 वर्षों का उत्सव

वहीं दूसरी ओर, भारत भवन के मंच पर बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय के कालजयी उपन्यास 'आनंदमठ' का नाट्य रूपांतरण प्रस्तुत किया गया। मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय (एमपीडीएस) के छात्रों द्वारा तैयार इस नाटक का निर्देशन विद्यालय के निदेशक संजय श्रीवास्तव ने किया। राष्ट्रगीत वंदे मातरम की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित यह नाटक 18वीं सदी के बंगाल अकाल और संन्यासी विद्रोह की पृष्ठभूमि पर आधारित था। नाटक में दिखाया गया कि कैसे व्यक्तिगत सुखों का त्याग कर संतान सेना मातृभूमि की रक्षा के लिए अंग्रेजों से लोहा लेती है। राजीव श्रीवास्तव द्वारा रूपांतरित इस नाटक में महेंद्र (कशफ अहमद) और कल्याणी (एकता चौरसिया) के त्याग और संन्यासियों के बलिदान ने दर्शकों को भावुक कर दिया।

## सिटी गेस्ट

# द केरल स्टोरी-2 में भोपाल की प्रतिभा 'भक्ति वसानी'



### आमिर खान के साथ किया था पहला सीन, आज बड़ी फिल्मों का हिस्सा

**रवि सिंह।** काफी रुकावटों के बाद रिलीज हुई फिल्म के 'द केरल स्टोरी-2' में भोपाल की उभरती अभिनेत्री भक्ति वसानी सेकेंड लीड रोल में नजर आ रही हैं। फिल्म में उन्होंने 'फातिमा' का किरदार निभाया है। भक्ति ने बताया कि 'फातिमा' का किरदार निभाना उनके करियर के सबसे चुनौतीपूर्ण अनुभवों में से एक रहा। इस किरदार में उनका नाम शादी से पहले स्नेहा होता है, जो एक हिंदू लड़की है, लेकिन शादी के बाद उसका नाम फातिमा रख दिया जाता है।

### मां का विश्वास बना सपना

भक्ति की कहानी सिर्फ फिल्मी दुनिया में प्रवेश की नहीं, बल्कि एक मां के विश्वास की भी कहानी है। उनकी मां को हमेशा लगता था कि भक्ति में अभिनय की प्रतिभा है। वही उन्हें ऑडिशन दिलवाने मुंबई तक साथ गईं और घंटों इंतजार किया। आज भी हर शूट पर उनकी मां उनके साथ होती हैं। भक्ति मानती हैं कि इंडस्ट्री में उन्हें हमेशा सुरक्षित और सम्मानजनक माहौल मिला है। जब कभी किसी ऑडिशन में चयन नहीं होता, तो परिवार ही उन्हें समझाता है कि रिजेक्शन इस सफर का हिस्सा है। फिल्म के निर्देशक कामाख्या नारायण सिंह से उन्होंने बहुत कुछ सीखा।

### पढ़ाई और एक्टिंग का संतुलन

भक्ति दिल्ली पब्लिक स्कूल में पढ़ीं, जहां उन्हें शिक्षकों और प्रबंधन का भरपूर सहयोग मिला। एक्स्ट्रा क्लासेस और मार्गदर्शन की बदौलत उन्होंने 12वीं में 90 प्रतिशत अंक हासिल किए और इतिहास में 99 अंक लाकर टॉप किया। आज भी वह कॉलेज में 95 प्रतिशत अटेंडेंस बनाए रखते हुए असाइनमेंट्स और शूटिंग दोनों संभाल रही हैं।

### कैमरे के सामने नहीं पीछे करना है काम

आगे चलकर वह कैमरे के पीछे भी काम करना चाहती हैं। मल्टीमीडिया और फिल्ममेकिंग की पढ़ाई के जरिए वह प्री-प्रोडक्शन से पोस्ट-प्रोडक्शन तक की प्रक्रिया समझ रही हैं। कहती है- असली जादू कैमरे के पीछे होने वाली मेहनत में छिपा है। भक्ति का मानना है कि असली सफलता वही है, जिससे उनका परिवार उन पर गर्व महसूस करे। नए कलाकारों को वह यही सलाह देती हैं-ऑडिशन देते रहिए, रिजेक्शन से मत डरिए। हर 'ना' आपको सही 'हाँ' के और करीब ले जाती है।

### 'दंगल' से शुरू हुआ सफर

भक्ति के करियर की शुरुआत आमिर खान स्टारर दंगल से हुई। उस समय वह सिर्फ आठ-नौ साल की थीं। जब उन्हें पता चला कि उनका सीन आमिर खान के साथ है, तो वह काफी नर्वस हो गई थीं। आमिर खान ने धैर्य के साथ उनके साथ डायलॉग्स की प्रैक्टिस की और उन्हें सहज महसूस कराया। पहली बार इतने बड़े सेट, लाइट्स और कैमरों को देखना उनके लिए 'कोर मेमोरी' जैसा अनुभव था। इसके बाद भक्ति को कई और मौके मिले। डिज्नी+ हॉटस्टार की वेब सीरीज सुलतान आफ दिल्ली में उन्होंने यंग प्रीति का किरदार निभाया। उस समय उनके 12वीं बोर्ड एग्जाम बेहद करीब थे। उन्होंने रात-रात भर पढ़ाई कर दोनों जिम्मेदारियां निभाईं।



## युवाओं ने सीखे सटीक प्रॉम्प्ट से सफलता के शॉर्टकट

**जागरण, भोपाल।** यंग थिंकर्स फोरम द्वारा रविवार को सुशासन भवन में 'एआई फॉर एवरीडे वर्क' कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस तीन घंटे के सत्र में युवाओं, उद्यमियों और कंटेंट क्रिएटर्स ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के व्यावहारिक उपयोग और भविष्य की संभावनाओं को समझा। मुख्य प्रशिक्षक सुयशी द्विवेदी ने प्रतिभागियों को एआई के बदलते परिदृश्य से परिचित कराते हुए दैनिक जीवन में उत्पादकता बढ़ाने के प्रभावी हैक्स साझा किए। उन्होंने विशेष रूप से 'प्रॉम्प्ट एवं कॉन्टेक्स्ट इंजीनियरिंग' पर जोर देते हुए सिखाया कि कैसे सटीक निर्देश देकर एआई से मनचाहा और उच्च गुणवत्ता वाला परिणाम प्राप्त किया जा सकता है। कार्यशाला में एआई जनरलिस्ट बनने का रोडमैप और नए टूल्स खोजने की तकनीक पर भी विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर फोरम के निदेशक आशुतोष ठाकुर, संयोजिका अस्मिता पाठक और मैनिट के प्रो. अनुग्रह नगाइच उपस्थित रहे।

## नाटक 'बैक लेन' ने समाज के दोहरे चरित्र पर किया प्रहार

# कोठियों के कचरे से उघड़ती मध्यवर्ग की असलियत

**जागरण, भोपाल।** राजधानी के रंगमंच पर रविवार को मंचित नाटक 'बैक लेन' ने समाज के उस सम्भ्रांत और मध्यमवर्ग को आईना दिखाया है, जो आधुनिकता की होड़ में अपने नैतिक मूल्यों को पीछे छोड़ चुका है। यह नाटक पीछे की गलियों और कूड़े के ड्रमों के माध्यम से उन बंद दरवाजों के पीछे छिपे काले सच को उजागर करता है, जिन्हें समाज अक्सर ढंकने की कोशिश करता है।



### कचरा बीनने वाले फज्जू की नजर से समाज

नाटक की कहानी एक कचरा बीनने वाले पात्र फज्जू के इर्द-गिर्द घूमती है, जो आलीशान कोठियों के पीछे की गलियों से कचरा इकट्ठा करता है। फज्जू के लिए वह कचरा सिर्फ गंदगी नहीं, बल्कि उन घरों के भीतर चल रहे शारीरिक रिश्तों, व्यापारिक धोखेबाजी और सामाजिक पाखंड का कच्चा चिट्ठा है। नाटक का मर्म तब सामने आता है जब फज्जू कहता है ये दीवारें इसलिए सुरक्षित खड़ी हैं क्योंकि ये चुप हैं, बोलने लगें तो उसी दम ढह जाएं। नाटक के अंत में फज्जू को कूड़े के ढेर में एक नवजात शिशु मिलता है। यह दृश्य समाज की संवेदनहीनता पर सवाल खड़ा करता है कि कैसे लोग अपनी नस्लों को कूड़े के हवाले कर देते हैं। इस मार्मिक प्रस्तुति ने दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर दिया कि असली कचरा गलियों में है या इंसानी सोच में।

# जनजातीय संग्रहालय में लोक संस्कृति और फाग गायन की धूम



**जागरण, भोपाल।** मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में कला, नृत्य और गायन पर केंद्रित साप्ताहिक गतिविधि संभावना का आयोजन किया गया। हर रविवार दोपहर 02 बजे आयोजित होने वाली इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य जनसामान्य को मध्यप्रदेश की पांच लोक संस्कृतियों और सात प्रमुख जनजातियों की समृद्ध कला परंपराओं से रूबरू कराना है। कार्यक्रम में अरविंद पटेल (सीधी), जयंत विश्वकर्मा (सागर) और मणिराज कोल (सीधी) ने अपनी मंडलियों के साथ होरी खेलें मसाने में और गगरिया मोरी न फोरो लाल जैसे गीतों से फागुन की उमंग बिखेरी।

**करमा नृत्य :** डिंडोरी के शिवचरण कुशराम एवं साथियों ने करमा नृत्य प्रस्तुत किया। यह नृत्य श्रम ही कर्म है की प्रेरणा देता है। वर्षा ऋतु को छोड़कर यह सभी ऋतुओं में किया जाता है, जिसमें युवक-युवतियां गीतों की होड़ के बीच जीवन की रोजमर्रा की स्थितियों और प्रेम के सूक्ष्म भावों को नृत्य के माध्यम से अभिव्यक्त करते हैं।

### बुंदेलखंडी राई नृत्य

अशोकनगर के रहीस सिंह यादव एवं साथियों ने राई नृत्य की प्रस्तुति दी। शौर्य और श्रृंगार के मेल वाला यह नृत्य बुंदेलखंड की पहचान है। इसमें तीव्र शारीरिक चपलता और लयात्मक विन्यास के साथ लोक कविता का लालित्य देखने को मिलता है। ग्रामीण क्षेत्रों में जन्म और विवाह जैसे शुभ अवसरों पर इसका आयोजन प्रतिष्ठा का सूचक माना जाता है।

## दुष्यंत संग्रहालय में बिखरे फाग के रंग साहित्य के संग

**जागरण, भोपाल।** स्टेट बैंक साहित्य कला परिषद एवं दुष्यंत संग्रहालय के संयुक्त तत्वावधान में राज सदन में फागोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ गीतकार नरेंद्र दीपक ने की। मुख्य अतिथि डॉ. शैलजा सक्सेना (कनाडा) रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथियों में जवाहर कर्णावट, दिव्या माथुर (लंदन) और अनिल जोशी (दिल्ली) सम्मिलित हुए। अध्यक्षीय उद्बोधन में नरेंद्र दीपक ने हिंदी के वैश्विक प्रसार के लिए डॉ. सक्सेना और कर्णावट के प्रयासों की सराहना की। डॉ. शैलजा सक्सेना ने भावुक होते हुए कहा, भारत हमारी जड़ें हैं, और मैं आज अपनी जड़ों से मिल रही हूं। संस्था अध्यक्ष गोकुल सोनी ने होली को एकता व सद्भाव का प्रतीक बताया। उत्सव के प्रथम भाग में रीता बेन और पुष्पलता शर्मा ने फागुन गीतों से समां बांधा। इसके पश्चात देश-विदेश से पधारे साहित्यकारों ने अपनी काव्य रचनाओं से श्रोताओं को आनंदित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन विशाखा राजुरकर ने किया और आभार प्रदर्शन मनोज गुप्ता द्वारा किया गया।

# नारी का गहना साड़ी : ग्रुप का होली मिलन संपन्न



**जागरण, भोपाल।** राजधानी में भारतीय संस्कृति और नारी शक्ति के संगम का अनूठा दृश्य देखने को मिला। 'नारी का गहना साड़ी' किटी पार्टी ग्रुप द्वारा होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस खास मौके पर ग्रुप की सभी सदस्याएं अपनी पारंपरिक और रंग-बिरंगी साड़ियों में सुसज्जित होकर शामिल हुईं, जो भारतीय परिवेश की सुंदरता को बयां कर रही थी। कार्यक्रम की मेजबानी सुलेखा गुप्ता ने की, जिन्होंने आत्मीय स्वागत के साथ उत्सव का आगाज किया। फूलों की होली, गुलाल और ढोल-नगाड़ों की थाप पर महिलाओं ने जमकर नृत्य किया। ग्रुप एडमिन विद्या सोन्हिया ने बताया कि उनके ग्रुप का मुख्य उद्देश्य साड़ी के माध्यम से भारतीय परंपरा और नारी की शालीनता को जीवित रखना है, इसलिए हर आयोजन 'साड़ी थीम' पर ही आधारित होता है। इस अवसर पर विद्या सोन्हिया, सुलेखा गुप्ता, रजनी चौरे, भारती श्रीवास्तव, दीपांशी गुप्ता, पूनम यादव और प्रीति सिंह सहित अन्य सदस्यों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर शुभकामनाएं दीं और स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया।

## कला, संस्कृति और स्वावलंबन का संगम

**जागरण, भोपाल।** राजधानी का भोपाल हाट एक बार फिर ग्रामीण परिवेश की सुगन्ध और उत्सव के उल्लास से सराबोर हो उठा। अवसर था मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा आयोजित 'होली के रंग, आजीविका के संग' मेले का। दो दिनों तक चले इस आयोजन ने न केवल त्योहार की तैयारियों को नई चमक दी, बल्कि ग्रामीण अंचलों से आईं शिल्पकार बहनों के हुनर को एक सशक्त पहचान भी प्रदान की। सांस्कृतिक दृष्टि से इस मेले की सबसे बड़ी विशेषता पर्यावरण मित्र होली का संदेश रही। बाजार की रासायनिक मिलावट से दूर, यहां ग्रामीण महिलाओं द्वारा तैयार जैविक गुलाल और गो-काष्ठ (कंडों से बनी लकड़ियां) आकर्षण का केंद्र रहे। उत्सव की थाली को पूर्ण करने के लिए शुद्ध मावा, पनीर, देशी घी और पारंपरिक गुजिया के स्टालों पर शहरवासियों ने अपनी संस्कृति और स्वाद का संगम देखा।



## तुलसी साहित्य अकादमी में गूंजी फाग की तान

# काव्य गोष्ठी में 29 कवियों ने बिखेरे होली के रंग

**जागरण, भोपाल।** तुलसी साहित्य अकादमी की सृजन श्रृंखला-55 के अंतर्गत होली की पूर्व बेला पर फाग साहित्य पर केंद्रित भव्य काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मोहन तिवारी आनंद ने की। मुख्य अतिथि दीपक पंडित और विशिष्ट अतिथि अशोक निर्मल की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. राजेश तिवारी की सरस्वती वंदना से हुआ। सारस्वत अतिथि डॉ. सुरेश पटवा ने अपनी रचना 'मैं अलबेली फागुन महीना' सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। गोष्ठी में कुल 29 कवियों ने रचना पाठ किया। इनमें कमलेश नूर, लक्ष्मीकांत जंवडें, गोकुल सोनी, वी.के. श्रीवास्तव और दतिया से आए जगत शर्मा सहित अन्य रचनाकारों ने हास्य, व्यंग्य और प्रेम के विविध रंगों वाली कविताएं प्रस्तुत कीं। वक्ताओं ने लुप्त होती लोक परंपराओं और गारी-फाग के संरक्षण पर भी जोर दिया।



## युवाओं के 'टैलेंट' को तराशेगा इंडीमून्स आर्ट्स फेस्टिवल

# 'अपना-स्टेज' प्रतिभाओं को फिल्टर कर देगा बड़ा मंच

**जागरण, भोपाल।** झीलों की नगरी भोपाल के प्रतिभाशाली युवाओं को एक प्रोफेशनल पहचान दिलाने के लिए 'इंडीमून्स आर्ट्स फेस्टिवल' ने अपनी महत्वाकांक्षी मुहिम 'अपना-स्टेजः आपकी आवाज, आपका मंच' का रविवार को लालघाटी स्थित एक कैफे से धमाकेदार आगाज किया। यह केवल एक परफॉर्मेंस मात्र नहीं है, बल्कि भोपाल के गली-मोहल्लों में छिपे हुनर को रिफाइन कर उन्हें राष्ट्रीय स्तर के सितारों के साथ खड़ा करने की एक बड़ी कवायद है।

**टैलेंट को मिलेगा स्टेज :** आयोजकों ने बताया कि अपना-स्टेज का कॉन्सेप्ट काफी गहरा है। 20 मार्च से शुरू होने वाले मुख्य इंडीमून्स आर्ट्स फेस्टिवल से पहले शहर के अलग-अलग कैफे और क्लबों में 8 से 10 शो आयोजित किए जाएंगे। इन शोज का मकसद शहर के टैलेंट को स्कैन और फिल्टर करना है। जो कलाकार इन शोज में अपनी कला को निखारेंगे और खुद को साबित करेंगे, उन्हें रवींद्र भवन के मुख्य समारोह में इंडीमून्स ओपनस्टेज पर परफॉर्म करने का मौका मिलेगा। इस मुहिम में 'शायरी ऑन व्हील्स' और 'शेजी ऑन द माइक' भी प्रतिभाओं को तराशने में सहयोग कर रहे हैं।




### पहले शो में दिखा युवाओं का दम

रविवार को आयोजित पहले शो में बड़ी संख्या में युवा प्रतिभाएं जुटीं। इसमें गायक, कवि, स्टैंड-अप कॉमेडियन और कहानीकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। इंडीमून्स टीम का विजन स्पष्ट है-भोपाल के युवाओं को केवल मंच नहीं देना, बल्कि उन्हें प्रोफेशनल ट्रेनिंग और एक्सपोजर देकर एक मुकम्मल कलाकार के रूप में तैयार करना।

### 26 मार्च (शाम 7:30 बजे) चक्रव्यूह

**मुख्य कलाकारः** नितीश भारद्वाज (भगवान श्री कृष्ण के रूप में)।
**विशेषताः** महाभारत के 13वें दिन की कथा पर आधारित। नितीश भारद्वाज एक बार फिर अपने प्रतिष्ठित कृष्ण अवतार में नजर आएंगे।
**कहानीः** यह नाटक केवल युद्ध की कहानी नहीं, बल्कि जीवन के चक्रव्यूह, कर्म और धर्म का गहरा दार्शनिक विमर्श है।

### 27 मार्च (शाम 7:30 बजे) मसाज

**मुख्य कलाकारः** बॉलीवुड अभिनेता राकेश बेदी।
**विशेषताः** यह एक शानदार वन-मैन शो है। इसमें राकेश बेदी अकेले ही मंच पर 24 अलग-अलग किरदारों को जीवंत करेंगे।
**कहानीः** यह हैप्पी कुमार की कहानी है, जो मुंबई में अभिनेता बनने का सपना देखता है, लेकिन परिस्थितियों के कारण एक जिम में मसाजर बन जाता है।

### 28 मार्च (शाम 7:30 बजे) घासीराम कोतवाल

**मुख्य कलाकारः** फिल्म स्टार संजय मिश्रा (नाना फड़नवीस के रूप में)।
**विशेषताः** विजय तेंदुलकर द्वारा लिखित यह कालजयी नाटक सत्ता, भ्रष्टाचार और राजनीतिक दांव-पेंच पर आधारित है।
**कहानीः** 18वीं सदी के पुणे की पृष्ठभूमि में रचा गया यह नाटक नैतिक पतन और सामाजिक हेरफेर की तीखी पड़ताल करता है।

### 29 मार्च (शाम 7:30 बजे) एक मुलाकात

**मुख्य कलाकारः** शेखर सुमन और गीतिका त्यागी।
**विशेषताः** यह नाटक साहिर लुधियानवी और अमृता प्रीतम की अधूरी मगर अमर प्रेम कहानी पर आधारित है।
**कहानीः** संगीत और शायरी के साथ यह नाटक दो महान साहित्यकारों के प्रेम, विरह और उनकी साहित्यिक यात्रा को मंच पर पेश करता है।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

## संपादकीय

# शराब नीति केस से उठे नए कानूनी सवाल

*आबकारी नीति से संबद्ध मामले में विशेष अदालत ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और अन्य इक्कीस लोगों को आरोपमुक्त कर दिया। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कामकाज के तरीके और जांच की पद्धति पर पहले भी सवाल उठते रहे हैं। यह चिंता भी जताई जाती रही है कि आखिर इससे इन जांच एजंसियों की कैसी छवि बन रही है। मगर दिल्ली में शराब नीति से जुड़े कथित घोटाले के संबंध में विशेष अदालत का जो फैसला आया है, उससे फिर यह सवाल उठा है कि क्या ये एजंसियां किसी खास मंशा के तहत सोच-समझ कर नेताओं या अन्य लोगों के खिलाफ मामला उठाती हैं और क्या उनका बेजा इस्तेमाल हो रहा है।*

*गौरतलब है कि आबकारी नीति से संबद्ध मामले में विशेष अदालत ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और अन्य इक्कीस लोगों को आरोपमुक्त कर दिया। विशेष अदालत में हुई सुनवाई के बाद यही सामने आया कि अभियोजन पक्ष ने आरोपियों के विरुद्ध जो भी आरोप लगाए थे, उसे साबित करने के लिए उनके पास कोई ठोस सबूत नहीं था। लापरवाही या हड़बड़ी का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि सीबीआइ ने अदालत में जो आरोपपत्र प्रस्तुत किए, उनमें न सिर्फ गंभीर खामियां थीं, बल्कि कई विरोधाभास भी थे।*

*सवाल है कि देश की सबसे महत्वपूर्ण एजेंसी इतने बड़े स्तर पर मामला उठाते हुए किसी आरोप पर किस तरह काम करती है, कैसे आरोपपत्र तैयार करती है कि उसे खारिज किए जाने का एक आधार उसमें विरोधाभास होना होता है। यह मामला वर्ष 2021-22 के दौरान दिल्ली आबकारी नीति से जुड़ा है, जिसका उद्देश्य राजस्व बढ़ाना और शराब के कारोबार में सुधार करना बताया गया था। हालांकि बाद में इसमें घोर अनियमितता के आरोप लगे और मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई। इसके बाद ईडी और सीबीआई की ओर से यह आरोप लगाया गया कि इस नीति के जरिए निजी कंपनियों को अनुचित फायदा पहुंचाया गया। इस आरोप में मनीष सिसोदिया और बाद में अरविंद केजरीवाल को भी गिरफ्तार किया गया था।*

*सुनवाई के बाद अदालत ने पाया कि इस मामले में लगाए गए आरोपों के पक्ष में ठोस और विश्वसनीय सबूत नहीं थे। लिहाजा अदालत ने मामले को रद्द कर दिया और सभी तेईस आरोपियों को आरोपों से मुक्त कर दिया। अदालत की यह टिप्पणी सीबीआई के लिए बेहद असुविधाजनक होनी चाहिए कि उसने केवल अनुमानों के आधार पर साजिश की कहानी गढ़ने की कोशिश की।*

*दरअसल, पिछले कुछ वर्षों के दौरान ईडी और सीबीआई पर किसी खास मंशा से ग्रस्त होकर या अप्रत्यक्ष रूप से किसी के इशारे पर काम करने के आरोप कई बार लगे हैं। इसकी गंभीरता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि इन एजंसियों की कार्यप्रणाली को लेकर सुप्रीम कोर्ट को भी कई बार सख्त टिप्पणियां करनी पड़ीं। शीर्ष अदालत ने यहां तक कहा था कि ये एजंसियां गवाहों से लेकर आरोपियों तक के मामले में भेदभावकारी नीति अपनाती हैं।*

*मगर हैरानी की बात है कि विपक्षी दलों से लेकर अदालतों की ओर से बार-बार सवाल उठाए जाने के बावजूद ईडी और सीबीआई के काम करने के तरीके में कोई बदलाव नहीं देखा जा रहा। इस बात पर विचार करने की जरूरत है कि ईडी की ओर से जितने भी मामले दर्ज किए जाते हैं, उसमें दोषसिद्धि की दर कितनी है और ऐसा क्यों है। क्या यह चिंता की बात नहीं होनी चाहिए कि सिर्फ कामकाज की शैली की वजह से जिस तरह इन एजंसियों की साख पर सवाल उठ रहे हैं, उससे सही मामलों में भी इनकी विश्वसनीयता संदेह के घेरे में रहेगी?*

## पाक-अफगान जंग

### पाकिस्तान की सैन्य कार्रवाई अफगानिस्तान की संप्रभुता का उल्लंघन

# अफगान पर हुकूमत करना चाहता है पाक

सुशांत सरीन

पाकिस्तान ने डुरंड सीमा पर 'खुली जंग' का एलान करके बेवजह मुसीबत मोल ले ली है। इस्लामाबाद का दावा है कि बीते 48 घंटों में उसके हवाई हमलों से अफगान-तालिबान के 133 लड़ाके मारे गए हैं, जबकि 200 से अधिक घायल हुए हैं, उधर काबुल ने भी बयान जारी करके कहा है कि उसकी जवाबी कार्रवाई में 55 पाकिस्तानी सैनिक ढेर हुए हैं। इस बदलते घटनाक्रम पर तमाम देशों की नजर है। रूस सहित कई मुल्कों ने तुरंत संघर्ष-विराम की अपील भी की है।

आखिरकार अफगानिस्तान-पाकिस्तान के संबंध इतने खराब कैसे हो गए? यह सही है कि बीते दो दिनों में सीमा पर काफी कुछ अप्रत्याशित घटा है, लेकिन दोनों देशों में तनातनी तो तभी शुरू हो गई थी, जब 2021 में तालिबान ने काबुल की सत्ता संभाली थी। दरअसल, दुनिया भर में तालिबान की 'तारीफ' कर पाकिस्तान ने तकरीबन दो दशकों तक उस पर 'निवेश' किया था, लेकिन जब तालिबान को बागडोर मिली, इस्लामाबाद का भ्रम टूटने लगा। इसकी शुरुआत हुई तहरीक-ए-तालिबान के करीब 5,000 लड़ाकों की रिहाई से, जो अफगान जेलों में बंद थे। इसके बाद पाकिस्तान में छोटे-बड़े हमले बढ़ गए, जिनको इस्लामाबाद अफगान-तालिबान की कारस्तानी बताता है, जबकि उनके पीछे तहरीक-ए-तालिबान का हाथ था।

अब चूंकि तहरीक-ए-तालिबान (पाकिस्तान के तालिबान) और अफगान-तालिबान में करीबी रिश्ता रहा है, इसलिए इस्लामाबाद ने इन हमलों के जवाब में अफगानिस्तान के भीतर बमबारी शुरू की। इन कार्रवाइयों की एक वजह यह भी थी कि पाकिस्तान अफगान हुकूमत को अपने अधीन रखना चाहता था, जबकि अफगानों के बारे में यही कहा जाता है कि 'उनको किराये पर तो लिया जा सकता है, मगर खरीदा नहीं जा सकता'। इससे अफगानिस्तान को अपना पांचवां सूबा बनाने की पाकिस्तान की मंशा भी टूट गई।

यहां मुल्ला अब्दुल सलाम जईफ की किताब माई लाइफ विद द तालिबान का जिक्र भी जरूरी है। जईफ 2000-01 के दौरान पाकिस्तान में अफगानिस्तान के राजदूत थे। उन्होंने लिखा है, इस्लाम का गलत इस्तेमाल करने के कारण अफगानों को पाकिस्तान पसंद नहीं। उनके मुताबिक, अरब मुल्कों से इमदाद लेने के लिए पाकिस्तान इस्लाम के राग अलापता है और धर्म का कथित ठेकेदार बना हुआ है। अफगानों को लगता है कि पाकिस्तान ने उनको धोखा दिया है, क्योंकि अपने हित के लिए उसने तालिबान के विरुद्ध अमेरिका से हाथ मिला लिया था। उनको



पाकिस्तान की वे यातनाएं भी याद हैं, जब संरक्षण का भरोसा देने के बावजूद उनके लोगों को बंधक बनाया गया व बर्बर कार्रवाई की गई।

बहरहाल, डुरंड रेखा पर फिलहाल 'पारंपरिक जंग' शायद ही होगी, क्योंकि जिस तरह से अक्तूबर 2025 से यहां तनाव बना हुआ है, उसका असर खूब पड़ रहा है। उस समय करीब एक हफ्ते तक संघर्ष चला था, जिस पर तुर्किये और कतर की मध्यस्थता के बाद विराम लग सका था, लेकिन उसके बाद पाकिस्तान ने सीमा बंद कर दी। इससे पाकिस्तान का व्यापार तो प्रभावित हुआ ही, क्योंकि अफगानिस्तान उसके लिए एक बड़ा बाजार रहा है, लेकिन काबुल को कहीं ज्यादा समस्याएं हुईं। इससे वहां दवाई जैसी जरूरी चीजों की आपूर्ति भी बाधित हो गई थी, जिसकी पूर्ति बाद में भारत ने 'मानवीय मदद' के रूप में की।

दबाव बनाने का पाकिस्तान का यह दांव यहीं तक नहीं रुका। उसने अपने यहां दो-ढाई दशकों से रह रहे अफगान शरणार्थियों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया और उनकी संपत्ति लूट ली। मूलतः पंजाबी मुसलमानों ने ऐसा किया और उनको अफगानिस्तान वापस भेजना शुरू किया। इन सबसे अफगानिस्तान में पाकिस्तान को लेकर जबर्दस्त नाराजगी फैली। रही-सही कसर 'आतंकवाद विरोधी अभियान' के नाम पर शुरू की गई हालिया कार्रवाइयों ने पूरी कर दी। हालांकि, ये हमले पाकिस्तानी हुकूमत ने 'मजबूरीवश' किए हैं, क्योंकि बीते दो हफ्तों में जब कुछ बड़े हमले पाकिस्तान के भीतर हुए, तो वहां की हुकूमत पर 'कुछ करने' का दबाव बढ़ गया था। मौजूदा हुकूमत अवाम में लोकप्रिय नहीं है। लिहाजा, फौज की शह पर अफगानिस्तान के सरहदी इलाकों में बमबारी की गई, जिनमें तालिबानी लड़ाकों से कहीं ज्यादा आम अफगान की मौत हुई। इससे अफगानिस्तान की हुकूमत को भी कार्रवाई के लिए बाध्य होना पड़ा है।

यह संघर्ष आखिर कहां रुकेगा? तीन स्थिति बनती दिख रही है। पहली, पाकिस्तान की तरफ से लगातार हमले होते रहेंगे और ये तब रुकेंगे, जब अफगानिस्तान के अंदर करीब 10 किलोमीटर तक 'नो मेन्स लैंड' बनाने की अपनी योजना इस्लामाबाद पूरी कर लेगा। दूसरी, दोनों तरफ से ठहर-ठहरकर संघर्ष होते रहेंगे और बीच-बचाव से मामला शांत किया जाता रहेगा। तीसरी स्थिति कहीं अधिक गंभीर है। संभव है कि अफगान हुकूमत अपने यहां के तालिबान को खुली कार्रवाई करने की छूट दे दे। चूंकि काबुल की सरकार पाकिस्तान से खार खाए हुए है, इसलिए स्थिति कोई भी बनेगी, चुनौती इस्लामाबाद के सामने ही अधिक रहेगी।

इससे पाकिस्तान की दुविधा कहीं अधिक बढ़ जाती है। वह तालिबान को सह भी नहीं सकता और उसे रोक भी नहीं सकता। अमेरिका इसका ज्वलंत उदाहरण है, जिसने ढाई-तीन लाख अफगानों को मारा, फिर भी उसे अफगानिस्तान में मुंह की खानी पड़ी। लिहाजा, यह पूरा घटनाक्रम पाकिस्तान द्वारा उड़ता तीर लेने जैसा है। अफगानिस्तान के पक्ष में उसका यह आश्वासन भी है, जिसमें उसने कहा था कि वह अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी के खिलाफ नहीं होने देगा। उसने कई देशों से यह वायदा किया है और अब तक वह इस पर खरा उतरा है। ऐसे में, पाकिस्तान अपनी करनी का फल ही भोग रहा है। आतंकवाद की जिस आग को उसने भड़काया, आज वही उसको लील रही है।

रही बात भारत की, तो हमें शायद ही कोई खतरा है। भारत का रुख स्पष्ट है। हम पाकिस्तान की कार्रवाई को अफगानिस्तान की संप्रभुता का उल्लंघन मानते हैं। सीमा पार कार्रवाइयों से तनाव ही बढ़ेगा।

## खुला मंच

# कंपलीमेंट्री ब्रेकफ़ास्ट बनाम टैरिफ की वसूली

भुवन पंत

मैं सुबह के नाश्ते में दो पीस ब्रेड या एक पराठा लेता हूँ और चाय पीता हूँ। बस। किंतु जब मुझे किसी होटल में कंपलीमेंट्री ब्रेकफ़ास्ट की सुविधा मिलती है, मेरे पाचन तंत्र में उत्परिवर्तन (म्यूटेशन) हो जाता है।

हाल ही में गोवा के एक ख़ूबसूरत से रिसॉर्ट में हम रुके थे। कंपलीमेंट्री ब्रेकफ़ास्ट का टाइम सुबह आठ से दस बजे के बीच का था। हम पति-पत्नी ठीक 8.00 बजे डाइनिंग हॉल में पहुँच जाते थे और दस बजे फ़ूड काउंटर क्लोज होने पर ही अपने कमरे की तरफ़ लौटते थे। पूरे दो घंटे तक ब्रेकफास्ट करने के पीछे मेरे पास कुछ ठोस तर्क है, जो शत प्रतिशत जायज कहे जा सकते हैं।

दरअसल कंपलीमेंट्री ब्रेकफ़ास्ट करते समय भूख नहीं, बल्कि हम यह देखते हैं कि होटल के टैरिफ़ की अधिक से अधिक वसूली यहां की जा सकती है। बहुत अधिक मात्रा में कंपलीमेंट्री ब्रेकफास्ट खाए जाने के पक्ष में दूसरा तर्क है कि दिन का खाना भी स्किप किया जा सकता है और इससे टूरिस्ट प्लेसेज पर पैसे भी बच जाते हैं। तीसरा तर्क होता है- यहाँ बुफे की हर चीज टेस्ट कर सकते हैं, जिनको कहीं और जाकर टेस्ट करने के लिए हमें समय और ढेरों पैसे ख़र्च करने पड़ते। बाजार में यह भी डर रहता है अगर स्वादिष्ट नहीं हुई तो पैसा बर्बाद हो जाएगा, किंतु कंपलीमेंट्री ब्रेकफास्ट में यह समस्या नहीं। यहां तो वसूली हो रही है। कंपलीमेंट्री ब्रेकफास्ट में ठूंसने की प्रवृत्ति को देखते हुए लगता है कि धीरे-धीरे मानव का पेट भी जुगाली करने वाले जानवरों की भाँति विकसित हो जाएगा।

दूसरी समस्या जब आती है, जब एयरपोर्ट पर होता हूं। अकसर नारकोटिक्स डिपार्टमेंट के लोगों को देखकर हम पति-पत्नी सिहर उठते हैं। हमारे सामान में ड्रग्स इत्यादि मिलने से ज्यादा शर्म की बात तो तब होती है जब होटल के लेबल लगे टूथपेस्ट, टूथब्रश के अलावा चाय-पत्ती, कॉफी और चीनी के छोटे-छोटे सैशे मिलते हैं। यही बातें सोच-सोचकर हम पति-पत्नी एयरपोर्ट पर बहुत अधिक एंजॉय भी नहीं कर पाते हैं। यह डर मध्यम वर्गीय लोगों को उच्च वर्गीय बनने से रोकता है।


अगर ईश्वर प्रकट हो और पूछें- हे वत्स! तुम कितना अमीर बनना चाहते हो? तो मैं उनसे कहूँ- हे प्रभु, बस इतना अमीर बना दीजिए कि मैं जब किसी महंगे होटल में कंपलीमेंट्री ब्रेकफास्ट करने जाऊं तो वहां पर मैं उतना ही खाऊँ जितनी मुझे भूख हो। हे प्रभु, चेक-आउट के वक्त पत्नी से कहूँ कि कमरे में कोई सामान रह तो नहीं गया, तो पत्नी चाय, कॉफी तथा चीनी के सैशे को 'कोई सामान' में न गिने।

## प्रसंगवश

# न्यायपालिका की गरिमा बचाने किताब पर पाबंदी

*सर्वोच्च अदालत ने एक किताब पर 'पूर्ण प्रतिबंध' (ब्लैंकेट बैन) का आदेश दिया है, जिसमें 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' का अध्याय संकलित था। किताब 8वीं कक्षा में सामाजिक विज्ञान के तौर पर पढ़ाई जानी थी। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अधीन स्वायत्त संस्था 'राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्' (एनसीईआरटी) ने छापी थी। देश के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत समेत अन्य न्यायाधीश भी बहुत कुपित हुए और इस अध्याय को शामिल करने को 'गहरी साजिश' करार दिया। प्रधान न्यायाधीश की टिप्पणी थी कि एनसीईआरटी ने गोली चला दी है और न्यायपालिका लहूलुहान है। यह महज एक गलती नहीं है, बल्कि न्यायपालिका की गरिमा गिराने और युवाओं के भीतर जहर भरने की एक 'सोची-समझी साजिश' लगती है। संस्था के निदेशक ने गलती मानने के बजाय लिखित में इन विवादित अंशों का बचाव किया है। यह और भी गंभीर है। हम पता लगाएंगे। हम न्यायपालिका सरीखे संवैधानिक संस्थान को इस तरह बदनाम नहीं होने देंगे।*

*न्यायपालिका पर आज भी करोड़ों लोगों का भरोसा है। उसे टूटने कैसे दिया जा सकता है?' इसी के साथ न्यायिक पीठ ने किताब के फिजिकल या डिजिटल, हार्ड या सॉफ्ट और वेब पोर्टल आदि सभी प्रारूपों और संस्करणों को जब्त करने का आदेश दिया है। किताब की जो 38 प्रतियां बिक चुकी हैं, उन्हें भी हासिल कर जब्त किया जाए। न्यायिक पीठ ने एनसीईआरटी के निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी और केंद्रीय स्कूल शिक्षा सचिव को नोटिस जारी कराए हैं। वे 11 मार्च को अदालत में मौजूद रहेंगे। सर्वोच्च अदालत ने यहां तक कहा है कि क्यों न निदेशक के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाए? अदालत ने जो आदेश दिया है, उसकी अनुपालना रपट दो सप्ताह में जमा करानी होगी। सामाजिक विज्ञान की ऐसी किताब और उसमें न्यायपालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार की खबर सामने आई, तो कैबिनेट की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने भी गुस्सा जताते हुए सवाल किया-यह हम क्या पढ़ा रहे हैं? कौन देख रहा है यह सब? ऐसी सामग्री का अनुमोदन कौन कर रहा है? किसी को तो जवाबदेह ठहराना चाहिए। प्रधानमंत्री की यह सख्त टिप्पणी, हालांकि, सूत्रों के हवाले से सार्वजनिक हुई है। बहरहाल किताब के विवादित अध्याय में लिखा गया है कि सर्वोच्च अदालत में करीब 81,000 मुकदमे लंबित हैं, जबकि देश के उच्च न्यायालयों में यह आंकड़ा करीब 62.40 लाख है। 2017-21 के दौरान भ्रष्टाचार की करीब 1600 शिकायतें दर्ज की गईं। प्रधान न्यायाधीश के दफ्तर को जो शिकायतें मिलीं, वे अलग हैं। 2016-25 के दौरान न्यायाधीशों के खिलाफ 8639 शिकायतें मिलीं, यह कानून मंत्रालय ने संसद में खुलासा किया है। क्या ये शिकायतें ही भ्रष्टाचार की प्रमाण हैं अथवा यह व्यवस्था का गंभीर सवाल है? क्या शिकायतों के आधार पर ही मान लिया जाए कि समूची न्यायपालिका भ्रष्ट है और गरीब, जरूरतमंद आदमी के लिए न्याय मिलना बहुत मुश्किल है? दरअसल आजकल संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ संस्थानगत हमले किए जा रहे हैं और यह एक नया फैशन बन गया है। विवादित किताब के लिए क्या लेखक ही 'खलनायक' हैं? ऐसा नहीं है, क्योंकि एनसीईआरटी में कई स्तरों पर पाठ्यक्रम और विषय-वस्तु तय किए जाते हैं। विशेषज्ञ और समितियां होती हैं। तो फिर लेखकों को ही 'काली सूची' में डालने का औचित्य समझ के परे है। एनसीईआरटी में पाठ्य पुस्तकों को लेकर विवाद होते रहे हैं। यह सरकार की वैचारिक दखलअंदाजी हो सकती है या कुछ और, लेकिन विवाद सामने आते रहे हैं। मसलन-मुगल इतिहास को 12वीं की किताब से हटाया गया। गांधी की हत्या और आरएसएस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को हटाया गया। किताबों में अब 1984, 1992 और 2002 के दंगों के उल्लेख नहीं हैं। संविधान की प्रस्तावना तक पढ़ने को छात्रों को वंचित किया गया। ऐसे अनगिनत उदाहरण हैं।*




## सामाजिक सरोकार

### स्कूली बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य भी एक बड़ी समस्या है

# बच्चों को मानसिक रूप से मजबूत बनाने की पहल

क्षमा शर्मा

हाल ही में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने स्कूली बच्चों के लिए कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इस बड़े संस्थान का कहना है कि बच्चों का मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य बेहद जरूरी है, ताकि छात्र-छात्राएं खुद को स्कूलों के बीच सुरक्षित महसूस कर सकें।

कई बार स्कूलों में बच्चों को भेदभाव और चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उनकी ऐसी समस्याओं पर बहुत सारे स्कूलों में ध्यान नहीं दिया जाता। इसके कारण कई बच्चे आत्महत्या जैसे कदम उठा लेते हैं। इसलिए समय-समय पर बच्चों की काउंसलिंग बेहद जरूरी है, ताकि स्कूलों में बच्चे न केवल सुरक्षित महसूस करें, बल्कि खुद को समर्थ और सम्मानित भी समझें। इसलिए वेलनेस अध्यापकों की नियुक्ति और प्रति 500 बच्चों पर एक काउंसलर का होना आवश्यक है। इसी दिशा में आगे कदम उठाते हुए अध्यापकों और स्कूल कर्मचारियों को साल में दो बार मानसिक स्वास्थ्य संबंधी प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि बच्चों में अगर तनाव है या वे किसी मानसिक समस्या से जूझ रहे हैं, तो जल्दी से जल्दी उसका हल निकाला जा सके। इन दिनों स्कूली बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य भी एक बड़ी समस्या है, लेकिन अपने देश में इस तरफ बहुत कम ध्यान दिया जाता है। बच्चों को भी मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी कोई समस्या हो सकती है, इसे कोई मानने को तैयार ही नहीं होता है। दिल्ली के एक मशहूर मनोचिकित्सक ने एक बार बताया था कि उनके पास आठ-आठ साल के बच्चे आ रहे हैं। यह एक चिंताजनक बात भी है।

बच्चों की इस हालत की वजह क्या है? इसका एक बड़ा कारण यह भी है कि इन दिनों बच्चों की सुनने वाला कोई नहीं रहा। मध्यवर्ग में इन दिनों एक बच्चे का चलन बढ़ रहा है। ऐसे में, घर में भी बच्चा अकेला है। पहले भाई-बहन के साथ वे खेलते-कूदते, लड़ते-



झगड़ते थे, तो तमाम तरह की अभिव्यक्ति के अवसर उन्हें मिलते थे, लेकिन अकेले बच्चे के पास यह सुविधा नहीं। माता-पिता अपने-अपने दफ्तर और उनसे जुड़े कामों में व्यस्त हैं, बचे समय में वे मोबाइल और रील्स में लगे हैं। बच्चे द्वारा पूछे गए किसी सवाल का जवाब देने की फुर्सत भी बहुत से माता-पिता के पास नहीं है। हाल यह है कि रील के चक्कर में कोई अपने बच्चे को ऑटो में भूल जा रहा है, तो किसी का बच्चा सड़क पर जख्मी हो जा रहा है। हाल ही में बेंगलुरु की एक गर्भवती महिला अपने दूसरे बच्चे की 'मैटरनिटी फोटोशूट' वाटर पूल के पास करा रही थी और पहला बच्चा पानी में गिरकर मर गया।

पहले संयुक्त परिवार में रहने वाले दादा-दादी बच्चों के साथ खूब समय बिताते थे। वे उनकी समस्याओं पर भी ध्यान देते थे। उनके साथ खेलते-कूदते थे। कुछ वर्ष पहले चेन्नई में एक सर्वेक्षण हुआ था, जिसमें पाया गया था कि जो बच्चे संयुक्त परिवार में दादा-दादी या नाना-नानी के साथ रहते हैं, उनमें तनाव कम होता है। ऐसे बच्चों को बाहरी दुनिया की बहुत जरूरत नहीं होती थी। आजकल बच्चे भी अपना अधिकतर समय मोबाइल पर बिताते हैं। माता-पिता भी उनके सवालों से बचने के लिए उन्हें या तो कोई तोहफा दे देते हैं या फिर मोबाइल पकड़ा देते हैं। जाहिर है, मानसिक और शारीरिक सेहत, दोनों के लिए यह सही नहीं है। बच्चा यदि माता-पिता से ही कुछ नहीं कह सकता, तो आखिर वह जाए कहां?? कायदे से सीबीएसई को स्कूलों को यह सुझाव भी देना चाहिए कि वे कुछ महीनों के अंतराल पर माता-पिता के लिए भी ऐसे प्रशिक्षण की व्यवस्था करें, जिनमें उन्हें अपने बच्चों की समस्याओं से निपटने के तौर-तरीके समझाए जाएं। बच्चे स्कूल में जो समय बिताते हैं, उस पर तो स्कूल वाले ध्यान दे सकते हैं, पर घर में कौन सी बातें उसमें तनाव पैदा करेंगी, उनके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करेंगी, इस पर तो घर वाले ही ध्यान दे सकते हैं।

7-14 के एजग्रुप को पढ़ने और सही समझ विकसित करने के लिए रखा गया है। यही साल उनके जीवन से जुड़ी कई बातों को लेकर सही समझ पैदा करने का भी है। अध्ययन बताते हैं कि नौ से 12 साल की उम्र के बच्चे किसी फ्रंट पर पीछे रह जाने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हैं। अपनी तकलीफ साझा करना सीखते हैं तो पैरेंट्स और टीचर्स से गहराई से जुडते हैं। मूड स्विंग्स के अलावा इस समय वे इमोशनली भी आसानी से आहत हो जाते हैं। ऐसे में अभिभावक सीधे-सीधे कोई नेगेटिव रिएक्शन ना दें। सहजता के साथ अपनी बात समझाएं। बच्चों की भावनाओं के प्रति संवेदनशील रहें। साथ ही बच्चों के मन में भी मानवीय संवेदनाएं पोसें। यह उम्र घर के बड़े-बुजुर्गों से जुड़ने, उनकी मदद करने और रिश्तेदारों से जुड़ाव बनाने के लिए भी बहुत अहम है।

14-21 बच्चों को सही मार्गदर्शन देने वाला दौर होता है। इस दौरान वे टीनएज से एडल्टहुड में प्रवेश करते हैं । इसीलिए यह आयुवर्ग बहुत हद तक स्पष्ट-सधी सलाहें देने का भी है। ऐसे में बच्चों के साथ नियमित संवाद रखना भी आवश्यक है। समाज, परिवार या फ्रेंड सर्कल में अपनी जगह, अपनी पहचान के मायने समझने लगते हैं। यह जीवन की बुनियाद बनाने वाला एक निर्णायक चरण है। साथ ही भावनात्मक रूप से टूटने का जोखिम भरा पड़ाव भी। किसी से सहज लगाव, प्रेम-प्रसंग, पढ़ाई में पीछे छूटने या अकेले पड़ जाने से जीवन से हारने मामले भी इस उम्र में ज्यादा होते हैं। इस चुनौतीपूर्ण समय में अभिभावकों का भावनात्मक समर्थन बहुत जरूरी होता है।

सिर्फ मानसिक स्वास्थ्य ही क्यों, जंक फूड की लत के कारण स्कूली बच्चे उन रोगों के शिकार भी हो रहे हैं, जिन्हें बुजुर्गों का रोग कहा जाता था। तमाम रिसर्च बताती हैं कि बाहर के खाने के मुकाबले घर का खाना हमेशा ही अच्छा होता है। यह न केवल हमारे शारीरिक, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी जरूरी है, लेकिन इन दिनों एक सच यह भी है कि घर में खाना बनाना एक छोटा काम मान लिया गया है।

## जीवन दर्शन

# बार-बार आने वाले सपने भविष्य की चेतावनी

कई लोगों के साथ ऐसा होता है कि उन्हें एक ही सपना बार-बार दिखता है। सपने अक्सर किसी न किसी छिपे सन्देश के साथ आते हैं। ऐसे में क्या एक ही सपने का बार-बार आना किसी चेतावनी का संकेत होता है, जिन्हें समझना जरूरी होता है या फिर ये महज एक संयोग होता है? बार-बार एक ही सपना देखना आपके अवचेतन मन की दबाई गई भावनाओं और विचारों को दर्शाता है, जिसे समझना आवश्यक है।

सपने कभी बेवजह नहीं होते, बल्कि वो आपके अवचेतन मन या आपके कर्मों से जुड़े कोई न कोई सन्देश लेकर आते हैं। कई बार ऐसा होता है कि कोई एक ही सपना बार-बार दिखता है। ऐसे में वह सपना सिर्फ सपना नहीं होता, बल्कि यह आपके लिए संदेश हो सकता है। कोई सपना बार-बार आना इस बात का संकेत भी हो सकता है कि कोई इच्छा या लक्ष्य अधूरा है, या फिर ऐसे सपने अपनी तरह के संकेत और चेतावनी लेकर आते हैं, जिन्हें समझना ज़रूरी है।

बार-बार आने वाले सपनों का अपना एक अनोखा पैटर्न होता है। इस प्रकार के सपने देखने बाद दिनभर थकान लगती है क्योंकि यह थकान असंतुलित ऊर्जा का प्रमाण होते हैं। जब कोई



भावना, चिंता या पुराना अनुभव पूर्ण रूप से सुलझा नहीं होता, तो वही सपना बार-बार दिखाई दे सकता है, जैसे कि ऊंचाई से गिरना, साँपों का दिखना, किसी अनजान जगह पर खो जाना, पीछा किया जाना या परीक्षा में असफल होना। ऐसे सपने हमें बताते हैं कि जीवन में कोई स्थिति है जिसे हमने अभी तक पूरी तरह स्वीकार या हल नहीं किया है। यदि यह सपना बार-बार आता है, तो जीवन में नुकसान, डर या अप्रत्याशित बाधाओं की चेतावनी भी हो सकती है।

कई बार सपने में बार-बार रिश्तेदारों या पूर्वजों का आना अधूरी भावनाओं, रिश्तों या जिम्मेदारियों का संकेत देता है। स्वप्न शास्त्र में यह माना जाता है कि इससे यह संदेश मिलता है कि आपको अपनी भावनाओं को संभालने या किसी पुराने बंधन को पूरा करने की ज़रूरत है। सपने यह बताते हैं कि आपको आपकी भावनाओं को संतुलित करने और आध्यात्मिक यात्रा करने की आवश्यकता है। ऐसे सपने आपको आत्मनिरीक्षण के लिए प्रेरित करता है कि आप अपनी यात्रा को समझें और संतुलन बनाएं।

सबसे पहले तो बार-बार आने वाले सपने को संदेश के रूप में देखें, शुभ या अशुभ सपने के रूप में नहीं। यह सपने किसी धार्मिक कारण से आपको नहीं दिखते हैं, बल्कि यह आपके मन, चेतना और भावनात्मक स्थिति से जुड़ा एक संदेश है, जो आपको कुछ समझने के लिए बार-बार दिखाई देता है। सपनों को लिखने से पैटर्न समझ आता है। इसलिए, ऐसे सपनों को लिखकर और पैटर्न को समझकर, आप सपनों के पीछे छिपे संदेश को समझने की कोशिश कर सकते हैं। प्रातः सूर्य को जल अर्पित करना, ध्यान और मंत्र की साधना। इन उपायों से अवचेतन मन शांत होता है और सपने की आवृत्ति कम हो सकती है।

चंदा कुमारी

## ॥ गीता ज्ञान ॥



**श्लोक**

अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते।
तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम्॥

**भावार्थ**

जो भक्त अनन्य भाव से मेरा चिंतन और उपासना करते हैं, मैं उनके योग (नवीन आवश्यकताओं) और क्षेम (जो कुछ उनके पास है उसकी रक्षा) का वहन करता हूँ।

# लूट एवं अड़ीबाजों ने निकाला नया तरीका संत नगर के दो व्यापारी बने इनके शिकार

## बदमाशों ने 12 और 7 हजार जबरिया वसूले, सिंधी सेंट्रल पंचायत के महासचिव ने कमिश्नर को दी जानकारी

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** इन दिनों जहां आम जनता बढ़ते साइबर क्राइम से त्रस्त है, तो दूसरा वर्ग झूठी शिकायतों को लेकर ब्लैकमेल हो रहा है, वहीं बदमाशों ने लूट एवं अड़ीबाजी का एक नया तरीका खोज निकाला है, इससे अनेक लोग शिकार हो रहे हैं। यह नई अड़ीबाजी एवं लूट कार में अकेले सवार शरीफ व्यक्तियों के साथ की जा रही है, जिसमें जानबूझकर अपना पैर पहिए के आगे अड़ा दिया जाता है, फिर गहरी चोट लगने एवं हरिजन एक्ट में रिपोर्ट कराने की धमकी देकर मोटी रकम ऐंठी जा रही है। ऐसी ही दो वारदातें संत हिरदाराम नगर के गणमान्य नागरिकों एवं व्यापारियो के साथ हो चुकी है। पुलिस को दिए आवेदन में यहां की सामाजिक सिंधु नवजागरण समिति के अध्यक्ष नरेश चोटरानी एवं समाज सेवी महेश नरियानी ने आप बीती सुनाई है। नरेश चोटरानी की गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र में हार्ड वेयर की दुकान है। उन्होंने बताया है कि जब वे 7 फरवरी को अपरान्ह साढ़े तीन बजे अपने निवास से जा रहे थे, उसी दौरान हलालपुर के समीप एक नव युवक कार के आगे आ गया और उसने दस्तक देकर मेरी कार का शीशा खुलवाया और बोलने लगा कि मेरे पैर के ऊपर कार का पहिया चढ़ गया है, जब नरेश चोटरानी ने कहा कि




मेरी कार तो बीच सड़क पर है, फिर पहिया कैसे चढ़ गया इतने में इस युवक ने कार का गेट खोला और आगे की सीट पर बैठ गया बोला या तो इलाज करवाओ जिस पर 60 हजार खर्चा आएगा या फिर नकद 30 हजार दो, नहीं तो मैं अपनी मां एवं भाई को फोन करता हूं, वे आंएगे और हरिजन थाने में रिपोर्ट लिखवाएंगे, जिससे तुम्हें जेल हो जाएगी। इसी बीच नरेश चोटरानी कार चलाता रहा और जब राजदीप अस्पताल के पास पहुंचा तब इस युवक ने हैंड ब्रेक लगा दिया। इससे नरेश घबरा गया, सोचा अगर हरिजन एक्ट में रिपोर्ट लिखी तो परेशानी होगी, चूंकि उनके पास कुछ घरेलू कीमती सामान भी था, इस वजह से उसने जेब में हाथ डाला तो 7 हजार रुपए निकले इतने में युवक ने 7 हजार छीन लिए और कार का दरवाजा खोलकर चलता बना। उसके पीछे एक्टिवा पर सवार दो अन्य युवक भी थे, फिर तीनों उस पर सवार होकर हलालपुर की तरफ चले गए। इसी तरह की वारदात महेश नरियानी जिनकी बिजली के सामान की शाप हमीदिया रोड पर है, उसके साथ 21 फरवरी को हुई। पुलिस को दिए आवेदन में उसने बताया कि जब वह ग्राम बैरागढ़ कला से वन टी हिल्स अपने निवास जा रहा था, तब विसर्जन घाट के पहले एक बालक मवेशियों के बीच से उसकी कार के पास आया तथा टांग में चोट लगने का नाटक करने लगा, इसी बीच दो अन्य युवक भी वहां पहुंच गए, बोलने लगे कि इलाज पर 70 हजार का खर्चा आएगा, या तो इलाज करवाओ नहीं तो हरिजन एक्ट में रिपोर्ट लिखवाएंगे, क्योंकि हम नगर निगम में कामगार हैं। इससे महेश नरियानी बुरी तरह से घबरा गया। उसने बोला कि मेरी कार से टक्कर नहीं हुई है पर अड़ीबाज मानने को तैयार नहीं थी, उसने भी हरिजन एक्ट का नाम सुनकर जेब से जैसे ही 12 हजार निकाले युवक लेकर चंपत हो गया बाद में तीनो एक्टिवा पर सवार होकर सीहोर रोड की तरफ जाते दिखे। इस तरह लालघाटी से लेकर ग्राम भौंरी तक इस तरीके की लूट एवं अड़ीबाजों का गिरोह सक्रिय है, जो कार सवार अकेले कारोबारी को निशाना बना रहा है। इधर शुक्रवार की रात को संत हिरदाराम नगर में यातायात व्यवस्था देखने आए पुलिस कमिश्नर संजय कुमार को सिंधी सेंट्रल पंचायत के महासचिव ने दो व्यापारियों के साथ हुई इस घटना की जानकारी दी। उन्होंने मामले में विस्तृत जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की, जिस पर कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया।

> अड़ीबाज का अगर नाम या हुलिया पता हो तो हम कार्रवाई करें, लेकिन बिना पहचान के हम मजबूर हैं। ऐसी स्थिति में घबराने के बजाय पुलिस हेल्प नंबर की सहायता लेना चाहिए या किसी तरह अड़ी डालने वाले को पुलिस थाने तक लाना चाहिए, ताकि कार्रवाई में आसानी हो।
>
> **अशोक गौतम, थाना प्रभारी,** संत हिरदाराम नगर

> ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगना चाहिए और कारोबारियों को पूरी सुरक्षा मिलना चाहिए। पुलिस को ऐसे गिरोह का पता लगाकर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए और कोई कारोबारी इनका शिकार न हो।
>
> **कन्हैयालाल इसरानी,** अध्यक्ष कपड़ा एसोसियेशन

# शराब पीकर अगर वाहन चलाया तो भरने होंगे 10 हजार रुपए

## शांति समिति की बैठक, पुलिस रहेगी 48 घंटे चौकन्नी

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** अगर होली पर किसी ने भी शराब पीकर हुड़दंग की तो उसे बक्शा नहीं जाएगा, अगर शराब पीकर वाहन चलाया तो न केवल वाहन जब्त किया जाएगा, बल्कि चालक भी हिरासत में लिया जाएगा। इसके अलावा चालान प्रस्तुत करने पर उसे कोर्ट में 10 हजार का जुर्माना भी भरना होगा, इस तरह की चेतावनी के साथ पुलिस ने लोगों को शांति समिति की बैठक में समझाइश भी दी। पुलिस थाना परिसर में हुई बैठक में ट्रैफिक पुलिस एसीपी देवेंद्र सिंह यादव, एसीपी उपनगर आदित्य राज सिंह, थाना प्रभारी अशोक गौतम, जिला प्रशासन के अलावा बिजली विभाग के उप यंत्री नरेंद्र प्रताप ठाकुर के अलावा कपड़ा एसोसिएशन के अध्यक्ष कन्हैयालाल इसरानी, उपाध्यक्ष मनोहर वीधानी, सिंधी सेंट्रल पंचायत महासचिव सुरेश जसवानी, कांग्रेसी पार्षद अशोक मारन, विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के जीतू कटारिया, भाजयुमो अध्यक्ष रोहन केवल रामू, नीलेश हिंगोरानी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**मशीन से चैक करेंगे शराब:** बैठक में पुलिस अधिकारियों ने बताया कि होली पर रंग-गुलाल खेलने की कोई मनाही नहीं है, लेकिन किसी पर भी जबरदस्ती रंग नहीं डाला जाए, खासतौर पर शराब से पूरी तरह से परहेज किया जाए। ट्रैफिक पुलिस एसीपी



देवेंद्र सिंह यादव ने कहा कि कम से कम डेढ़ सौ मशीनें हर पुलिस वाले के हाथ में होगी, जिससे यह जांचा जाएगा कि शराब पीकर वाहन तो नहीं चलाया जा रहा है। हम चाहते हैं कि शराब पीकर वाहन चलाने के बाद होने वाली दुर्घटनाओं पर सख्ती से रोक लगे, इसलिए शराब पीकर वाहन चलाने वालों को किसी भी सूरत मे बक्शा नहीं जाएगा। न केवल वाहन जब्त किया जाएगा, बल्कि कोर्ट में उसे 10 हजार का जुर्माना भी भरना पड़ेगा। विश्व हिंदू परिषद के जीतू कटारिया ने निकलने वाले जुलूस की जानकारी दी, जबकि रामू केवल ने साधु वासवानी कॉलेज के समीप सड़क बंद होने से जुलूस के दौरान होने वाली परेशानी पर ध्यान केंद्रित किया। इसी तरह भोपाल दिशा से आने वाले मनचले युवकों पर भी ध्यान देने की बात उठी। पुलिस ने बताया कि थाने के सामने सहित कालका चौराहा, मुख्य बाजार आदि जगहों पर चैकिंग प्वाइंट बनवाए जाएंगे।

# पुलिस की संयुक्त दबिश में 8 पेटी अवैध शराब जब्त, 10 केस दर्ज

## त्योहारों से पहले मंडीदीप-सतलापुर में कार्रवाई

**जागरण, मंडीदीप।** त्योहारों के मद्देनजर कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने मंडीदीप और सतलापुर पुलिस ने शनिवार देर रात अवैध शराब के विरुद्ध संयुक्त अभियान चलाया। एसडीओपी शीला सुराणा के नेतृत्व में दोनों थानों की टीमों ने समन्वित रूप से होटल, ढाबों और संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दी। पुलिस की यह कार्रवाई त्योहारों के दौरान संभावित अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से की गई।

अभियान के दौरान मंडीदीप, सतलापुर, वर्धमान क्षेत्र, राहुल नगर, हाईवे किनारे संचालित ढाबों, स्क्वायर कॉलोनी तथा रेलवे ब्रिज के नीचे सहित एक दर्जन से अधिक स्थानों की सघन जांच की गई। तलाशी के दौरान 8 पेटी अवैध देसी एवं मसाला शराब जब्त की गई। प्रारंभिक जांच में संकेत मिले हैं कि



त्योहारों में बढ़ती मांग को देखते शराब का अवैध भंडारण किया गया था। कार्रवाई के तहत मंडीदीप थाना क्षेत्र में दो और सतलापुर थाना क्षेत्र में आठ केस दर्ज किए गए, इस प्रकार कुल 10 मामले कायम हुए। पुलिस ने तीन आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज करते हुए न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अभियान में सतलापुर थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी तथा मंडीदीप थाना प्रभारी रंजीत सराठे सहित दोनों थानों का पुलिस बल मौजूद रहा।



# राष्ट्रीय मोदी सेवा समिति की बैठक आयोजित

**जागरण, बैरसिया।** राष्ट्रीय मोदी सेवा समिति संपूर्ण भारत मप्र की प्रदेश स्तरीय बैठक भोपाल जिले के ग्राम हर्रा खेड़ा में आयोजित की गई। बैठक में संगठन के सभी प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष मस्तान सिंह मारण, प्रदेश महामंत्री मनोहर नागर, प्रदेश कार्यालय मंत्री शिव कुमार श्रीवास्तव, प्रदेश नीति एवं शोध मंत्री हेमंत कुमार चौहान, भोपाल जिलाध्यक्ष कुलदीप नागर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती चंचल शिल्पी, जिला मंत्री जसपाल धाकड़, जिला कार्य समिति सदस्य शिशुपाल यादव, वरिष्ठ नेता विनोद भार्गव, ग्राम बर्री के पूर्व सरपंच घिसी लाल सूर्यवंशी, ग्राम पंचायत हर्राखेड़ा के पूर्व उपसरपंच लोकेश नागर आदि उपस्थित थे।

# औद्योगिक सुरक्षा बल के आरक्षकों के लिए पिनिंग समारोह आयोजित

## सीआइएसएफ कमांडेट ने चयनित कर्मियों को किया सम्मानित

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** राजा भोज एयरपोर्ट स्थित औद्योगिक सुरक्षा बल के वरिष्ठ आरक्षकों के लिए पिनिंग समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान सीआइएसएफ के कमांडेंट अतुल भनोत्रा द्वारा इकाई के चयनित कर्मियों को वरिष्ठ आरक्षक पद का प्रतीक चेवरॉन औपचारिक रूप से धारण कराकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने एयरपोर्ट की सुरक्षा में जवानों की महती भूमिका की तारीफ की और पदोन्नत कर्मियों को नई जिम्मेदारियों के निर्वहन में समर्पण, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जिस तरह देशभर में विभिन्न महत्वपूर्ण ठिकानों की सुरक्षा का जिम्मा सीआइएसएफ को दिया जा रहा है, वह उसकी समर्पण एवं विश्वसनीय का कारण है, इससे सिद्ध होता है कि सीआइएसएफ अपने दायित्व में पूरी तरह से खरी उतर रही है। उन्होंने कहा कि यह अवसर गर्व एवं उपलब्धि की भावना से परिपूर्ण रहा।




पदोन्नत कर्मियों ने अपने नए पदचिह्नों को गरिमा एवं आत्मविश्वास के साथ धारण किया। समारोह में इकाई के वरिष्ठ अधिकारी एवं सहकर्मी उपस्थित रहे तथा सभी ने कर्मियों को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी। पूरे कार्यक्रम का वातावरण उत्साह, सम्मान एवं प्रेरणा से ओत-प्रोत रहा, जिसका सभी ने आनंद लिया।

# हल्दी-कुमकुम लगाकर महिलाओं ने की सुख-समृद्धि की कामना

**मंडीदीप।** मंडीदीप कृषि उपज मंडी परिसर में रविवार को सामाजिक समरसता और सम्मान की भावना से ओत-प्रोत 'हल्दी-कुमकुम एवं वरिष्ठजन सम्मान समारोह' का भव्य आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय क्षत्रिय लोणारी कुनबी समाज, मध्यप्रदेश (भोपाल) के तत्वावधान में मंडीदीप सेवा संगठन (जिला-रायसेन) द्वारा किया गया। समारोह में मध्यप्रदेश भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल मुख्य अतिथि थे। उन्होंने समाज की एकजुटता और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखने के प्रयासों की सराहना की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को संगठित करने के साथ-साथ नई पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने वरिष्ठजनों के अनुभव को समाज की अमूल्य धरोहर बताया। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन समाज में भाईचारा, सहयोग और परंपराओं के संरक्षण का संदेश देते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक विधि-विधान के साथ दीप प्रज्वलन से हुई। महिलाओं ने एक-दूसरे को हल्दी-कुमकुम लगाकर सुख-समृद्धि की कामना की।

# राजधानी

# एमईएस रिपेयरिंग सेंटर में चोरी करने वाले छह गिरफ्तार

## आरोपियों ने दरवाजे का ताला तोड़कर की थी चोरी, बैरागढ़ पुलिस ने की कार्रवाई

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** बैरागढ़ इलाके में स्थित एमईएस रिपेयरिंग सेंटर से चोरी करने वाले छह आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों में दो चोरी का माल खरीदने वाले भी शामिल हैं। पुलिस ने उनसे 85 हजार रुपए कीमती मशरुका बरामद किया है। बैरागढ़ थाना प्रभारी अशोक गौतम ने बताया कि 30 वर्षीय शमीम अहमद पिता गुलाम हसन मूलतः गांव हलमतपुरा थाना व जिला कुपवाड़ा (जम्मू कश्मीर) का रहने वाला है। वह यहां जेई एमईएस जीई बैरागढ़ में रहता है। वह एमईएस में वाटर सप्लाई, विद्युत सप्लाई एवं अन्य उपकरण खराब होने पर रिपेयरिंग का काम करता है। एमईएस रिपेयरिंग सेंटर में करीब 60 नग पुराने खराब पंखे का हेड तथा 3 खराब गीजर रखे थे। 21 फरवरी की रात दस बजे शमीम रिपेयरिंग सेंटर बंद कर घर चला गया था। 23 फरवरी को आकर देखा तो दरवाजे का ताला टूटा था। चोर यहां से रिपेयरिंग का सामान चोरी कर ले गया था। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने चोरी करने वाले चार आरोपियों को चिन्हित किया। पूछताछ में उन्होंने चोरी करना कबूल किया। आरोपियों की पहचान सोनू दाहिया (19), वासू भूरिया उर्फ अच्जू (19), सुनील बिलवार (19) और विक्रम भाबोर उर्फ कालू (19) सभी निवासी सीआरपी फाटक रोड झुग्गी बैरागढ़ भोपाल के रूप में हुई। पूछताछ में उन्होंने बताया कि चोरी का माल उन्होंने दिनेश लालवानी (35) निवासी सीआरपी न्यू सैनिक स्टोर के पास और सन्नी भाबोर उर्फ कान्हा (31) निवासी सीआरपी फाटक रोड को बेचा है। पुलिस ने उनसे चोरी का माल बरामद किया।

## अरेरा हिल्स पुलिस ने तीन में 13 बदमाश गिरफ्तार कर भेजा जेल

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** अरेरा हिल्स इलाके में आए दिन गुंडागर्दी और मारपीट की शिकायत सामने आ रही थी। इस पर अंकुश लगाने के लिए थाना पुलिस ने तीन दिन में 13 आदतन बदमाश को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। ये आरोपी भीमनगर और रोशनपुरा झुग्गियों में अपराध कर रहे थे। 26 फरवरी को पुलिस ने 4 लोगों को शांति व्यवस्था भंग करने के लिए धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा। इसी तरह 27 व 28 फरवरी को भी क्रमशः 4 और 5 आरोपियों को शांति भंग करने के लिए भेजा है। सभी आरोपी आदतन अपराधी हैं। आरोपियों में आदिल काकोडिया, शुभम चौहान, निखिल धुर्वे, इरफान खान, उमर अली आदि गुंडे-बदमाश शामिल हैं।

## भगवान की वेदी के समक्ष विश्व शांति के लिए की गई सामूहिक प्रार्थना

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** राजधानी के मंगलवारा स्थित श्री चन्द्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर में रविवार को समाज की महिलाओं और श्रद्धालुओं द्वारा विश्व शांति एवं मानवता के कल्याण हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए जैन समाज द्वारा अहिंसा और शांति का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में उपस्थित महिलाओं ने हाथों में शांति संदेश की तख्तियां लेकर युद्ध के विरोध में अपनी आवाज बुलंद की। पोस्टर के माध्यम से संदेश दिया गया कि युद्ध पूरी मानवता को सदियों पीछे धकेल देता है और जियो और जीने दो। भगवान की वेदी के समक्ष श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से विश्व शांति की कामना की। इस दौरान समाज की महिलाओं ने परमाणु बम समस्याओं का समाधान नहीं, बल्कि विनाश है। जैसे नारों के साथ अहिंसक जीवन शैली अपनाने पर जोर दिया। मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और मंडल विधान का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्राविकाओं ने भाग लिया।

# संपत्तिकर जमा न करने वाले वरदान हॉस्पिटल की इमारत की गई कुर्क

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** नगर निगम द्वारा वित्तीय वर्ष बदलने के पूर्व संपत्तिकर, जलदर प्रभार सहित अन्य राजस्व वसूली की कार्रवाई की जा रही है, जिसके तहत रविवार को जोन-7 के वार्ड-34 में 8 बकायादारों द्वारा संपत्तिकर न चुकाने पर उनकी संपत्तियों को कुर्क करने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के तहत जहांगीराबाद स्थित वरदान हॉस्पिटल भवन पर 15 लाख 60 हजार 731 रुपए बकाया होने पर संपत्ति को कुर्क किया गया। इसी के साथ जहांगीरबाद बाजार स्थित मकान नंबर 122 पर 1 लाख 18 हजार 376 रुपए बकाया होने पर, फर्राशखाना जहांगीराबाद स्थित मकान नंबर 12 पर 1 लाख 76 हजार 950 रुपए और 115 जहांगीराबाद पर 2 लाख 16 हजार 262 रुपए और जेल रोड जहांगीराबाद स्थित मकान नंबर 84 पर 80 हजार 591 रुपए, अहिरपुरा स्थित मकान नंबर 62 पर 1 लाख 87 हजार 369 रुपए और मकान नंबर 02, सिलावटपुरा पर 1 लाख 15 हजार 121 रुपए, अहिरपुरा जहांगीराबाद स्थित मकान नंबर 88 पर 2 लाख 63 हजार 150 रुपये बकाया होने पर संपत्तियों को कुर्क करने की कार्रवाई की गई।

### रविवार के दिन भी खुले रहे वार्ड कार्यालय

रविवार को शहर के सभी 85 वार्डों के साथ 162 स्थानों पर विशेष राजस्व वसूली शिविर आयोजित किए गए। इस दौरान करीब 1053 करदाताओं ने 73 लाख 29 हजार 791 रुपए से ज्यादा का राजस्व नगर निगम कोष में जमा कराया गया। नगर निगम द्वारा आयोजित किए जा रहे विशेष राजस्व वसूली शिविरों की सूचना नगर निगम वाहनों से मुनादी कराकर दी जा रही है।

## SUDOKU 163

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | 8 | 2 | | | 1 |
| 8 | | 6 | 7 | | 1 | 5 | | |
| 7 | | | 9 | | | | | |
| | | | | | | 1 | | 2 |
| | | | 6 | | 8 | | | |
| 6 | | 7 | | | | | | |
| | | | | | 6 | | | 4 |
| | | 4 | 1 | | 9 | 2 | | 8 |
| 5 | | | 8 | 2 | | 7 | | |

## SOLUTIONS 162

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 9 | 3 | 4 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 1 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 7 | 4 | 8 | 5 |
| 2 | 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 7 | 2 | 1 |
| 1 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 9 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 5 | 2 | 8 | 3 | 1 | 6 | 9 |
| 8 | 3 | 6 | 9 | 1 | 5 | 2 | 7 | 4 |
| 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 8 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष :** आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**वृष :** व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेंगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी।

**मिथुन :** आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कर्क :** बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे।

**सिंह :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचें। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी।

**कन्या :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी।

**तुला :** अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा।

**वृश्चिक :** आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी।

**धनु :** उच्च मनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**मकर :** आत्मीय जनों से मिलन होगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे।

**कुंभ :** घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है।

**मीन :** शांतिपूर्वक नित्य कार्य करे। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते है।

**आज का पंचांग:** 02 मार्च सोमवार 2026। **दिशाशूल :** पूर्व। **पर्व एवं त्यौहार :** होलिका दहन (रात्रि 01:30 बजे के पश्चात), उत्तम मुहूर्त प्रातः 05:32 बजे से सूर्योदय तक। **भद्रा :** सायं 05:57 बजे से 29 घंटे 32 मिनट तक। विक्रम संवत 2082 शके 1947 उत्तरायण, दक्षिणगोल, शिशिर ऋतु फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 17 घंटे 57 मिनट तक, तत्पश्चात मघा नक्षत्र अतिगंड योग 12 घंटे 20 मिनट तक, कर्क में चंद्रमा 07 घंटे 52 मिनट तक तत्पश्चात सिंह में।

# राजधानी के 52 सेंटर्स से गोकाष्ट की हो रही बिक्री



**जागरण संवाददाता, भोपाल।** होलिका दहन के पूर्व शहर में गोकाष्ठ की बिक्री जोर-शोर से हो रही है। जिसके चलते रविवार के दिन शहर भर में कुल 1800 क्विंटल गोकाष्ठ की बिक्री दर्ज की गई। गोकाष्ठ समिति के समन्वयक मम्तेश शर्मा ने बताया कि साल दर साल शहर में गोकाष्ठ की मांग बढ़ती जा रही है और लोग लकड़ियों को छोड़ कर गोकाष्ठ से होलिका दहन कर रहे हैं। शर्मा ने बताया कि समिति पिछले 9 सालों से होलिका दहन के अवसर पर हजारों क्विंटल गोकाष्ठ शहरवासियों को उपलब्ध करवाती है। जिससे जंगलों के संरक्षण के साथ गौ संरक्षण भी होता है। वर्तमान में समिति द्वारा 30 किलो के कपड़े के बैग में गोकाष्ठ उपलब्ध करवाई जा रही है। जिससे शहरवासी आसानी से इसे खरीद कर दहन स्थन तक ले जा सकते हैं। समिति द्वारा शहर में प्लेटिनम प्लाजा माता मंदिर, श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर शिवाजी नगर, मां कालिका मंदिर कामधेनु गोशाला भदभदा रोड, भोजपुर क्लब अरेरा कॉलोनी, शुभम नर्सरी पटेल नगर, गुजराती कॉलोनी बावड़ियां कला, नर्मदा इंडस्ट्रीज गोविंदपुरा, श्री राम मंदिर हमीदिया रोड, मंगलवारा थाने के पास, मानस भवन श्यामला हिल्स, शुभम नर्सरी होशंगाबाद रोड, गोमती कॉलोनी नेहरू नगर, मानस उद्यान गुफा मंदिर, दैनिक भास्कर मुख्यालय एमपी नगर, मिलन केटर्स बरखेड़ा, आदित्य एवेन्यू एयरपोर्ट रोड, ग्लोबस ग्रीन एकड़ फेस टू क्लब हाउस लालघाटी, मंदाकिनी ग्राउंड कोलार, अरेरा क्लब लिंक रोड नंबर एक, प्रेम कुटी नादरा बस स्टैंड, चलित वाहन जंबूरी मैदान, मेहता मार्केट पर गोकाष्ठ की बिक्री की जा रही है।

# पीड़ित 65 बच्चों का किया नेत्र परीक्षण

**नगर संवाददाता, भोपाल।** एम्स भोपाल के नेत्र रोग विभाग की टीम ने रविवार को सेरेब्रल पाल्सी एसोसिएशन ऑफ इंडिया, जाटखेड़ी में नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम और नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य विशेष रूप से बहु-विकलांगता से ग्रसित बच्चों में दृष्टि संबंधी समस्याओं की समय पर पहचान करना और उनके परिजनों को नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। शिविर में 65 से अधिक सेरेब्रल पाल्सी से प्रभावित बच्चों की नेत्र जांच की गई। इसके अतिरिक्त वहां उपस्थित बच्चों के अभिभावकों तथा संस्थान के स्टाफ की भी आंखों की जांच की गई। जिन बच्चों अथवा अभिभावकों में आगे उपचार की आवश्यकता पाई गई, उन्हें एम्स भोपाल में परामर्श और उपचार के लिए संदर्भित किया गया। टीम में मौजूद चिकित्सकों ने बताया कि यह पहल महत्वपूर्ण है, क्योंकि समय पर नेत्र जांच से दृष्टि संबंधी समस्याओं का शीघ्र पता लगाया जा सकता है और स्थायी दृष्टि हानि से बचा जा सकता है। साथ ही, नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को यह संदेश दिया गया कि मृत्यु के बाद नेत्रदान करके किसी जरूरतमंद को नई रोशनी दी जा सकती है।



रंगों के उत्सव के रूप में मशहूर होली का त्योहार राधा और कृष्ण की मनमोहक कथा से गहराई से जुड़ा हुआ है। राधा और कृष्ण के बीच का रिश्ता दिव्य और सांसारिक के रहस्यमय मिलन का प्रतीक है। यह गहरा संबंध होली के दौरान सबसे जीवंत रूप से प्रदर्शित होता है, जहाँ लोग रंगों के उत्साहपूर्ण आदान-प्रदान के माध्यम से प्रेम का जश्न मनाते हैं

होली महज रंगों का उत्सव नहीं है, बल्कि यह बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है, वसंत ऋतु के आगमन की घोषणा करती है और सामूहिक सद्भाव का जश्न मनाती है। भारत के विभिन्न क्षेत्रों में इस त्योहार को अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक रंगत जोड़ा जाता है। राधा और कृष्ण की कथा के संदर्भ में, होली उन आनंदमय क्षणों का प्रतीक है जो उन्होंने साथ बिताए, जहाँ रंग भावनाओं की अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम बन गए।

# राधा और कृष्ण के शाश्वत बंधन की मनमोहक कहानी

## अनुष्ठान और सांस्कृतिक परंपराएं

होली मनाने के तरीके अलग-अलग क्षेत्रों में भिन्न होते हैं, लेकिन इसका मूल भाव एक जैसा ही रहता है। समुदाय एक साथ मिलकर गीत गाते हैं, नाचते हैं और एक-दूसरे को रंगों से सजाते हैं, जो राधा और कृष्ण की उल्लासपूर्ण भावना को दर्शाता है। उत्सव में ठंडाई जैसे पारंपरिक पकवान और पेय बनाना भी शामिल है, जो पारिवारिक और सामाजिक बंधनों को मजबूत करता है। प्राकृतिक सामग्रियों का उपयोग करके, हम न केवल पारंपरिक उत्सवों का सम्मान करते हैं बल्कि अपने ग्रह के पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा भी करते हैं। प्राकृतिक रूप से प्राप्त रंग राधा और कृष्ण द्वारा सन्निहित गहन प्रेम और उल्लास के साथ प्रतिध्वनित होते हैं, जिससे होली का ऐसा उत्सव संभव होता है जो व्यक्तिगत और पर्यावरणीय दोनों कल्याण का पोषण करता है होली से प्रेरित उत्सवों के रूपांतरण विभिन्न देशों में देखे जा सकते हैं, जहाँ समुदाय प्रेम, मित्रता और वसंत के आगमन का जश्न मनाने के लिए एकजुट होते हैं। राधा और कृष्ण की प्रेम कहानी में समाहित सार्वभौमिक विषय विश्व स्तर पर गूंजते हैं, जो होली को वास्तव में एक अंतरराष्ट्रीय उत्सव में बदल देते हैं। इस वर्ष, आइए हम केवल रंगों से न खेलें बल्कि प्रेम और खुशी फैलाएं, राधा और कृष्ण द्वारा स्थापित दिव्य उदाहरण का अनुकरण करें।

## भावनाओं का अभिव्यंजक पैलेट

होली के दौरान, प्रतिभागी अक्सर प्राकृतिक सामग्रियों से बने रंगों का उपयोग करते हैं, जो उन रंगों की याद दिलाते हैं जो दिव्य युगल को उनकी खेल-खेल में की गई गतिविधियों के दौरान सुशोभित करते थे। ये रंग केवल सजावटी तत्व नहीं हैं, बल्कि प्रेम, सौहार्द और जीवन के उत्सव की भावना को समाहित करते हैं।

## राधा कृष्ण से प्रेरित होली समारोह

भारत के कई क्षेत्रों में, विशेषकर वृंदावन में, होली एक अनोखे अंदाज़ में मनाई जाती है। लठमार होली जिसमें महिलाएं उत्साहपूर्वक पुरुषों पर लाठियां चलाती हैं, राधा द्वारा कृष्ण के विरुद्ध किए गए प्रतिशोध का प्रतीक है। यह परंपरा उनके रिश्ते की आनंदमयी और चंचल प्रकृति को उजागर करती है, और प्रतिभागियों को असीम आनंद और हंसी का अनुभव करने के लिए प्रोत्साहित करती है।



# ससुराल में पहली होली

शादी के बाद हर त्योहार खास होता है, लेकिन पहली होली का महत्व अलग ही होता है। यह सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि नए रिश्तों को मजबूत करने का अवसर भी है। खासतौर पर सास के लिए यह मौका होता है कि वह बहू को अपनापन और सम्मान का अहसास कराए। प्यार, सम्मान और समझदारी से मनाई गई होली पूरे परिवार के लिए यादगार बन सकती है। नई बहू के लिए पहली होली नए जीवन की शुरुआत का प्रतीक है। यह समय होता है जब बहू अपने नए परिवार में पूरी तरह से घुलने-मिलने की कोशिश करती है। ऐसे में सास का सहयोग और स्नेह रिश्ते को मजबूत बना सकता है। अगर आपके घर में इस साल नई बहू की पहली होली है तो इन जरूरी बातों का ध्यान जरूर रखें।

शादी के बाद अगर ये बहू की पहली होली है तो सबसे जरूरी है कि सास अपनी बहू को सारे रीति रिवाज समझाएं और होली को परिवार के लिए यादगार बनाएं।



## पहली होली का रिवाज

भारत में अधिकतर जगहों पर शादी के बाद पहली होली बहू अपने मायके में ही मनाती है। बहू की पहली होली ससुराल में नहीं होती। शादी के बाद की दूसरी होली ही ससुराल में उनकी पहली होली होती है। जो दुल्हन अपने ससुराल में पहली बार होली मना रही हैं, उनको खास महसूस कराने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

## बहू की पसंद-नापसंद जानें

हर किसी की होली खेलने की अपनी पसंद होती है। कुछ लोगों को सूखी होली पसंद होती है, तो कुछ रंगों से दूर रहना चाहते हैं। सास को चाहिए कि पहले बहू से उसकी पसंद पूछ लें, ताकि वह सहज महसूस करे। साथ ही परिवार के अन्य सदस्यों को भी ताकीद करें कि होली खेलते समय नई बहू को असहज महसूस कराने जैसा कोई काम न करें।

## रस्मों में शामिल करें, लेकिन दबाव न बनाएं

कई घरों में पहली होली पर खास रस्में होती हैं। जैसे पहली गुजिया बनवाना, होली की पूजा करने जाना, परिवार के साथ रंग खेलना। रस्मों में बहू को जरूर शामिल करें, लेकिन किसी भी चीज के लिए जबरदस्ती न करें।

## घर का माहौल खुशनुमा रखें

होली का त्योहार खुशी और रंगों का प्रतीक है। छोटी-छोटी बातों पर नाराजगी से बचें और घर में सकारात्मक माहौल बनाए रखें। पहली होली की यादें जीवनभर साथ रहती हैं। बहू की सेहत और सुरक्षा का ध्यान रखें। केमिकल वाले रंगों से बचें। आंखों और त्वचा की सुरक्षा का ध्यान रखें। ज्यादा भीड़-भाड़ से बचें। त्योहार में आराम का भी समय दें।

# होली के लिए स्किन को करें तैयार




होली रंगों और उमंगों का त्योहार है, लेकिन ये त्योहार आपकी त्वचा के लिए चुनौती भी बन सकता है। आजकल बाजार में मिलने वाले केमिकल युक्त रंग त्वचा को रूखा, बेजान और एलर्जी का शिकार बना सकते हैं। कई बार रंग इतने पक्के होते हैं कि उन्हें हटाने में कई दिन लग जाते हैं, जिससे स्किन डैमेज होने का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए जरूरी है कि होली खेलने से पहले ही अपनी त्वचा को तैयार कर लिया जाए।

सही स्किन केयर रूटीन अपनाकर आप न सिर्फ रंगों से होने वाले नुकसान से बच सकते हैं, बल्कि होली के बाद भी अपनी त्वचा को हेल्दी और ग्लोइंग बनाए रख सकते हैं। अगर आपकी स्किन पहले से ही हाइड्रेटेड होगी तो रंग त्वचा की गहराई तक नहीं जा पाएंगे। रात में सोने से पहले मोटी लेयर में मॉइश्चराइजर लगाएं। ड्राई स्किन वाले लोग क्रीम बेस्ड मॉइश्चराइजर इस्तेमाल करें। ऑयली स्किन वाले लोग जेल बेस्ड मॉइश्चराइजर चुनें। ये इसलिए क्योंकि लगातार 5-7 दिन की मॉइश्चराइजिंग स्किन पर प्रोटेक्टिव बैरियर बना देती है।

स्किन पर तेल की परत क्यों जरूरी है?

तेल एक प्राकृतिक शील्ड का काम करता है। नारियल तेल, जैतून तेल या बादाम तेल त्वचा पर अच्छी तरह मसाज करें। कानों के पीछे, गर्दन और नाखूनों के आसपास भी तेल लगाना न भूलें। इससे रंग आसानी से पानी से निकल जाते हैं और रगड़ने की जरूरत नहीं पड़ती।

**अगर आप नहीं चाहते कि होली का रंग आपकी त्वचा पर चढ़े तो अभी से अपनी त्वचा को उसके लिए तैयार करें।**

## सनस्क्रीन का क्या रोल है ?

होली ज्यादातर दिन में खेली जाती है। ऐसे में धूप और रंग स्किन को ज्यादा डैमेज करते हैं। इसलिए-

कम से कम एसपीएफ 40 या 50 सनस्क्रीन लगाएं। 20 मिनट पहले लगाएं ताकि स्किन में अच्छे से सेट हो जाए। अगर लंबे समय तक बाहर हैं तो दोबारा लगाएं। इससे टैनिंग, पिग्मेंटेशन और सनबर्न से बचाव होता है।

## 4. कपड़ों का चुनाव क्यों अहम है?

फुल स्लीव्स और फुल पैंट पहनने से त्वचा कम एक्सपोज होगी। कॉटन कपड़े पहनें ताकि स्किन सांस ले सके। बहुत टाइट कपड़े न पहनें। इससे कम एक्सपोजर होगा और स्किन भी डैमेज कम होगी।



# ऐसे हों तैयार कि हर कोई देखता रह जाए

जैसे-जैसे होली नजदीक आती है, हर कोई होली पार्टी की तैयारी में जुट जाता है। अगर आप भी इस बार होली पार्टी में शामिल होने जा रहे हैं लेकिन समझ नहीं पा रहे कि कैसे तैयार हों, क्या पहनें, स्किन और बालों का कैसे ध्यान रखें या पार्टी में सबसे अलग कैसे दिखें तो यहां आपके लिए कुछ टिप्स हैं।

- होली पार्टी के लिए कपड़े चुनते समय स्टाइल के साथ आराम का ध्यान रखना बहुत जरूरी है।
- सफेद या हल्के रंग जैसे व्हाइट, क्रीम, लाइट पिंक या बेबी ब्लू पहनने से रंग ज्यादा उभरकर दिखाई देते हैं।
- कॉटन या लिनन जैसे हल्के फैब्रिक पहनें क्योंकि ये पसीना सोखते हैं और स्किन को सांस लेने देते हैं। बहुत टाइट कपड़े पहनने से बचें, क्योंकि गीले होने पर असहज महसूस हो सकता है।
- ऐसे कपड़े न पहनें जो बहुत महंगे हों या जिन्हें ड्राई क्लीन की जरूरत पड़े, क्योंकि होली के रंग पूरी तरह निकलना मुश्किल हो सकता है।

## स्किन और बालों की सुरक्षा



- होली के रंगों में कभी-कभी केमिकल मिल सकते हैं, इसलिए पहले से तैयारी जरूरी है।
- रंग खेलने से लगभग आधा घंटा पहले चेहरे, हाथ, गर्दन और पैरों पर नारियल या सरसों का तेल लगाएं। इससे रंग सीधे त्वचा में नहीं घुसता और बाद में आसानी से साफ हो जाता है।
- बालों में अच्छी तरह तेल लगाकर चोटी या जूड़ा बना लें, ताकि बाल कम डैमेज हों।
- नाखूनों पर नेलपेंट लगाने से भी रंग चढ़ने से बचाव होता है।
- होली पार्टी में हैवी मेकअप की बजाय हल्का और नेचुरल लुक बेहतर रहता है। वॉटरप्रूफ काजल और मस्कारा का इस्तेमाल करें ताकि पसीने या पानी से मेकअप खराब न हो। फाउंडेशन की जगह बीबी या सीसी क्रीम लगाना ज्यादा सही रहता है। होंठों पर लिप बाम या टिंटेड लिप बाम लगाएं, जिससे होंठ सूखें नहीं।
- आंखों को रंगों से बचाने के लिए सनग्लासेस पहनें। पैरों में आरामदायक सैंडल, फ्लोटर्स या पुराने जूते पहनें ताकि फिसलन से बचा जा सके।



# होली पर बनाएं ये स्पेशल ड्रिंक, पकौड़े और मिठाई

होली की तैयारियों में कई तरह के पकवान बनाए जाते हैं और रंग खेली जाती है। इस दौरान लोग मेहमानों को कई तरह की ड्रिंक सर्व करते हैं। यहां आपको होली की स्पेशल ड्रिंक के बारे में बताने जा रहे हैं।

जब भी होली का नाम आता है तो लोगों के मन में रंग, मिठाई, भांग और ठंडाई का ख्याल सबसे पहले आता है। मिठाई और पकवान तो लगभग सभी घरों में बनते हैं, लेकिन कुछ घरों में ठंडाई और भांग भी बनाई जाती है। ऐसे में अगर आप इस बार कुछ अलग ट्राई करना चाहती हैं, तो क्यों न मेहमानों को स्पेशल ड्रिंक सर्व की जाए। खास बात तो ये है कि आप इसे बच्चों को भी सर्व कर सकती हैं। आप इन्हें कम समय में ही बना सकती हैं।

## ठंडा-ठंडा रोज मिल्क शेक

अगर आप कुछ मीठा, फ्लेवरफुल और देखने में सुंदर सर्व करना चाहती हैं, तो रोज मिल्क शेक एक बढ़िया ऑप्शन है। इसका हल्का गुलाबी रंग ड्रिंक को खास बना देता है।



### कैसे बनाएं?

एक गिलास ठंडा दूध लें। उसमें दो चम्मच रोज सिरप मिला दें। अब आप इसमें स्वादानुसार चीनी डाल सकती हैं। हालांकि सिरप पहले से मीठी होती है, तो आप उस हिसाब से ही इसमें चीनी डालें। अब इसमें आइस क्यूब्स डालकर अच्छे से मिला लें। ऊपर से थोड़े कटे हुए पिस्ता और बादाम डालकर गार्निश कर दें। आप चाहें तो इसमें थोड़ा सा भीगा हुआ सब्जा सीड भी डाल सकती हैं। इससे ड्रिंक और भी रिफ्रेशिंग लगेगी।

## मसाला छाछ

होली पर इतनी सारी खाने की चीजें बनाई और खाई जाती हैं कि लोगों को कुछ हल्का चाहिए होता है। जिससे पेट को आराम भी मिल सके। ऐसे में मसाला छाछ से बेहतर कुछ हो ही नहीं सकता है। इसे आप आसानी से बना सकती हैं। ये पेट को भी आराम पहुंचाएगा औा स्वादिष्ट भी रहेगा।

### कैसे बनाएं?

सबसे पहले दही में थोड़ा पानी, भुना हुआ जीरा पाउडर, हींग, काला नमक, अदरक और हरी मिर्च का पेस्ट मिला लें। अब ऊपर से हरा धनिया डालकर इसे मिट्टी के कुल्हड़ में आप होली पर आए मेहमानों को सर्व कर सकती हैं। इसका स्वाद एकदम देसी और लाजवाब होता है।

## भांग की पकोड़ी



होली का त्योहार के मौके पर भांग के पकौड़े बनाने का चलन बहुत पुराना रहा। इन्हें बनाना काफी आसान है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, भांग को एक शुभ पेय माना जाता है जिसे भगवान शिव ने ग्रहण किया था। उत्तराखंड में इन्हें घर पर बनी भांग की चटनी के साथ परोसा जाता है। इन्हें बच्चों की पहुँच से दूर रखें!

**कैसे बनाएं :** सामग्री- बेसन में भांग को मिलाकर प्याज और आलू के पकौड़े बना सकते हैं। इसे हरी चटनी के साथ सर्व कर सकते हैं। पहले मिश्रण को बनाने के लिए बेसन में प्याज और आलू के कटे हुए पीस मिक्स करें। साथ ही इसमें भांग का पेस्ट भी मिलाएं। इसमें नमक मिर्च हींग अजवाइन डाल कर गाढ़ा पेस्ट बना लें। कढ़ाही में तेल को गर्म करें और धीरे-धीरे इसमें 1-1 स्कूप बैटर को डालें, हल्का भूरे रंग का होने तक इसे फ्राई करें और हरी चटनी के साथ गर्मा-गर्म सर्व करें।

## मालपुआ

मालपुआ एक पारंपरिक भारतीय मिठाई है। यह पैनकेक जैसी दिखने वाली मिठाई है, जिसे घी में तला जाता है और फिर चीनी की चाशनी में डुबोया जाता है। होली पर बनाई जाने वाली मालपुआ का स्वाद लाजवाब होता है और इसे साधारण सामग्रियों से आसानी से बनाया जा सकता है।




**यहाँ कुछ स्वास्थ्यवर्धक विकल्प दिए गए हैं -**

**पनीर मालपुआ :** यह रेसिपी पनीर और खोया से बनाई गई है । इसमें थोड़ा सा केसर भी मिला दें , जिससे इसकी खुशबू और स्वाद लाजवाब हो जाएगा।

**रागी मालपुआ :** यह रागी के आटे, साबुत गेहूं और ओट्स से बनाया जाता है। सारे बेहतरीन स्वाद, बिना किसी गिल्ट के।

## मौसम अपडेट

**प्रदेश के चार महानगरों का तापमान**




**देश के चार महानगरों का तापमान**

| | |
|---|---|
| दिल्ली 30.7 अधिकतम 15.4 न्यूनतम | मुंबई 30.8 अधिकतम 19.4 न्यूनतम |
| चेन्नई 36.5 अधिकतम 19.5 न्यूनतम | कोलकाता 32.2 अधिकतम 23.0 न्यूनतम |

सूर्यास्त 6:23 PM
सूर्योदय 6:43 AM
चन्द्रोदय 4:26 AM
चन्द्रास्त 5:10 PM

**सिंहस्थ को लेकर एनजीटी की तीन सदस्यीय टीम के निरीक्षण में सामने आई हकीकत**

# शिप्रा में सीधे मिल रहा सीवरेज का पानी गंगाघाट पर मशीनों से हो रही पेड़ कटाई



**जागरण उज्जैन।** सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के बीच शिप्रा नदी की स्वच्छता और पर्यावरणीय स्थिति को परखने के लिए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की ज्वाइंट इन्वेस्टिगेशन टीम उज्जैन पहुंची। तीन सदस्यीय टीम ने शहर के विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान गंगाघाट पर मशीन से पेड़ कटते नजर आए, वहीं कुछ स्थानों पर सीवरेज का पानी सीधे शिप्रा नदी में मिलते भी देखा गया। टीम ने मौके पर वीडियो रिकॉर्डिंग और फोटो दस्तावेज तैयार किए। निरीक्षण दल में सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड भोपाल के वैज्ञानिक डॉ. अनूप चतुर्वेदी, मिनिस्ट्री ऑफ इन्वायरमेंट, फॉरेस्ट एंड क्लाइमेट चेंज के प्रतिनिधि राजशेखर रेड्डी तथा ईपीसीओ भोपाल के असिस्टेंट साइंटिफिक ऑफिसर डॉ. मनोज विश्वकर्मा शामिल थे। टीम ने घाटों की स्थिति, नदी किनारे चल रहे कार्यों और जल गुणवत्ता से जुड़े पहलुओं की बारीकी से पड़ताल की। निरीक्षण के दौरान गंगाघाट क्षेत्र में मशीनों से पेड़ काटे जाते पाए गए। पर्यावरणीय नियमों के तहत नदी किनारे हरित क्षेत्र को संरक्षित रखना अनिवार्य है। ऐसे में टीम ने संबंधित अधिकारियों से इस संबंध में जानकारी ली और कार्रवाई का संकेत दिया।

### विस्तृत रिपोर्ट होगी तैयार

कुछ स्थानों पर सीवरेज लाइन का पानी बिना शोधन के शिप्रा में गिरता नजर आया। यह स्थिति सिंहस्थ जैसे विशाल आयोजन से पहले गंभीर मानी जा रही है। टीम ने जल प्रदूषण के संभावित प्रभावों को देखते हुए विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने की बात कही।

### 30 करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन का अनुमान

मालूम हो कि आगामी सिंहस्थ-2028 के दौरान करीब 30 करोड़ श्रद्धालुओं के उज्जैन आने और शिप्रा में स्नान करने का अनुमान है। इतने बड़े आयोजन को देखते हुए एनजीटी की टीम ने पर्यावरणीय मानकों की स्थिति का आकलन शुरू कर दिया है, ताकि समय रहते सुधारात्मक कदम उठाए जा सकें। सूत्रों के अनुसार टीम अपनी रिपोर्ट एनजीटी को सौंपेगी, जिसके आधार पर आगे की दिशा तय होगी। माना जा रहा है कि यदि अनियमितताएं पाई गईं तो संबंधित विभागों को नोटिस जारी किए जा सकते हैं।

## महाकाल के बाद अब मंगलनाथ में भी रंग-गुलाल पर प्रतिबंध

**उज्जैन।** बाबा महाकाल की नगरी में महाकालेश्वर मंदिर में 2 और 3 मार्च को पहले ही रंग-गुलाल लेकर प्रवेश और होली खेलने पर पहले ही रोक लगाई जा चुकी है। अब इसी कड़ी में मंगलनाथ मंदिर प्रशासन ने भी होली के दौरान रंगों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। मंदिर प्रशासन के अनुसार 3 मार्च को चंद्र ग्रहण के कारण सुबह 6 बजकर 47 मिनट से शाम 6 बजकर 47 मिनट तक सूतक काल प्रभावी रहेगा। इस अवधि में मंगलनाथ मंदिर में भांत पूजा सहित किसी भी प्रकार की पूजा-अर्चना पूर्णत प्रतिबंधित रहेगी। श्रद्धालु केवल दर्शन ही कर सकेंगे, पूजा-पाठ या विशेष अनुष्ठान की अनुमति नहीं होगी। मंदिर प्रशासक केके पाठक ने बताया कि यह निर्णय उच्च न्यायालय की गाइडलाइन के तहत लिया है। मंदिर परिसर की पवित्रता, सुरक्षा को ध्यान में रख होली खेलने पर सख्ती बरती जा रही है।

# ढाई करोड़ की ठगी: गैंग के 4 आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार

## 90 साल के रिटा. एयरफोर्स अफसर से ठगी का मामला

**जागरण, ग्वालियर।** शहर में 90 वर्षीय रिटायर्ड एयरफोर्स रेडियोलॉजिस्ट को 27 दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखकर 2.52 करोड़ 16 हजार रुपए ठगने वाली गैंग के चार सदस्यों को क्राइम ब्रांच ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस गिरफ्तार चारों आरोपियों मोहित मिश्रा, साहिल खान, राहुल प्रजापति और हरीश रावत से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। गिरफ्तार आरोपियों में दो म्यूल अकाउंट खुलवाने वाले एजेंट हैं, जबकि दो ऐसे आरोपी हैं जिनके नाम पर फर्जी फर्म जिग्गा क्रंच एंड स्नैक्स रजिस्टर्ड कर करंट अकाउंट खोला था। इसी खाते में 30 लाख से ज्यादा का ट्रांजेक्शन हुआ था। जांच में सामने आया कि ठगी की रकम पहले पांच अलग-अलग खातों में डाली और वहां से 15 राज्यों के 300 से अधिक म्यूल अकाउंट्स में ट्रांसफर कर दी गई। दरअसल, शहर के विंडसर हिल्स टाउनशिप निवासी नारायण महादेव टिकेकर एयरफोर्स के मेडिकल विभाग से रेडियोलॉजिस्ट पद से रिटायर्ड हुए हैं। 28 जनवरी 2026 को उन्हें व्हाट्सएप कॉल आया, जिसमें ठग ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया और कहा कि उनके दस्तावेज आधार-पैन से जुड़े सिम से फ्रॉड हुआ है। इसलिए उनकी गिरफ्तारी होगी। सीनियर सिटीजन होने का हवाला देने पर उन्हें डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाया गया। जांच के नाम पर अलग-अलग तारीखों में कुल 2 करोड़ 52 लाख 16 हजार रुपए ट्रांसफर करा लिए गए, जिसकी शिकायत पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने पहुंचकर की थी।



### कड़ियां जोड़कर आरोपी तक पहुंचे

पुलिस ने एफआईआर के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। तभी क्राइम ब्रांच ने खातों की ट्रेल खंगालते हुए दिल्ली, नोएडा, वाराणसी और गुंटूर तक नेटवर्क जोड़ा। दिल्ली में फर्म के करंट अकाउंट की लोकेशन ट्रेस कर मोहित मिश्रा और साहिल खान को पकड़ा। पूछताछ में उन्होंने बताया कि राहुल प्रजापति और हरीश रावत के कहने पर फर्म खोलकर खाता चालू कराया गया था। खाते में आई रकम के एवज में उन्हें 2.5 लाख रुपए कमीशन मिला हैं। बैंक वैरीफिकेशन होने के एक महीने बाद फर्म बंद कर दी थी, जिसके बाद पुलिस ने दोनों एजेंट राहुल प्रजापति और हरीश रावत को भी दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया।

## महू में आर्मी मेजर की कार ने पांच गाड़ियां उड़ाईं, चार लोग घायल

**जागरण, महू।** इंदौर के पास महू में आर्मी मेजर ने अपनी कार से एक बाद एक पांच गाड़ियों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद एक गुस्साई महिला ने मेजर की चप्पल से पिटाई कर दी। इस दौरान कुछ अन्य लोगों ने भी मेजर के साथ मारपीट की। घटना इंदौर-महू मार्ग पर किशनगंज रेलवे ब्रिज के नीचे रविवार सुबह करीब 8 बजे की है। हादसे में चार लोग घायल हुए हैं। स्थानीय लोगों ने घायलों को महू के सिविल अस्पताल पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार तेज गति में थी और चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक सवारों को टक्कर मारी। टक्कर के बाद कुछ बाइक सड़क पर दूर तक घिसट गईं। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और कार चालक को हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी राहुल शर्मा का कहना है कि अभी तक घायलों में से किसी ने भी केस दर्ज नहीं कराया है। कार चालक आर्मी का मेजर है, उसके दस्तावेजों की जांच जारी है। हादसे के कारण 15 मिनट तक यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर मार्ग को सुचारू किया, जिस मेजर ने बाइक सवारों को टक्कर मारी, वह महू की आर्मी यूनिट में पदस्थ है। मेजर तेज रफ्तार कार चलाते हुए इंदौर की ओर से महू आ रहा था, तभी महू से इंदौर की ओर ब्रिज चढ़ रहे वाहन चालकों को टक्कर मारते हुए थोड़ी दूर घसीटता हुआ ले गया।



## पिटते को बचाया तो युवक ने आरक्षक की कॉलर पकड़कर जड़ा थप्पड़

**जागरण, उमरिया।** ड्यूटी से लौट रहे एक कांस्टेबल के साथ उमरिया में एक युवक ने मारपीट की। आरोपी युवक ने आरक्षक की कॉलर पकड़कर उसे थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद पुलिसकर्मी ने भी उसकी धुनाई कर दी। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर दोनों को अलग किया। आरोपी युवक के खिलाफ मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया है। घटना शनिवार रात की है। इसका वीडियो रविवार दोपहर सामने आया। दरअसल रणविजय चौक पर विमल लाडिया नाम का युवक विक्षिप्त व्यक्ति के साथ मारपीट कर रहा था। इसी दौरान कॉन्स्टेबल मुकेश सिंह ड्यूटी खत्म कर घर लौट रहे थे। मुकेश ने देखा तो उसे मारपीट करने से रोका। इसी बात पर विमल भड़क गया, उसने पुलिसकर्मी से गाली-गलौज शुरू कर दी। मौके पर मौजूद लोगों ने इसका वीडियो बना लिया। 32 सेकंड के वीडियो में दिख रहा है कि युवक पुलिसकर्मी को थप्पड़ मारता है और उसका कॉलर पकड़ लिया। इसके बाद पुलिसकर्मी ने भी उसे दो थप्पड़ मारे। इतने में तीन-चार लोग बीच-बचाव करने आ गए। आरोपी युवक ने पुलिसकर्मी का कॉलर नहीं छोड़ा। बीच-बचाव के दौरान ही युवक ने एक थप्पड़ पुलिसकर्मी को और मार दिया। इसके बाद एक शख्स ने युवक को चांटा मारा। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है।



# धार में शराब से भरा ट्राला पलटा, मची लूट

## रोकने पहुंची पुलिस पर ग्रामीणों ने बरसाए पत्थर, दो वाहन क्षतिग्रस्त

**जागरण, धार।** जिले में ग्रामीणों द्वारा शराब लूटने का मामला सामने आया है। इस दौरान उन्हें पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो ग्रामीणों ने पथराव कर दिया। इससे पुलिस के दो वाहनों के शीशे टूट गए। मौके से ग्रामीण शराब की कई पेटियां लूट ले गए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह ट्राला इंदौर के वेयरहाउस से बियर भरकर सिया इंटरप्राइजेज चांदपुर की शराब दुकान पर ले जा रहा था। मामला बाग थाना क्षेत्र का है। माउंट बियर की पेटियों से भरा एक ट्राला घाट इलाके में अचानक पलट गया। जब ग्रामीणों को सूचना मिली तो वे मौके पर पहुंच गए और उन्होंने लूट मचा दी। वे बियर की बोतलें लेकर जाने लगे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन ग्रामीणों ने पुलिस पर ही पथराव शुरू कर दिया। जिससे पुलिस के दो वाहनों के शीशे टूट गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए टांडा से भी पुलिस बल बुलवाया गया।



## केमिकल टैंकर पलटा तो डीजल समझकर लूटने पहुंचे ग्रामीण

**जागरण, झाबुआ।** बैतूल-अहमदाबाद नेशनल हाईवे पर रविवार को एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में केमिकल से भरा टैंकर पलट गया। टैंकर पलटते ही उसमें भरा तरल पदार्थ सड़क पर बहने लगा, जिसे डीजल समझकर आसपास के ग्रामीण डिब्बे और बर्तन लेकर लूटने पहुंच गए। इस हंगामे और हादसे की वजह से हाईवे पर करीब डेढ़ किलोमीटर लंबा जाम लग गया। घटना झाबुआ जिले में रविवार दोपहर की है। गुजरात के गांधीधाम से मेघनगर की एक फैक्ट्री जा रहा टैंकर अचानक अनियंत्रित हो गया। ड्राइवर ने सामने आए एक बाइक सवार को बचाने की कोशिश की, जिससे टैंकर डिवाइडर से टकराकर दो हिस्सों में बंट गया और सड़क पर पलट गया। इस हादसे में उत्तर प्रदेश निवासी ड्राइवर अजीत कुमार घायल हो गया। जैसे ही टैंकर से तरल पदार्थ बहना शुरू हुआ, आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे बर्तन लेकर जमा हो गए और केमिकल भरने लगे।



## विश्वविद्यालय परिसर में मधुमक्खियों का हमला

**जागरण, शहडोल।** जिले के पंडित शंभूनाथ विश्वविद्यालय में होली का जश्न उस वक्त भगदड़ में बदल गया, जब रंग-गुलाल के बीच डीजे की धुनों पर झूम रहे छात्र-छात्राओं पर अचानक मधुमक्खियां टूट पड़ी और जान बचाने के लिए छात्र परिसर में इधर-उधर भागने लगे। इसी दौरान किसी बात पर छात्रों के दो गुट आपस में भिड़ गए। होली के जश्न के बीच हंगामे और भगदड़ के साथ ही विश्वविद्यालय में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई, जो विश्वविद्यालय प्रशासन के दखल के बाद संभली। यह पूरा घटनाक्रम कैमरे में कैद हो गया। जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल आए दिन किसी न किसी वजह से विवादों में रहने वाला पं. शंभूनाथ विश्वविद्यालय में इस बार मामला होली के जश्न से जुड़ा है। विवि परिसर में होली का उत्सव पूरे उत्साह से मनाया जा रहा था। छात्र-छात्राएं एक-दूसरे को रंग लगाकर और फिल्मी गानों पर डांस कर जश्न में डूबे हुए थे। इसी दौरान अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने हमला बोल दिया। मधुमक्खियों के हमले से परिसर में भगदड़ जैसे हालात बन गए। जान बचाने छात्र-छात्राएं इधर-उधर भागते नजर आए। कई छात्र-छात्राएं घबराकर जमीन पर गिर भी पड़े।

## कटनी में रेस्क्यू किए गए तेंदुए के शावक की मौत

**जागरण, कटनी।** जिले के बरही वन परिक्षेत्र के ग्राम जजागढ़ में एक बीमार तेंदुए के शावक की इलाज के दौरान मौत हो गई। वन विभाग ने उसे सुरक्षित रेस्क्यू कर बेहतर इलाज के लिए रीवा भेजा था, लेकिन मुकुंदपुर पहुंचते ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शनिवार दोपहर जजागढ़ स्थित महालक्ष्मी केशर प्लांट परिसर में शावक के घुसने से की सूचना मिली थी। प्लांट में काम कर रहे मजदूरों और कर्मचारियों में दहशत फैल गई, जिसके बाद वन विभाग को सूचना दी गई। वन विभाग की टीम ने मशक्कत के बाद शावक को सुरक्षित रेस्क्यू किया। जिला वन अधिकारी गर्भित गंगवार ने बताया कि विभाग की पहली कोशिश शावक को उसकी मां से मिलवाने की थी। इसके लिए आसपास के इलाके में निगरानी रखी गई, लेकिन मादा तेंदुआ नजर नहीं आई।



**जाहिर सूचना**
**कृषि भूमि ग्राम ईंटखेड़ी, प.ह.न.16, तहसील सुल्तानपुर जिला रायसेन म.प्र.**

सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने 1. श्रीमति शिखा माथुर पत्नी श्री दीपक दयाल माथुर निवासी फ्लैट नं. ए/04ए ब्लॉक ए, भूमिका रेसीडेन्सी, शिरडीपुरम, कोलार रोड भोपाल, जिला भोपाल म.प्र., 2. श्रीमति ऋचा मिश्रा पत्नी श्री सौरभ अवस्थी निवासी फ्लैट नं. 203, गंगोत्री हाईट्स, चूनाभट्टी, कोलार रोड, भोपाल, जिला भोपाल म.प्र. के हित एवं अधिपत्य का दो किता कृषि भूमि, जिसका खसरा नं. 224/1, रकबा 0.591 हेक्टेयर एवं खसरा नं. 224/2 रकबा 1.011 हैक्टेयर भूमि है, जो कि ग्राम ईंटखेड़ी, प.ह. न. 16, तहसील सुल्तानपुर जिला रायसेन म.प्र. में स्थित है, जिसको क्रय करने के लिए टोकन राशि का भुगतान कर दिया है। उपरोक्त कृषि भूमि अथवा उसके किसी भी भाग पर किसी भी व्यक्ति संस्था का कोई ऋण, भार, दान, बंधक, अनुबंध हो अथवा इस अंतरण से किसी का कोई हित प्रभावित हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिवस की अवधि मे दस्तावेजी साक्ष सहित आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें, समय अवधि निकल जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार का दावा स्वत्व या आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी एवं मेरा पक्षकार उक्त कृषि भूमि के विक्रय पत्र का पंजीयन करायें जाने हेतू स्वतंत्र होगा।

**जुनेद अंसार अहमद** अधिवक्ता
गौहरगंज लॉ चैम्बर एंड एसोसिएट्स
आफिस भोपालः 110, आकांक्षा कॉम्पलेक्स जोन 1, एम.पी. नगर,भोपाल औबेदुल्लागंजः एन.एच.12, औबेदुल्लागंज
मो. 9425600298, 9303107752

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार प्लॉट नंबर 14 (कुल क्षेत्रफल 160.94 वर्ग मीटर), ग्लोबस ग्रीन कॉलोनी, भूमि खसरा क्रमांक 173 /2/1 एवं 173/2/2 ग्राम कटारा, भोपाल को मेसर्स ग्लोबस ग्रीन पता जी - 08, ऋषि बिजनेस पार्क होशंगाबाद रोड, भोपाल द्वारा भागीदारगण श्री हर्ष पुरी, श्री भरत लालवानी एवं श्री राकेश बंसल से क्रय करने का आशय रखते हैं। अतः किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था वित्तीय संस्था को किसी भी प्रकार की इस क्रय-विक्रय में आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन होने के उपरांत सात (7) दिन के अंदर समस्त दस्तावेजों सहित मेरे कार्यालय में संपर्क करें अन्यथा यह समझकर कि किसी भी प्रकार की किसी को भी कोई आपत्ति नहीं है मेरे पक्षकार इसका सौदाकर रजिस्ट्री करवा लेंगे। सात (7) दिवस की अवधि के उपरांत किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**अंकित तिवारी**
अधिवक्ता
23, सनी पैलेस, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल मध्य प्रदेश पिन कोड 462011 मोबाइल 9893498280

# हत्या की आरोपी मांओं की इंदौर में जलेगी होली

## मासूम बेटों की हत्या करने वाली 10 महिलाओं के लगेंगे चेहरे

**जागरण, इंदौर।** प्रदेश के इंदौर में पुरुष अधिकारों के लिए काम करने वाली संस्था पौरुष इस बार अलग तरीके से होली का दहन करेगी। 2 मार्च की शाम 4 बजे महालक्ष्मी नगर मेला ग्राउंड के सामने 'पुत्र-हंता होलिका' का दहन किया जाएगा। थीम पौराणिक ही है, जिसमें असुर राजा हिरण्य कश्यप ने अपने बेटे भक्त प्रहलाद को बहन होलिका के माध्यम से आग में जलाकर मारने का कुत्सित प्रयास किया था, लेकिन चेहरे महिला आरोपियों के होंगे। ये देश की वे 11 आरोपी महिलाएं हैं, जिन पर अपने बच्चों की जघन्य तरीके से हत्या का आरोप है। इसमें दो आरोपी महिलाओं को निचली कोर्ट फांसी की सजा दे चुकी है। बाकी महिलाओं के केस विधाराधीन हैं। संस्था अध्यक्ष एडवोकेट अशोक दशोरा का कहना है कि बीच में बेंगलुरु की सीईओ सूचना सेठ का चेहरा रहेगा, उसने कोर्ट के आदेश के बावजूद अपने 4 साल के बेटे को इंडोनेशियन एनआरई पति वेंकटरमण से नहीं मिलने दिया। यही नहीं उसने गोवा के होटल में ले जाकर मासूम बेटे के 34 टुकड़े कर दिए। फिर उन्हें सूटकेस में भर दिया। होली के अन्य चेहरों में उप्र की सीमा, मुस्कान, प्रियंका, दुर्गावती, तमिलनाडु की भारती व शरण्य, राजस्थान की संजू, ग्वालियर की ज्योति राठौर, हरियाणा की पूनम, गुजरात की सुनीता शर्मा जैसी आरोपी मां शामिल हैं।



**सामाजिक जागृति के लिए जरूरीः** संस्था सदस्य मिलिंद अग्रवाल ने बताया कि समाज में फैली गंदी सोच को उजागर करने और परिवारों को तबाही से बचाने के लिए सामाजिक जागृति के लिए जघन्य आरोपी मांओं की होलिका के रूप में दहन किया जाएगा।

**बिजनेस प्लस**

## योगी ने 1.86 करोड़ परिवारों को 1,500 करोड़ की सब्सिडी राशि जारी की

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होली के अवसर पर शनिवार को लोकभवन में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत प्रदेश के 1.86 करोड़ परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी की 1500 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन में गरीब, अन्नदाता किसान, महिलाओं और युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने का कार्य जारी है। होली व दीपावली पर लाभार्थियों परिवारों को एक-एक निशुल्क सिलेंडर रिफिल की सुविधा दी जा रही है। उज्ज्वला योजना के तहत देश में 10 करोड़ से अधिक लोगों को गैस कनेक्शन की सुविधा प्रदान की गई है, जिसमें उत्तर प्रदेश में 1.86 करोड़ परिवारों को इसका लाभ मिला है। सीएम योगी ने इस अवसर पर दस लाभार्थी महिलाओं को स्वयं सब्सिडी राशि के प्रतीकात्मक चेक सौंपे। योगी ने कहा कि कोरोना महामारी समाप्त हुए काफी समय हो चुका है, लेकिन आज भी देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन की सुविधा मिल रही है। इनमें अकेले उत्तर प्रदेश के 15 करोड़ लाभार्थी शामिल हैं। यह सरकार की गरीबों के प्रति संवेदनशीलता का प्रमाण है। सीएम ने कहा कि सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आशा वर्कर के मानदेय को क्रमिक रूप से बढ़ाने का निर्णय लिया है।



## रेजोनेंस ने एक बार फिर उत्कृष्ट परिणाम देकर शैक्षणिक श्रेष्ठता सिद्ध की

**कोटा।** कोटा की सफलता में भागीरथ रेजोनेंस ने एक बार फिर उत्कृष्ट परिणाम देकर अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता सिद्ध की है। हाल ही में घोषित जेईई मेन्स 2026 जनवरी सत्र के परिणामों में रेजोनेंस के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। संस्थान से कुल 152 विद्यार्थियों ने (144 क्लास रूम 8 दूरस्थ) 99 परसेंटाइल से अधिक अंक अर्जित किए हैं, रेजोनेंस क्लासरूम के 106 विद्यार्थियों ने 99.5 परसेंटाइल से अधिक अंक अर्जित किये। कोटा केन्द्र से सफल विद्यार्थियों में स्नेहिल आनंद (99.9924416), वंश अरोड़ा (99.9501285), हर्षवर्धन रघुवंशी (99.8778898), दिव्यांश अग्रवाल (99.8381853), कुलवीर सिंह (99.8277885), स्वयंदीप साहू (99.7905524), पारिजात चतुर्वेदी (99.7868529), अनुपम पाल (99.7827488), आदित्य राज (99.6901144), हर्ष अग्रवाल (99.6800322), गौतम आनंद (99.5962123) लक्ष्य शुक्ला (99.4840725), अनंत त्रिपाठी (99.4149380), पार्थ कुमार (99.3631558), मयंक राज (99.3347760), आदित्य आनंद (99.2638111), प्रथम सुमन (99.2344896), नमन मित्तल (99.2319791), उज्ज्वल कुमार (99.1253553) ने कक्षा 12वीं के साथ उपलब्धि हासिल की है।



## बीओआई अधिकारी संघ की आमसभा आयोजित

**भोपाल।** बैंक आफ इंडिया अधिकारी संघ मप्र-छग की 48वीं वार्षिक आम सभा का आयोजन भोपाल में सम्पन्न हुआ। आम सभा में संघ के आल इंडिया के अध्यक्ष राव व महासचिव नीलेश पवार मुम्बई से और अन्य पदाधिकारी नागपुर, हैदराबाद और अहमदाबाद से पहुंचे। मप्र-छग के अध्यक्ष अमित गुप्ता, महासचिव कुलदीप स्वर्णकार, बैंक के महाप्रबंधक संजय श्रीवास्तव और भोपाल अंचल, जबलपुर अंचल, खंडवा अंचल के आंचलिक प्रबंधक भी उपस्थित रहे। बैक आफ इंडिया सेवानिवृत्त संघ के महासचिव अभय वर्मा व अध्यक्ष ए के वत्सल, कर्मचरी यूनियन के पूर्व अध्यक्ष गिरीश जग्गी व कई बैंक के वरिष्ठ कार्यपालक गण भी उपस्थित रहे। इसके अलावा मप्र-छग से 1450 से अधिक आधिकारियों ने हिस्सा लिया। आमसभा में वर्तमान चुनौतीयो के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बैंक में पांच दिवसीय कार्य के लिए संघर्ष करने पर चर्चा हुई और भविष्य में बैंकों के विलीनिकरण के विरुद्ध संघर्ष की बात की गई।



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास संभाग क्रमांक-23, 59 अरेरा हिल्स, नर्मदा भवन, भोपाल (म.प्र.)**
☎:-0755-2761257
E-mail:- eenvda23@gmail.com

पत्र क्रमांक 600/व.ले.लि.-23/2025-26,
भोपाल, दिनांक : 23.02.2026

**:: निविदा आमंत्रण सूचना ::**

ई-टेण्डरिंग पद्धति द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन निविदायें नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है:-

| स. क्र. | नि. आ. सू. क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर की राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में) | ठेकेदारों की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | 16 | नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के मुख्यालय नर्मदा भवन 59, अरेरा हिल्स, भोपाल स्थित 33/0.433 के.वी.ए. विद्युत उपकेन्द्र, 2x500 के.व्ही.ए. ट्रांसफारमर, 250 के.व्ही.ए. डीजल जनरेटर सेट, इलेक्ट्रीकल पेनल, स्पेशल डी.बी. पेनल्स, पावर फेक्टर करेक्शन पैनल्स, बाह्य विद्युतीकरण एवं केबलिंग कार्य का वार्षिक रख-रखाव एवं संचालन कार्य एक वर्ष के लिए। | Rs. 14.00 लाख (रू. चौदह लाख) | Rs. 28,000.00 (रू. अट्ठाईस हजार मात्र) | Rs. 2,000.00 (रू. दो हजार मात्र) | लोक निर्माण विभाग द्वारा पंजीकृत नवीन कोई भी श्रेणी एवं मुख्य निरीक्षक म.प्र. शासन द्वारा जारी "अ" श्रेणी का विद्युत ठेकेदारी का वैद्य पंजीयन प्रमाण-पत्र। | 01 वर्ष (वर्षाकाल सहित) |
| 2. | 17 | नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के मुख्यालय नर्मदा भवन में स्थापित 02 नग 08 पैसेन्जर लिफ्ट का वार्षिक मरम्मत का कार्य एक वर्ष के लिए। | Rs. 3.98 लाख (रू. तीन लाख अन्ठान्वे हजार मात्र) | Rs. 7,960.00 (रू. सात हजार नौ सौ साठ मात्र) | Rs. 2,000.00 (रू. दो हजार मात्र) | निर्माता Lift Company अथवा निर्माता Lift Company द्वारा अधिकृत Dealer/Agent/Service Provider एवं मुख्य निरीक्षक म.प्र. शासन द्वारा जारी "अ" श्रेणी का विद्युत ठेकेदारी का वैध पंजीयन प्रमाण-पत्र। | 01 वर्ष (वर्षाकाल सहित) |
| 3. | 18 | नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के मुख्यालय नर्मदा भवन में आंतरिक विद्युत व्यवस्था का वार्षिक रख-रखाव का कार्य। | Rs. 30.95 लाख (रू. तीस लाख पिन्च्यान्वे हजार मात्र) | Rs. 50,000.00 (रू. पचास हजार मात्र) | Rs. 5,000.00 (रू. पाँच हजार मात्र) | लोक निर्माण विभाग द्वारा पंजीकृत नवीन कोई भी श्रेणी। | 01 वर्ष (वर्षाकाल सहित) |

1. निविदा कार्य के प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि : दिनांक 10.03.2026, 17:30 तक
2. धरोहर राशि एवं अहर्ता दस्तावेज वेब साईट पर खोलने की अनुमानित तिथि : दिनांक 12.03.2026, 10:30

निविदा प्रपत्र केवल उपरोक्त वेबसाईट से निविदा मूल्य डेबिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से जमा कर क्रय किये जा सकते हैं। निविदा की विस्तृत जानकारी एवं संशोधन के लिये वेबसाईट www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।

जी-26687/25

कार्यपालन यंत्री,
नर्मदा विकास संभाग क्रमांक-23,
59, अरेरा हिल्स,नर्मदा भवन,भोपाल

## सुपर-8 में भारत ने वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराया, अंतिम चार में पांच को इंग्लैंड से भिड़ंत

# भारत रिकॉर्ड छठवीं बार सेमीफाइनल में

जेएनएन, कोलकाता

संजू सैमसन ने 'संकटमोचक' की भूमिका निभाते हुए नाबाद 97 रन बनाए, जिसकी मदद से भारत ने 'क्वार्टर फाइनल' की तरह रहे टी-20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में रविवार को वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया, जहां पांच मार्च को उसका सामना इंग्लैंड से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में चार मार्च को दक्षिण अफ्रीका की टक्कर न्यूजीलैंड से होगी। इसके साथ ही इस मैदान पर 2016 टी-20 विश्व कप जीतने वाली कैरेबियाई टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई। गत चैंपियन भारतीय टीम ने इस तरह लगातार तीसरी बार और कुल छठी बार इस टूर्नामेंट के अंतिम चार में प्रवेश किया है। यह लगातार तीसरी बार होगा जब भारत और इंग्लैंड फाइनल में पहुंचने के लिए एक दूसरे का सामना करेंगे। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर चार विकेट पर 194 रन बनाए। खचाखच भरे ईडन गार्डन्स पर भारत के फॉर्म में चल रहे सभी बल्लेबाज नाकाम रहे लेकिन संजू ने संभवतः अपने करियर की सबसे यादगार पारी खेलकर वेस्टइंडीज के जीत के अश्वमेधी अभियान में नकेल कसी। अभिषेक शर्मा (10) एक बार फिर न सिर्फ बल्ले से नाकाम रहे, बल्कि उन्होंने दो कैच भी टपकाए, जबकि इशान किशन भी दस रन बनाकर आउट हो गए। वहीं सलामी बल्लेबाज के रूप में उतरकर संजू 'फिनिशर' की भूमिका निभाकर लौटे। भारत ने चार गेंद बाकी रहते जीत दर्ज की। संजू ने 19वें ओवर में रोमारियो शेफर्ड को स्क्वेयर लेग में छक्का लगाया और अगली गेंद पर चौका जड़ दिया। संजू ने तीसरे विकेट के लिए सूर्यकुमार के साथ 58 रन की साझेदारी की। इसके बाद तिलक के साथ 26 गेंद में 42 रन जोड़े। संजू के लिए यह काफी भावुक पल रहा होगा, जो टीम में भीतर बाहर होते रहे हैं। पहले इशान किशन की वापसी के कारण वह बाहर हुए। फिर नामीबिया के खिलाफ मैच में अभिषेक शर्मा के बीमार होने पर उन्हें जगह मिली।



यह मेरे लिए पूरी दुनिया के समान है। मुझे इस पल का इंतजार था। मैं करियर में काफी उतार-चढ़ाव से गुजरा हूं, काफी समय खुद पर शक करते हुए भी बीता है, लेकिन मैं भगवान का शुक्र गुजार हूं। मैं 12 साल से आईपीएल और 10 साल से भारत के लिए खेल रहा हूं, लेकिन मैंने ज्यादा समय डगआउट में बिताया है और मैंने विराट कोहली और रोहित शर्मा से काफी कुछ सीखा है। मैंने मुकाबले कम खेले हैं, लेकिन मैंने लगभग 100 मुकाबले बाहर बैठकर देखे हैं और मैंने इस दौरान ऑब्जर्व किया है। मैं पार्टनरशिप बनाने पर ध्यान दे रहा था, मुझे नहीं पता था कि मैं ऐसी पारी खेलूंगा, लेकिन यह मेरी जिंदगी के सबसे बड़े दिनों में से एक है। मैं वर्तमान में रहने की कोशिश कर रहा था और गेंद को उसकी मेरिट पर खेलने का प्रयास कर रहा था।

**संजू सैमसन**, प्लेयर ऑफ द मैच

### संजू की सर्तक पारी

इस विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने पावरप्ले में ही अभिषेक शर्मा और इशान किशन का विकेट गंवा दिया। उस समय ऐसा लगा कि वेस्टइंडीज मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर चुका है, लेकिन सैमसन ने पहले सूर्यकुमार और फिर तिलक एवं हार्दिक के साथ बेहतरीन साझेदारियां कीं। पावरप्ले में 53 रन बनाने के बाद भारत ने बीच के ओवरों में काफी सूझबूझ के साथ पारी को आगे बढ़ाया। उन्होंने अगले चार ओवरों में 45 रन बनाए और जरूरी रन रेट को कभी भी हावी नहीं होने दिया। लेकिन टीम के 99 के स्कोर पर कप्तान सूर्यकुमार आउट हो गए। नौवें से 12वें ओवर के बीच भारतीय पारी थोड़ी धीमी हुई, जिसमें सिर्फ 13 रन बने और सूर्यकुमार का विकेट गिरा। भारत ने 11.1 ओवर में अपने सौ रन पूरे किए। हालांकि 13वें ओवर में तिलक और सैमसन ने अच्छा काउंटर अटैक किया। अगले दो ओवरों में 32 रन बने। यहां से मैच काफी हद तक भारत के पक्ष में झुक गया। 14वें ओवर में तिलक आउट जरूर हुए, लेकिन हार्दिक ने सैमसन का भरपूर साथ दिया। दोनों बल्लेबाजों के बीच 22 गेंदों में 38 रनों की साझेदारी हुई। इस बीच जेसन होल्डर ने एक्स्ट्रा कवर पर हार्दिक का कैच भी छोड़ा। इन सबके बीच अगर सैमसन की बल्लेबाजी की बात करें तो यह शुरू से अंत तक शानदार रही। उन्होंने अपनी पारी की पहली 10 गेंदों में ही 20 रन बनाकर अच्छी लय हासिल कर ली थी, जिसमें अकील हुसैन के खिलाफ दो बेहतरीन छक्के और एक चौका शामिल था।

**टी-20 विश्व कप में रन चेज करते हुए बेस्ट स्कोर**

| रन | खिलाड़ी | विरुद्ध | साल |
|---|---|---|---|
| 97 | संजू सैमसन | वेस्टइंडीज | 2026 |
| 82 | विराट कोहली | पाकिस्तान | 2022 |
| 82 | विराट कोहली | ऑस्ट्रेलिया | 2016 |
| 79 | रोहित शर्मा | ऑस्ट्रेलिया | 2010 |

**150** छक्के 117 टी-20 मैच में रोवमन पॉवेल के वेस्टइंडीज के लिए हो गए हैं। उन्होंने इस मामले में निकोलस पूरन ((106 मैच में 149 छक्के) को पीछे छोड़ा।

**सैमसन** टी-20 विश्व कप में दूसरा सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले सिर्फ सुरेश रैना (101 रन विरुद्ध दक्षिण अफ्रीका, 2010) का नाम है।

● भारत ने कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 में जीत का शत प्रतिशत रिकॉर्ड बरकरार रखा है। भारत और वेस्टइंडीज के ईडेन गार्डन्स पर यह पांचवां टी-20 मुकाबला था।

### स्कोर बोर्ड

**वेस्टइंडीज: 195/4 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| शाई होप बो. वरुण | 32 | 33 | 3 | 1 |
| चेज का. सूर्यकुमार बो. बुमराह | 40 | 25 | 5 | 1 |
| हेटमायर का. सैमसन बो. बुमराह | 27 | 12 | 1 | 2 |
| रदरफोर्ड का. सैमसन बो. बुमराह | 14 | 9 | 0 | 1 |
| रोवमन पॉवेल नाबाद | 34 | 19 | 3 | 2 |
| जेसन होल्डर नाबाद | 37 | 22 | 2 | 3 |

**अतिरिक्त:** 11, **कुल:** 20 ओवर में चार विकेट पर 195 रन, विकेट **पतन:** 1-68, 2-102, 3-103, 4-119, **गेंदबाजी:** अर्शदीप सिंह 4-0-43-0, हार्दिक पंड्या 4-0-40-1, अक्षर पटेल 4-0-35-0, जसप्रीत बुमराह 4-0-36-2, वरुण चक्रवर्ती 4-0-40-1.

**भारत: 199/5 (19.2 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक का. हेटमायर बो. हुसैन | 10 | 11 | 2 | 0 |
| संजू सैमसन नाबाद | 97 | 50 | 12 | 4 |
| किशन का. हेटमायर बो. होल्डर | 10 | 6 | 2 | 0 |
| सूर्यकुमार का. रदरफोर्ड बो. जोसेफ | 18 | 16 | 1 | 1 |
| तिलक का. हेटमायर बो. होल्डर | 27 | 15 | 4 | 1 |
| हार्दिक का. होल्डर बो. जोसेफ | 17 | 14 | 2 | 0 |
| शिवम दुबे नाबाद | 8 | 4 | 2 | |

**अतिरिक्त:** 12, **कुल:** 19.2 ओवर में 199 रन पर पांच विकेट, विकेट **पतन:** 1-29, 2-41, 3-99, 4-141, 5-179, **गेंदबाजी:** अकील हुसैन 2-0-22-1, मैथ्यू फोर्ड 3-0-22-0, होल्डर 4-0-38-2, गुडाकेश मोती 2-0-18-0, शेफर्ड 2.2-0-34-0, जोसेफ 4-0-42-2, रॉस्टन चेज 2-0-18-0.

## बुमराह ने दो विकेट लेकर विंडीज को बैकफुट पर धकेला



वेस्टइंडीज ने तेज शुरुआत करते हुए पावरप्ले में 47 रन बनाए। हालांकि इसमें अभिषेक ने एक आसान कैच और वरुण चक्रवर्ती ने एक आसान रनआउट का मौका गंवाया। इसमें कप्तान शे होप ने 25 गेंदें खेलीं और सिर्फ 25 रन ही बनाए। नौवें ओवर में वेस्टइंडीज को पहला झटका वरुण ने होप को आउट करते हुए दिया। अपनी पारी में होप ने 17 डॉट गेंदें खेलीं और 33 के निजी स्कोर पर पवेलियन लौटे। वेस्टइंडीज की धीमी पारी चलती रही और 12वें ओवर में जसप्रीत बुमराह ने एक ही ओवर में दो विकेट लेकर उन्हें पूरी तरह बैकफुट पर धकेल दिया। इसके बाद हार्दिक को भी सफलता मिली। 15 ओवर के बाद वेस्टइंडीज ने 125 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद कोई विकेट नहीं गिरा और कुल 70 रन बने। यह एक बेहतरीन वापसी रही।

### खेल एक नजर

## हवाई मार्ग के बंद होने के कारण जिम्बाब्वे टीम की घर वापसी में देरी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पश्चिम एशिया में संघर्ष और हवाई मार्ग बंद होने के कारण जिम्बाब्वे के घर वापसी में देरी हुई है। जिम्बाब्वे की टीम को सोमवार को तीन दस्तों में दिल्ली से वाया दुबई जिम्बाब्वे जाना था, लेकिन अब इसमें देरी बताई जा रही है। मैच के बाद जिम्बाब्वे के कोच जस्टिन सैमंस ने कहा, हमारी योजना तीन दस्तों में घर जाने पर थी। सबसे पहला दस्ता सोमवार सुबह जाने वाला था। लेकिन अभी फिलहाल हमारी यात्रा योजना पर कोई निश्चितता नहीं है। गौरतलब है कि शनिवार सुबह यूएस, इजरायल और ईरान के बीच मिसाइल हमलों के कारण यूएई सहित मध्य-पूर्व के कई देशों में हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया गया है। इसके परिणामस्वरूप इस क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हवाई यात्रा बाधित हुई है और कई एयरलाइंस को अपनी यात्रा रद्द करनी पड़ी है या मार्ग बदलने पड़े हैं। जिम्बाब्वे के कोच से जब पूछा गया कि क्या इस अनिश्चितता से उनकी मैच की तैयारी प्रभावित हुई, तो उन्होंने कहा, मैं उम्मीद करता हूं कि ऐसा नहीं हुआ होगा और लड़कों ने खेल पर फोकस रखा होगा। हालांकि यह खिलाड़ियों के बैक ऑफ माइंड में रहता है कि हम कैसे घर जा रहे हैं। इस पर कुछ खिलाड़ियों की बात भी हुई। इस मैच से पहले हमारे ट्रैवल प्लान के बारे में कोई स्पष्टता नहीं थी। अभी भी हमने इस बारे में कुछ नहीं सुना (आईसीसी से) है।

## भारत की मनीमुथु ने डच जूनियर इंटरनेशनल में कांस्य पदक जीता





**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत की उदीयमान बैडमिंटन खिलाड़ी शाइना मनीमुथु ने डच जूनियर इंटरनेशनल में कांस्य पदक जीता। बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप में अंडर 15 लड़कियों के वर्ग में चैम्पियन रही शाइना सेमीफाइनल में चीन की यि किंग यिन से 17-21, 8-21 से हार गई। शाइना ने सेमीफाइनल तक के सफर में अपने से ऊंची रैंकिंग वाली खिलाड़ियों को हराया था।

## विश्व कप में हार के बाद श्रीलंका के हेड कोच पद छोड़ेंगे सनत जयसूर्या

**कोलंबो, जेएनएन।** सनथ जयसूर्या ने टी-20 विश्व कप में श्रीलंका के खराब प्रदर्शन के बाद टीम के मुख्य कोच का पद छोड़ने का फैसला किया है। सह मेजबान श्रीलंका सुपर आठ चरण में अपने सभी मैच हार गया। ग्रुप चरण में टीम को जिम्बाब्वे से हार मिली, जबकि उसने ऑस्ट्रेलिया तथा कमजोर माने जाने वाले ओमान और आयरलैंड के खिलाफ जीत दर्ज की। शनिवार को पाकिस्तान के खिलाफ श्रीलंका की हार के बाद जयसूर्या ने संवाददाताओं से कहा, मेरा अनुबंध जून में खत्म हो रहा है, लेकिन मैं उससे पहले चला जाऊंगा। पद छोड़ने के अपने फैसले को लेकर मैं श्रीलंका क्रिकेट से बात करूंगा। वनडे विश्व कप 1996 में श्रीलंका की खिताबी जीत के दौरान टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे जयसूर्या ने कहा, हमें बेहतर करना चाहिए था, मुझे दुख है और मैं प्रशंसकों से माफी मांगता हूं। उन्होंने कहा कि वानिंदु हसरंगा, मथीशा पथिराना और कुसाल मेंडिस की चोटों से श्रीलंका को काफी नुकसान हुआ।



## सिकंदर का ऑलराउंड प्रदर्शन भी नहीं दिला पाया जिम्बाब्वे को दक्षिण अफ्रीका पर जीत

### सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका का सामना न्यूजीलैंड से चार मार्च को कोलकाता में

जेएनएन, नई दिल्ली

कप्तान सिकंदर रजा (73 रन और तीन विकेट) के हरफनमौला खेल के बावजूद दक्षिण अफ्रीका ने टी-20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के औपचारिकता वाले मुकाबले में रविवार को पांच विकेट से शिकस्त देकर टूर्नामेंट में अब तक सभी मैचों में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। पहले ही सेमीफाइनल का टिकट पक्का कर चुकी दक्षिण अफ्रीका की टीम इस जीत से सुपर आठ के ग्रुप एक में शीर्ष पर रही, जबकि शुरुआती ग्रुप चरण में शानदार प्रदर्शन करने वाला जिम्बाब्वे सुपर आठ में जीत का खाता खेलने में नाकाम रहा। जिम्बाब्वे की टीम सात विकेट पर 153 रन ही बना सकी। दक्षिण अफ्रीका ने 17.5 ओवर में पांच विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। दक्षिण अफ्रीका टीम अब सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड का सामना करने के लिए कोलकाता जाएगी। यह मुकाबला चार मार्च को खेला जाएगा। दक्षिण अफ्रीका के लिए डेवाल्ड ब्रेविस ने 18 गेंद में दो चौके और चार छक्के की मदद से 42 रन बनाए। उन्होंने चौथे विकेट के लिए डेविड मिलर (16 गेंद में 22 रन) के साथ 25 गेंद में 50 रन की साझेदारी की। रेयान रिकल्टन ने 22 गेंद में चार छक्के की मदद से 31 का योगदान दिया। जॉर्ज लिंडे (21 गेंद में नाबाद 30) और ट्रिस्टन स्टब्स (24 गेंद में नाबाद 21) ने छठे विकेट के लिए 44 गेंद में 53 रन की अटूट साझेदारी के साथ टीम की जीत पक्की कर दी। जिम्बाब्वे के लिए रजा ने चार ओवर में 29 रन देकर तीन विकेट लिए। रजा को बल्लेबाजी के दौरान दूसरे छोर से अच्छा साथ नहीं मिला। उनके अलावा क्लाइव मदांडे (नाबाद 26) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर सके। दक्षिण अफ्रीका के लिए क्वेन मफाका ने चार ओवर में 21 रन देकर दो विकेट लिए। कोर्बिन बोश को भी दो सफलता मिली लेकिन उन्होंने 40 रन लुटाए। रविवार का दिन और दोपहर बाद का मैच होने के कारण मैदान में लगभग 25,000 दर्शक मौजूद थे।





▶▶ सिकंदर रजा ने क्विंटन डीकॉक को डक पर आउट किया। इस टी-20 विश्व कप में 41वीं बार कोई ऑफ स्पिनर, बाएं हाथ के बल्लेबाज पर आउट हुआ।

**90:** विकेट टी-20 में लुंगी एन्गिडी के हो गए हैं। वे दक्षिण अफ्रीका के लिए सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। एन्गिडी ने तबरेज शम्सी (89) का रिकॉर्ड तोड़ा।


**10:** कैच जिम्बाब्वे के रायन बर्ल के बतौर फील्डर टी-20 विश्व कप में हो गए हैं। उन्होंने सिकंदर रजा (9) को पीछे छोड़ा।

### प्लेयर ऑफ द मैच रजा



रजा को दोहरे प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। जब रजा क्रीज पर थे, तब उन्होंने जिम्बाब्वे के 98 रनों में से 73 रन बनाए। इसमें टीम की 13 में से 12 बाउंड्री शामिल थीं। उनका स्ट्राइक रेट लगभग 170 का था, जबकि दूसरे छोर पर खिलाड़ी 86 के स्ट्राइक रेट से रन बना रहे थे। 4.3 ओवर से 16.3 के बीच रजा ही छाए रहे। 19 साल के क्वेन मफाका अपना सिर्फ दूसरा टी-20 विश्व कप मैच खेल रहे थे। उन्होंने 4-0-21-2 का स्पेल किया और 17वें ओवर में रजा के खिलाफ राउंड द विकेट से आकर उन्हें डेविड मिलर के हाथों प्वाइंट पर कैच कराया।

## लुकाकू के गोल से नेपोली ने जीत का इंतजार खत्म किया



**मिलान, जेएनएन।** रोमेलु लुकाकू ने शनिवार को हेलास वेरोना के खिलाफ मैच की आखिरी किक पर सत्र का अपना पहला गोल किया, जिससे नेपोली का जीत का इंतजार खत्म हुआ। सत्र से पूर्व लगी जांघ की गंभीर चोट के कारण अब तक सत्र में सिर्फ 41 मिनट खेलने वाले लुकाकू ने इंजरी टाइम के छठे मिनट में गोल करके नेपोली को अंक तालिका में अंतिम स्थान पर चल रहे हेलास वेरोना पर 2-1 से जीत दिलाई। लुकाकू ने अपना पिछला गोल पिछले साल 23 मई को किया था, जिसके बाद कुछ महीने उनके लिए बहुत बुरे बीते। जांघ में चोट लगने के कुछ समय बाद सितंबर 2025 में 58 साल की उम्र में उनके पिता का अचानक निधन हो गया।

## एएफसी ने किए पश्चिम क्षेत्र चैंपियंस लीग के मैच स्थगित

**कुआलालंपुर, जेएनएन।** एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद इस हफ्ते पश्चिम एशिया में होने वाले महाद्वीपीय क्लब चैंपियनशिप प्लेऑफ मुकाबलों को स्थगित कर दिया है। एशियाई फुटबॉल की संचालन संस्था ने रविवार को कहा कि पश्चिम क्षेत्र में सोमवार और मंगलवार को होने वाले एएफसी चैंपियंस लीग एलीट राउंड आफ 16 मुकाबलों के कार्यक्रम को फिर से तय किया जाएगा। पश्चिम क्षेत्र में मंगलवार और बुधवार को होने वाले एफससी चैंपियंस लीग दो और एएफसी चैलेंज लीग क्वार्टर फाइनल मुकाबले भी स्थगित किए जाएंगे। कोई नई तारीखें तय नहीं की गई हैं। क्रिस्टियानो रोनाल्डो का सऊदी क्लब अल नासर एशियाई चैंपियंस लीग दो प्रतियोगिता में शामिल है। आयोजकों ने कहा कि पूर्व क्षेत्र में एएफसी की सभी महाद्वीपीय प्रतियोगिताओं के मैच तय समय पर होंगे।

## दुबई हवाई अड्डे के पास धमाका: सिंधू ने कहा-आवाजें सुनकर दिल दहल गया, कोच बोले-बाल-बाल बचे



**दुबई, जेएनएन।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने रविवार को दुबई हवाई अड्डे पर स्थिति को तनावपूर्ण और डरावना बताया, क्योंकि जहां खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच वह और उनके इंडोनेशियाई कोच रुके हुए थे और उसके पास एक धमाका हुआ। ईरान के मिसाइल हमलों के बाद खाड़ी देशों के कुछ हिस्सों में धमाकों की खबरें आई हैं, जिसमें संयुक्त अरब अमीरात भी शामिल है। इसके बाद कई विमान कंपनियों को या दो अपनी उड़ानें रद्द करनी पड़ी या मार्ग बदलना पड़ा। सिंधू को तीन मार्च से शुरू होने वाली ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप में हिस्सा लेना है और वह शनिवार से अपने इंडोनेशियाई कोच इरवांस्याह आदि प्रतामा के साथ दुबई में फंसी हुई हैं, क्योंकि क्षेत्र में मिसाइल हमलों के बीच वायुक्षेत्र को बंद किया गया है। सिंधू ने बताया, जैसे ही हमारा विमान दुबई में उतरा तो हमारे नियंत्रण से बाहर की चीजें होने लगीं। थोड़ी देर बाद वायु क्षेत्र बंद कर दिया गया और पिछले कुछ घंटे बहुत तनाव वाले रहे। हम ऊपर से इंटरसेप्शन की आवाजें सुन सकते थे। उन्होंने कहा, कुछ घंटों बाद दुबई हवाई अड्डे पर हम जहां छिपे हुए थे उसके बहुत पास एक धमाका हुआ। जब यह हुआ तो मेरे कोच मुश्किल से 100 मीटर दूर थे और जल्दी से उस जगह से बाहर निकलना पड़ा। इतने पास से ऐसा कुछ महसूस करना सच में दिल दहला देता है। सिंधू के इंडोनेशियाई कोच इरवांस्याह आदि प्रतामा ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि वह बाल-बाल बचे।

## ऑस्ट्रेलिया ने 3-0 से जीती वनडे सीरीज, भारत की चौथी बड़ी हार

### हीली और मूनी के शतकों से कंगारू टीम ने टीम इंडिया को 185 रन से हराया

जेएनएन, होबार्ट

कप्तान एलिसा हीली (98 गेंद पर 158 रन) ने शतकीय पारी खेलकर शानदार अंदाज में वनडे क्रिकेट को अलविदा कहा, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को तीसरे और आखिरी महिला मैच में विश्व चैंपियन भारत को 185 रन से हराकर सीरीज 3-0 से क्लीन स्वीप की। यह महिला वनडे में रनों के अंतर से भारत की चौथी सबसे बड़ी हार है। 35 साल की हीली का यह अंतिम वनडे मैच था, जिनके 158 रन और बेथ मूनी के नाबाद 106 रन की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सात विकेट पर 409 रन का बड़ा स्कोर बनाया।

इस 410 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 45.1 ओवर में 224 रन पर ऑलआउट हो गई और तीन मैचों की सीरीज 0-3 से गंवा बैठी। भारत के लिए स्नेह राणा (44 रन) और जेमिमा रोड्रिग्ज (42) ही बड़ी पारी खेल सकीं। हीली छह मार्च से भारत के खिलाफ पर्थ में एकमात्र डे नाइट टेस्ट खेलने के बाद अपने शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह देंगी।

ऑस्ट्रेलिया ने फीबी लिचफील्ड (14) का विकेट जल्दी खो दिया, लेकिन हीली और जॉर्जिया वोल (62) ने दूसरे विकेट के लिए 134 रन की साझेदारी करके पारी को संभाला। हीली और मूनी ने भी तीसरे विकेट के लिए 145 रन की साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया को विशाल स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। अनाबेल सदरलैंड (23) और निकोला कैरी (15 गेंद में से 34 रन) ने आखिर में तेजी से रन बनाए। भारत के लिए राणा (66 रन पर दो विकेट) ने दो विकेट लिए। श्रीचरणी (106 रन पर दो विकेट) ने भी दो विकेट चटकाए, लेकिन वनडे में 100 से अधिक रन लुटाने वाली सिर्फ तीसरी गेंदबाज बनीं।



▶▶ हीली ने 126 वनडे मैचों में 3777 रन बनाए हैं, जिसमें आठ शतक और 19 अर्धशतक शामिल हैं।

● भारत को पहले दो वनडे में क्रमशः छह और पांच विकेट से हार मिली थी। मेहमान टीम ने पिछली तीन मैचों की टी-20 सीरीज 2-1 से जीती थी।

### भारतीय बल्लेबाज फिर फ्लॉप

चेज के दौरान भारत की पारी कभी ऑस्ट्रेलिया को चुनौती पेश करती नहीं दिखाई दी और आवश्यक रन रेट भारत की नियंत्रण से बाहर ही रहा। उप कप्तान और फॉर्म में चल रही स्मृति मंधाना खाता भी नहीं खेल सकीं और दूसरे ओवर में आउट होने वाली पहली खिलाड़ी रहीं। जिसके बाद प्रतिका रावल (27) और जेमिमा रोड्रिग्स (42) ने दूसरे विकेट के लिए 54 रन जोड़े। लेकिन आठवें ओवर में प्रतिका के आउट होने के बाद मुश्किलें बढ़ गईं। रोड्रिग्स नौ बाउंड्री लगाकर अच्छा खेल रही थी, लेकिन वह आउट होने वाली अगली खिलाड़ी रहीं। हरलीन देओल (14) भी कोई खास योगदान नहीं दे पाईं। कप्तान हरमनप्रीत कौर सिर्फ 25 रन ही बना सकीं और अलाना किंग ने उन्हें पगबाधा आउट कर दिया। रिचा घोष (18) और काशवी गौतम ने भी निराश किया। आखिर में दीप्ति शर्मा (29) और स्नेह राणा ने आठवें विकेट के लिए 63 रन जोड़े लेकिन यह काफी नहीं था। दीप्ति को किंग ने 40वें ओवर में पगबाधा आउट किया।

## विश्व कप क्वालिफायर के लिए भारतीय टीम घोषित

**हैदराबाद, जेएनएन।** अनुभवी गोलकीपर और पूर्व कप्तान सविता पूनिया ने निजी कारणों से महिला विश्व कप क्वालिफायर से नाम वापस ले लिया है, जबकि हॉकी इंडिया ने मिडफील्डर सलीमा टेटे की कप्तानी में 20 सदस्यीय टीम घोषित की। एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालिफायर आठ से 14 मार्च तक हैदराबाद में होना है। मेजबान भारत, इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरुग्वे, वेल्स और ऑस्ट्रिया अगस्त में बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले हॉकी विश्व कप के तीन क्वालिफिकेशन स्थानों के लिए चुनौती पेश कर रहे हैं।

**गोलकीपर:** बंसरी सोलंकी, बीचू देवी। **डिफेंडर:** सुशीला चानू पुखरामबम, निक्की प्रधान, मनीषा चौहान, उदिता, इशिका चौधरी। **मिडफील्डर:** नेहा, सलीमा टेटे, सुनीता टोप्पो, साक्षी राणा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, रुतजा ददासो पिसल, दीपिका सोरेंग। **फारवर्ड:** नवनीत कौर, इशिका, लालरेमसियामी, ब्यूटी डुंगडुंग, बलजीत कौर और अन्नू।

## संक्षिप्त समाचार

### पार्टी को खत्म करने की कोशिश की गई : केजरीवाल



**नई दिल्ली, जेएनएन।** आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि कथित शराब घोटाले में कोर्ट का फैसला भारतीय जनता पार्टी के मुंह पर जोरदार तमाचा है। उन्होंने दिल्ली के जंतर मंतर पर रविवार को एक रैली में कहा कि आप को खत्म करने के लिए मोदी जी खुद इस केस की मॉनिटरिंग कर रहे थे। उन्होंने मोदी और शाह पर 4 साल तक परेशान करने का आरोप लगाया। शराब घोटाले के में बरी होने के बाद इस रैली का आयोजन किया गया था। उन्होंने रैली में शराब घोटाले केस में कोर्ट के फैसले की तारीफ की। इसे राजधानी दिल्ली और देश के लोगों के पक्ष में बताया। मुझ पर 100 करोड़ रुपए लेने और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए, लेकिन अदालत ने कहा कि केस फर्जी है। अदालत का फैसला मोदी, अमित शाह और भाजपा के लिए करारा जवाब है।

### दीया विज बनी न्यूयॉर्क में सांस्कृतिक आयुक्त



**न्यूयॉर्क सिटी, जेएनएन।** भारतीय मूल की क्यूरेटर दीया विज को न्यूयॉर्क सिटी के सांस्कृतिक अफेयर का अगला कमिश्नर नियुक्त किया गया है। यह विभाग अमेरिका में कला के लिए सबसे बड़ा नगर निगम फंडिंग संस्थान माना जाता है। 40 वर्षीय दीया विज इस पद पर पहुंचने वाली दक्षिण एशियाई मूल की पहली व्यक्ति बन गई हैं। भारतीय प्रवासी परिवार में जन्मी और कनेक्टिकट के ट्रंबुल शहर में पली-बढ़ीं विज वर्तमान में ब्रूकलिन में रह रही हैं। न्यूयॉर्क सिटी के मेयर जोहरान ममदानी ने उनकी नियुक्ति की घोषणा करते हुए उन्हें 'दूरदर्शी और गहराई से सोचने वाली नेता' बताया। मेयर ने कहा कि विज के नेतृत्व में शहर यह सुनिश्चित करेगा कि कलाकार न्यूयॉर्क में रहकर सृजन कर सकें और हर बोरो के नागरिक कला की ऊर्जा और प्रेरणा का अनुभव कर सकें।

### भूकंप के झटके से कांपी जम्मू-कश्मीर की धरती

**डोडा, जेएनएन।** जम्मू-कश्मीर के डोडा में रविवार तड़के भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटकों ने लोगों की नींद उड़ा दी। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.2 मापी गई। भूकंप के झटके से इलाके के लोगों में दहशत फैल गई और कई लोग घरों से बाहर निकल आए। मौसम विभाग के अनुसार, भूकंप रविवार रात 1 बजकर 25 मिनट पर आया। भूकंप का केंद्र पृथ्वी की सतह से 5 किलोमीटर नीचे 33.08 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 76.17 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित था। इससे पहले, शुक्रवार 27 फरवरी को पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.4 थी। भूकंप का केंद्र बांग्लादेश था। नेपाल में भी शुक्रवार तड़के भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 4.7 मापी गई थी।

### सुनेत्रा की पकड़ मजबूत शरद पवार हुए किनारे



**मुंबई, जेएनएन।** महाराष्ट्र की डिप्टी सीएम सुनेत्रा पवार ने गुरुवार को स्वर्गीय पति अजित पवार की जगह एनसीपी अध्यक्ष का पद संभाला, तो साफ हो गया कि एनसीपी और एनसीपी (शरद) के ग्रुप शायद ही मतभेदों को सुलझाकर मर्जर की तरफ कोई बड़ा कदम उठाएंगे। यह कहकर कि नए अध्यक्ष की नियुक्ति ने 'सुनेत्रा पर्व (युग)' की शुरुआत की है, पार्टी के बड़े नेताओं का दावा है कि उन्होंने यह मैसेज दिया है कि वे शरद ग्रुप के 'खींचने और दबाव' में 'झुकेंगे' नहीं। इसके बजाय, सुनेत्रा शर्तों पर संगठन चलाएंगी और अजित की विरासत, विचारधारा को आगे बढ़ाएंगी। मुंबई में सुनेत्रा ने अध्यक्ष के तौर पर कार्यकर्ताओं के बीच पहला भाषण सिंपल रखा, अजित के मकसद को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ने का वादा किया।

### फंसे लोगों का होटल खर्च देगी यूएई सरकार



**अबूधाबी, जेएनएन।** मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव और उड़ानों में बड़े पैमाने पर व्यवधान के बीच अबू धाबी के संस्कृति और पर्यटन विभाग ने अमीरात के सभी होटलों को निर्देश दिया है कि वे यात्रा प्रतिबंधों के कारण फंसे मेहमानों को अपना ठहराव बढ़ाने की अनुमति दें। सरकार खर्च वहन करेगी। रिपोर्ट के अनुसार, 28 फरवरी 2026 को होटलों के महाप्रबंधकों को जारी एक परिपत्र में विभाग ने कहा कि कुछ आगंतुक अपनी निर्धारित चेक-आउट तिथि पर पहुंच गए थे, लेकिन अपने नियंत्रण से बाहर की परिस्थितियों के कारण होटल छोड़ने में असमर्थ हैं। बताया जा रहा है कि यह निर्देश मध्य पूर्व में बढ़े हुए क्षेत्रीय तनावों की पृष्ठभूमि में आया है, जिसने उड़ान संचालन को बाधित कर दिया है और क्षेत्र के कुछ हिस्सों में यात्रा पर अस्थायी प्रतिबंध लगा दिए हैं।

# 88 सदस्यीय 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' करेगी ईरान के सुप्रीम लीडर का चुनाव



ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर शोक जताने के लिए लोग तेहरान के एक चौक पर इकट्ठा हुए। अयातुल्ला खामेनेई रू और इज़राइल के जॉइंट स्ट्राइक में मारे गए थे।

**तेहरान, जेएनएन।** ईरान में 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद संविधान में 'सर्वोच्च नेता' का पद बनाया गया, जो देश का सबसे ताकतवर पद है। सुप्रीम लीडर सेना के सर्वोच्च कमांडर होते हैं, न्यायपालिका प्रमुख की नियुक्ति करते हैं, गार्जियन काउंसिल के आधे सदस्यों को नामित करते हैं और युद्ध या शांति की घोषणा का अधिकार रखते हैं। राष्ट्रपति के चुनाव के बाद नियुक्ति पत्र भी उन्हीं की ओर से जारी होता है।

संविधान के अनुच्छेद 111 के अनुसार, सुप्रीम लीडर की मृत्यु के बाद नए नेता के चयन तक तीन सदस्यीय अंतरिम परिषद—राष्ट्रपति, न्यायपालिका प्रमुख और गार्जियन काउंसिल के एक न्यायविद—अस्थायी जिम्मेदारी संभालते हैं। हालांकि उनके अधिकार सीमित होते हैं। नए सुप्रीम लीडर का चुनाव 88 सदस्यीय 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' करती है, जिसके सदस्य हर आठ साल में चुने जाते हैं। बैठक वैध होने के लिए दो-तिहाई सदस्यों की मौजूदगी जरूरी है और चयन के लिए भी दो-तिहाई बहुमत चाहिए। उत्तराधिकार की दौड़ में मुजतबा खामेनेई का नाम प्रमुख है। इसके अलावा अली रजा अराफी और हसन खुमैनी जैसे नाम भी चर्चा में हैं। अंतिम फैसला असेंबली की बैठक में होगा।


- **यूके बेस पर दागे दो मिसाइल:** ईरान ने साइप्रस की दिशा में दो मिसाइल दागे हैं। साइप्रस में ब्रिटेन के सैन्य अड्डे मौजूद हैं। ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जॉन हीली ने कहा कि उन्हें पूरा यकीन है कि ये मिसाइल सीधे ब्रिटिश ठिकानों को निशाना बनाकर नहीं दागे गए थे, लेकिन इससे यह साफ होता है कि ईरान की जवाबी कार्रवाई बिना भेदभाव के हो रही है।
- **ब्रिटेन की चेतावनी:** रक्षा मंत्री ने ईरान से अपील की कि वह अपने अनियंत्रित और बिना भेदभाव वाले हमले बंद करे और अपने हथियार कार्यक्रमों को छोड़ दे। उन्होंने कहा कि हालात और ज्यादा बिगड़ सकते हैं, इसलिए क्षेत्रीय स्थिरता जरूरी है।
- **अमेरिका की एडवायजरी:** अमेरिका ने अपने नागरिकों के लिए आधिकारिक ट्रेवल एडवाइजरी जारी की है। ट्रंप प्रशासन ने एडवाइजरी में अमेरिकी नागरिकों को दुनिया के 21 देशों की यात्रा नहीं करने की सलाह दी है। इन देशों में रूस, यूक्रेन, लीबिया, बुर्किना फासो जैसे देश शामिल हैं, हालांकि इनमें भारत-पाकिस्तान का नाम नहीं है।

### खामेनेई की मौत 'क्रूरहत्या':पुतिन, चीन ने की युद्धविराम की मांग

रूस ने प्रतिक्रिया देते हुए खामेनेई की मौत को क्रूर हत्या करार दिया है। राष्ट्रपति पुतिन ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद को भेजे शोक संदेश में कहा कि सुप्रीम लीडर की हत्या अंतरराष्ट्रीय कानून का खुला उल्लंघन है। उधर, चीन ने भी पूरे घटनाक्रम पर सख्त रुख अपनाया है। विदेश मंत्री वांग यी ने रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से टेलीफोनिक बातचीत में कहा कि ईरान पर अमेरिका और इजरायल द्वारा किए गए हमले अस्वीकार्य हैं, खासकर ऐसे समय में जब अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता चल रही थी। किसी संप्रभु देश के नेता की हत्या और वहां की जनता को सत्ता परिवर्तन के लिए उकसाने जैसी कार्रवाइयों को अंतरराष्ट्रीय समुदाय को सिरे से खारिज करना चाहिए।

### प. एशिया में हमलों के दौरान मौतों की संख्या

*अमेरिका और इजराइल द्वारा हमले शुरू किए जाने के बाद ईरान, इजराइल और कई अरब देशों में लगातार धमाकों की आवाजें सुनी जा रही हैं। इस दौरान 10 देशों में मौतों और घायलों का विवरण, जिसकी पुष्टि की गई है।*




## 10-12 रु. बढ़ सकते हैं पेट्रोल-डीजल के भाव, सोना होगा 1.90 लाख के पार

- जंग लंबी चली और तेल मार्ग 'होर्मुज स्ट्रेट' बंद हुआ तो भारत में तेल
- शेयर बाजार और सोना-चांदी पर दिख सकता है असर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिका और इजराइल के हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई है। अगर ये जंग लंबी चली और तेल मार्ग 'होर्मुज स्ट्रेट' बंद हुआ तो कच्चे तेल के दाम बढ़ सकते हैं। इसका असर भारत में तेल, शेयर बाजार और सोना-चांदी पर दिख सकता है। दिल्ली में पेट्रोल 95 लीटर से बढ़कर 105 तक पहुंच सकता है। वहीं डीजल 88 से बढ़कर 96 तक जा सकता है। इसकी वजह ये है कि भारत अपनी जरूरत का 90 फीसदी तेल आयात करता है। इसमें से करीब 50 फीसदी क्रूड होर्मुज के रास्ते आता है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि अगर ईरान इस रास्ते को ब्लॉक करता है, तो इंटरनेशनल मार्केट में कच्चे तेल की सप्लाई घट जाएगी और कीमतें 100 से 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं।




**फिर छलांग लगाएंगे सोना-चांदी:** कमोडिटी एक्सपर्ट के मुताबिक सोना 1.60 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम से बढ़कर 1.90 लाख रुपए तक जा सकता है। चांदी 2.67 लाख रुपए किलो है जो बढ़कर 3.50 लाख तक पहुंच सकती है। युद्ध के समय निवेशक सोने को सुरक्षित मानते हैं।

**शेयर बाजार में दिखेगी गिरावट:** शेयर बाजार में 1-1.5 फीसदी की गिरावट आ सकती है। आज सेंसेक्स 1300 और निफ्टी 300 अंक तक गिर सकता है। युद्ध हालात में निवेशक बाजार से पैसा निकालकर सुरक्षित जगह निवेश करते हैं।

### होर्मुज बंद हुआ तो ईरान को भी नुकसान

ईरान के पास सबसे बड़ा 'जियोपॉलिटिकल हथियार' होर्मुज स्ट्रेट को बंद करना है। इससे वो पूरी दुनिया की इकोनॉमी पर दबाव बना सकता है। हालांकि, होर्मुज स्ट्रेट बंद होने से ईरान की अपनी इकोनॉमी भी तबाह हो सकती है, क्योंकि वह खुद अपना तेल एक्सपोर्ट नहीं कर पाएगा। इसके अलावा, ईरान के तेल का सबसे बड़ा खरीदार चीन है।

## 11 साल की उम्र में मौलवी, संविधान बदलकर रहबर बने खामेनेई



**19 अप्रैल 1939।** ईरान का सबसे बड़ा धार्मिक शहर मशहद। एक मौलवी सैयद जावेद खामेनेई के घर अयातुल्लाह सैयद अली खामेनेई का जन्म हुआ। वे 8 भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर थे। 4 साल की उम्र में खामेनेई को मकतब भेजा गया, जहां उन्होंने कुरान, अरबी और इस्लामी तालीम हासिल की।

अयातुल्लाह अली खामेनेई अपनी किताब 'सेल नम्बर 14-द ऑटोबायोग्राफी ऑफ अयातुल्लाह खामेनेई' में लिखते हैं, 1950 के दशक में मेरा दाखिला मशहद के एक नए इस्लामी स्कूल में हुआ। मुझे क्लास में सबसे आगे की सीट पर बैठाया जाता था। मैं मैथ्स और इंग्लिश में अच्छा था और ब्लैकबोर्ड पर लिखे हर सवाल का जवाब सुलझा देता था। एक बार स्कूल में प्रोग्राम हुआ, जिसमें मैंने कुरान की आयतें पढ़कर सुनाईं।

मेरी जमकर तारीफ हुई और फिर मैंने अपने पिता की तरह मौलवी बनने की राह चुनी। इसके बाद वो ईरान के कोम शहर में गए, जहां उन्होंने अयातुल्लाह रूहोल्लाह खामेनेई से तालीम ली और 11 साल की कम उम्र में ही मौलवी बन गए। 1960 के दशक में खामेनेई पर ईरान के धर्मगुरु रुहोल्ला खोमैनी का गहरा असर हुआ। खामेनेई ईरान के शासक की नीतियों और 1963 में व्हाइट रिवोल्यूशन के खिलाफ खड़े हो गए थे, जिसके तहत ईरान को पश्चिमी देशों की तरह डेवलप करना था। खामेनेई को लगता था कि यह इस्लाम और ईरानी संस्कृति के खिलाफ है। खामेनेई ने मशहद की एक मस्जिद में कहा, शाह का शासन इस्लाम और लोगों के खिलाफ है। हमें अपने धर्म और देश की हिफाजत करनी होगी। खामेनेई को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन इससे वे युवाओं और शाह के खिलाफ आंदोलनों में मशहूर हो गए। 1970 का दशक आते-आते खामेनेई राजनीति में माहिर हो गए।

## तमिलनाडु में 7,100 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन

### देश के विकास में तमिलनाडु का अहम योगदान: पीएम

**चेन्नई, जेएनएन।** पीएम नरेंद्र मोदी रविवार को पुडुचेरी और तमिलनाडु पहुंचे। पुडुचेरी में उन्होंने 2700 करोड़ और तमिलनाडु में 4,400 करोड़ रुपए से ज्यादा के इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया। साथ ही तमिलनाडु में ही आठ नए बने अमृत भारत रेलवे स्टेशनों, तीन नए आकाशवाणी एफएम रिले ट्रांसमीटर का उद्घाटन किया।

इसके बाद मोदी ने मदुरै में सभा को बोधित किया। मोदी ने कहा, तमिलनाडु राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। हमारा सामूहिक लक्ष्य एक विकसित भारत के लिए एक विकसित तमिलनाडु है। इसके बाद पीएम मदुरै के तिरुप्परनकुंद्रम स्थित अरुलमिगु सुब्रमण्य स्वामी मंदिर भी गए। वहां उन्होंने पूजा-अर्चना की और दंडवत प्रणाम किया। मंदिर के पुजारियों ने पीएम को भगवान की तस्वीर भेंट की।

**तमिलनाडु की महिलाएं गंभीर संकट में, अपराध बढ़ रहे:** पीएम मोदी ने कहा कि आज तमिलनाडु की महिलाएं गंभीर संकट में हैं। अपराध बढ़ रहा है। लगभग हर दूसरे दिन महिलाओं के खिलाफ किसी न किसी अपराध की खबर सुनने को मिलती है। इसके अलावा, महिलाएं अपने परिवारों को ड्रग माफिया और शराब के चंगुल में बर्बाद होते देख रही हैं। उन्हें याद आता है कि अम्मा के समय उनका जीवन कितना बेहतर था।



**कुछ लोग सत्ता में वापसी का सपना देख रहे हैं- मोदी:** कुछ लोग तमिलनाडु में सत्ता में वापसी का सपना देख रहे हैं। जब वे एनडीए की विशाल रैली देखेंगे, तो उनके सपने बुरे सपने में बदल जाएंगे। लोग जानते हैं कि ये चुनाव राज्य के लिए निर्णायक मोड़ हैं। मैं देख सकता हूं कि तमिलनाडु ने अपना मन बना लिया है। जनता ने फैसला कर लिया है।

### भगवान मुरुगन के दर्शन करके दिव्य अनुभूति प्राप्त की: मोदी

यहां आने से पहले, मैं तिरुपरनकुंड्रम गया था और भगवान मुरुगन के दर्शन करके दिव्य अनुभूति प्राप्त की। मैंने तमिलनाडु और पूरे देश की समृद्धि के लिए प्रार्थना की। उसी समय मेरा हृदय भारी हो गया और मुझे उस युवा भक्त की याद आ गई जिसने अपने प्राणों का बलिदान दिया। आज मैं उनकी पत्नी और उनके दो छोटे बच्चों से मिला। मुझे उनका दुख महसूस हुआ और मैंने उन्हें अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। मैं प्रार्थना करता हूं कि भक्त की आत्मा को भगवान मुरुगन के चरणों में शांति मिले।

## एएआईबी की जांच में खुलासा: पेड़ों से टकराया फिर जमीन पर गिरा विमान



**मुंबई, जेएनएन।** बारामती विमान हादसे में महाराष्ट्र के दिग्गज नेता अजित पवार की मौत हो गई थीं। उनकी मौत को लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। इस बीच जांच में शामिल एजेंसियों ने अब तक हुए कामों और शुरुआती निष्कर्षों पर विस्तृत अपडेट जारी किया है। इस जांच का मकसद दुर्घटना के असली कारण और सहायक वजहों के बारे में जानने का है। रिपोर्ट में बताया गया है कि बारामती एक अनकंट्रोल्ड एयरफील्ड है, जहां कोई नेविगेशनल एड्स नहीं हैं, सिवाय विंड सॉक्स के। विमान के मलबे की जानकारी भी रिपोर्ट में शामिल है, जिसमें दिखाया गया है कि विमान पहले पेड़ से टकराया और फिर जमीन पर गिरा। एएआईबी की रिपोर्ट में जांच की प्रगति पर विस्तार से जानकारी दी गई है। फ्लाइट डेटा रेकॉर्डर से डेटा डाउनलोड कर लिया गया है और उसका विश्लेषण जारी है।

### 21 अवैध बांग्लादेशी प्रवासी किए गए डिपोर्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बताया कि रविवार तड़के असम से बांग्लादेश के 21 अवैध प्रवासियों को उनके देश वापस भेज दिया गया। इनमें बच्चे भी शामिल थे। सीएम हिमंत ने सरमा ने कहा आधी रात की कार्रवाई। ठीक 12.30 बजे, हमेशा सतर्क रहने वाली श्रीभूमि पुलिस की बदौलत 21 अवैध प्रवासियों को वापस भेज दिया गया। उन्होंने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की और कहा कि जब ज्यादातर लोग सो रहे थे, तब हमारी पुलिस देश के लिए रात भर जागकर ड्यूटी कर रही थी। कर्तव्य पुकारता है तो नींद का इंतजार किया जा सकता है। मुख्यमंत्री द्वारा साझा की गई दो तस्वीरों में अवैध प्रवासियों के बीच सात बच्चे दिखाई दे रहे हैं।

## न्याय वितरण प्रणाली में बार और बेंच एक-दूसरे के पूरक: सीजेआई



**नई दिल्ली।** तिरुपति में जिला अदालत परिसर की आधारशिला रखते हुए चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत ने न्याय प्रणाली में बार (वकीलों) की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि न्याय केवल न्यायाधीशों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि बार और बेंच इस प्रणाली के दो अपरिहार्य अंग हैं। सीजेआई ने स्पष्ट किया कि बार और बेंच विरोधी नहीं, बल्कि एक ही संस्था के दो हाथ हैं। उन्होंने कहा, बार न्याय वितरण प्रणाली का अभिन्न हिस्सा है और इसे अलग नहीं किया जा सकता। लोग अक्सर सोचते हैं कि न्याय केवल बेंच की जिम्मेदारी है, लेकिन यह एक मिथक हो सकता है। उन्होंने आगे कहा कि एक मजबूत बार बेहतर वकालत को जन्म देती है, जो जजों को गहराई से सोचने और स्पष्ट निर्णय लिखने के लिए प्रेरित करती है।

**अदालत की तुलना अस्पताल से की**

सीजेआई ने अदालतों की तुलना अस्पतालों से करते हुए कहा कि जैसे मरीज अस्पताल में खुद को सुरक्षित महसूस करता है, वैसे ही अदालत में आने वाले वादी को भी यह भरोसा होना चाहिए कि उसे न्याय मिलेगा। उन्होंने शहरीकरण और बढ़ती जनसंख्या का हवाला देते हुए राज्य सरकारों से अपील की कि वे ऐसा न्यायिक बुनियादी ढांचा तैयार करें जो अगले 50 से 100 वर्षों की जरूरतों को पूरा कर सके।

## मैं दुबई नहीं भारत में हूं: नोरा



मिडिल ईस्ट में इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने पूरी दुनिया को हिला कर रख दिया है। इसी बीच बॉलीवुड की स्टार डांसर और एक्ट्रेस नोरा फतेही को लेकर भी सोशल मीडिया पर काफी चर्चा थी। कई फैंस को लगा कि वो भी उन सितारों में शामिल हैं जो इस वक्त दुबई में फंसे हुए हैं। इन अफवाहों और चिंताओं पर विराम लगाते हुए नोरा फतेही ने एक वीडियो पोस्ट किया है। नोरा ने साफ किया है कि वह सुरक्षित हैं और भारत में हैं, लेकिन युद्ध के विजुअल्स देखकर बुरी तरह परेशान हैं। नोरा फतेही ने लोगों से एकजुट होने को कहा है और बोलीं कि शांति ही एकमात्र रास्ता है। नोरा फतेही ने अपने वीडियो की शुरुआत में उन लोगों का शुक्रिया अदा किया जिन्होंने उनके हाल-चाल जानने के लिए मैसेज किए थे। लेकिन जो चीजें हो रही हैं, उनसे मैं पूरी तरह से डिस्टर्ब हूं। जो विजुअल्स सामने आ रहे हैं, उन्होंने मुझे अंदर तक हिला दिया है। हम सब बस दुनिया में शांति चाहते हैं। यह बहुत दुखद है कि हम लगातार डर के साये में जी रहे हैं और नहीं समझ पा रहे हैं कि आगे क्या होगा। नोरा ने युद्ध की स्थिति को केवल जमीन की लड़ाई नहीं, बल्कि एक मानसिक और आध्यात्मिक युद्ध बताया। उन्होंने कहा, चीजें अभी और बिगड़ेंगी और हम सत्ता का एक बड़ा बदलाव देखेंगे। अफसोस की बात यह है कि इसकी कीमत मासूम लोगों को चुकानी पड़ती है।

**संकट** ईरान-इजरायल युद्ध के बीच मिसाइल और धमाकों से बेजार हुईं कई जिंदगियां

## पश्चिम एशियाई देशों में फंसे 80 लाख से ज्यादा भारतीय

**तेहरान, जेएनएन।** ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमले के बाद पश्चिम एशिया में हालात बेकाबू हो गए हैं। इन हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई भी मारे गए हैं। इसके बाद ईरान ने बदला लेने की कसम खाई है। उसने पश्चिम एशिया में अमेरिकी ठिकानों की मेजबानी करने वाले लगभग हर देश पर मिसाइलें दागी हैं। ऐसे में पश्चिम एशिया में रहने वाले भारतीय समुदाय के लिए भी खतरा बढ़ गया है। मध्य पूर्व में कितने भारतीय रहते हैं, जिन पर खतरा मंडरा रहा है।

**संयुक्त अरब अमीरात:** पश्चिम एशिया में सबसे ज्यादा भारतीय संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में रहते हैं। 2025 के आंकड़ों के अनुसार, संयुक्त अरब अमीरात में भारतीय प्रवासियों की संख्या लगभग 35 से 43 लाख के बीच है, जो वहां का सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है।



**सऊदी अरब:** पश्चिम एशिया में दूसरी सबसे बड़ी भारतीय आबादी सऊदी अरब में रहती है। 2026 के आंकड़ों के अनुसार, सऊदी अरब में लगभग 24 से 25 लाख से अधिक भारतीय नागरिक रह रहे हैं। यह सऊदी अरब का सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है, जो देश की कुल आबादी का लगभग 10-13 प्रतिशत हिस्सा बनाते हैं। मुख्य रूप से ये लोग विनिर्माण, स्वास्थ्य, निर्माण और आईटी क्षेत्रों में काम करते हैं।

**कुवैत में 10 लाख भारतीय :** भारतीयों की तीसरी सबसे बड़ी आबादी कुवैत में रहती है। कुवैत में रहने वाले भारतीय समुदाय में कुवैत में रहने वाले भारतीय प्रवासी और भारतीय मूल या वंश के कुवैती नागरिक शामिल हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय के अनुसार, 2023 तक लगभग 10 लाख से अधिक भारतीय थे। इनकी संख्या अब काफी बढ़ चुकी है।

### चौथी सबसे बड़ी आबादी कतर में

भारतीयों की चौथी सबसे बड़ी आबादी कतर में रहती है। कतर में भारतीयों की संख्या वर्तमान में 8.3 लाख (8,36,784) से अधिक होने का अनुमान है। कतर की कुल आबादी का लगभग 21 प्रतिशत से 25 प्रतिशत हिस्सा हैं। कतर में भारतीय डॉक्टर, नर्स, इंजीनियर, आईटी विशेषज्ञ, चार्टर्ड अकाउंटेंट और शिक्षक जैसे पेशों में कार्यरत हैं। इजरायल में वर्तमान में भारतीय मूल के लोगों और भारतीय नागरिकों की कुल संख्या लगभग लगभग 18,000 से 42,000 के बीच अनुमानित है। अगस्त 2025 तक लगभग 20,000 भारतीय श्रमिक इजरायल में कार्यरत थे। जॉर्डन में लगभग 17,000 से 17,500 के बीच भारतीय नागरिक निवास करते हैं। अधिकांश भारतीय कपड़ा कारखानों, निर्माण और विनिर्माण क्षेत्रों में कार्यरत हैं।

**10 हजार भारतीय रहते हैं ईरान में:** सरकारी अनुमानों के अनुसार, वर्तमान में ईरान में लगभग 9,000 से 10,765 भारतीय नागरिक निवास कर रहे हैं। इनमें एक बड़ी संख्या छात्रों (विशेषकर लगभग 2,000 मेडिकल छात्र), नाविकों, व्यापारियों और तीर्थयात्रियों की है।

दैनिक जागरण वर्गीकृत

जागरण क्लासीफाइड डबल धमाका
हमारा वादा, कम में ज्यादा
एक के साथ एक फ्री स्कीम
रनिंग क्लासीफाइड के साथ
भोपाल संस्करण ₹300/- | संपूर्ण म.प्र. संस्करण ₹500/-
विज्ञापन बुकिंग हेतु संपर्क करें 9826065324
Email : advtbhopaljagran@gmail.com

अण्डा
BHOPAL EGG
RATE 475/-
Rate Suggested by RS Agro P.I.P.L. and Associated Poultry farmers.

सलाह
पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्रवाई करने से पूर्व आवश्यक/सम्पूर्ण जानकारी कर लेवें। यह समाचार पत्र विज्ञापनदाता द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतीकरण के लिए जिम्मेदार नहीं है। -व्यवस्थापक

## कोटा-जबलपुर होली स्पेशल में पांच अतिरिक्त कोच जुड़े


**जागरण, जबलपुर।** होली पर यात्रियों की संख्या को देखते हुए कोटा हेली एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन में पांच अतिरिक्त कोच जोड़े गए हैं। इन अतिरिक्त कोचों में 3 स्लीपर, 1 थर्ड एसी और 1 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी सह द्वितीय श्रेणी कोच शामिल हैं। इस वृद्धि के बाद, अब ट्रेन में कुल 17 कोच उपलब्ध होंगे। अतिरिक्त कोच जुड़ने से इस रूट पर त्योहार के समय यात्रा करने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी।

## शिवना नदी की जलधारा से निकाला कचरा

**जागरण, मंदसौर।** शहर की जीवनरेखा मानी जाने वाली शिवना नदी को स्वच्छ और निर्मल बनाने के लिए चल रहे शुद्धिकरण अभियान के 93वें दिन रविवार को श्रमदानियों ने व्यापक स्तर पर सफाई की। अभियान के तहत नदी के तट और जलधारा के भीतर से प्लास्टिक, गाद व अन्य सामग्री निकालकर कचरा बाहर निकाला। शहर में यह अभियान निरंतर जारी है, जिसमें विधायक विपिन जैन, समाजसेवी और नागरिक सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं।




## "ट्वीट ऑफ द डे"



अश्विनी वैष्णव
केंद्रीय मंत्री

भारत ने एआई स्टैक की बुनियाद तैयार करने के बाद अब उसके उन्नत मॉडल, कंप्यूट क्षमता और सुरक्षा मानकों को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में 5 लाख से अधिक लोगों ने भाग लिया। समिट में दुनिया भर के प्रमुख एआई खिलाड़ी शामिल हुए और अनेक स्टार्टअप्स को अपने नवाचार प्रदर्शित करने का अवसर मिला।

## संक्षिप्त खबरें

### शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 13 लाख ठगे

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर निजी कंपनी के अकाउंटेंट से 13 लाख की आनलाइन ठगी सामने आई है। अवधपुरी पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक 58 वर्षीय आदी मूलम सुरेश शिवलोक फेस-5 अवधपुरी में रहते हैं। वह निजी कंपनी में अकाउंटेंट हैं। वह शेयर मार्केट में ट्रेडिंग भी करते हैं। फरवरी 2025 में वाट्सएप पर एक मैसेज आया। उन्हें ग्रुप से जोड़ा गया। जहां अन्य लोग भी मौजूद थे। एक लाख रुपए निवेश करने पर 20 प्रतिशत मुनाफा दिखाया गया। उन्होंने एक लाख निवेश किए जो मुनाफे के साथ वापस आ गए। दो लाख रुपए निवेश करने पर 40 फीसदी मुनाफा दिखाया गया। अंत में 10 लाख रुपए निवेश करने पर 100 प्रतिशत मुनाफा था। उन्होंने 13 लाख रुपए निवेश कर दिए। इसके बाद उनसे और रुपए निवेश करने को कहा गया। अकाउंटेंट ने पैसे देने से मना किया तो आरोपियों ने उनका खाता ब्लॉक कर मोबाइल नंबर बंद कर लिए और ग्रुप से उन्हें हटा दिया।

### युवक और उसके पिता पर चाकू से जानलेवा हमला

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** गौतम नगर इलाके में युवक और उसके पिता पर चाकू से जानलेवा हमला हो गया। गौतम नगर थाना प्रभारी महेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि 35 वर्षीय आदिल बेग पिता अनवर बेग फलों का कारोबार करता है। शनिवार शाम सवा सात बजे वह ए-वन गार्डन के पीछे न्यू आरिफ नगर में था। तभी जावेद, अदनान, राशिद व अन्य लोग आए। उन्होंने चाकू से हमला कर दिया। हमले में आदिल के सिर व हाथ में चोट आई है। बचाने पिता अनवर आए तो उन्हें भी चाकू से चोट लगी है व एक अन्य को चाकू मार दी। इस पर जांच में सामने आया है कि जावेद का भतीजा अरम शनिवार शाम मस्जिद में मस्ती कर रहा था। उसे टोकते हुए फैजान ने थप्पड़ मार दिया था।

### बसों की हड़ताल टली, लेकिन यात्रियों की परेशानी खत्म होने का नहीं ले रही नाम

# ट्रेनों में नहीं मिल रही सीट, बसों में दोगुना किराया वसूल रहे संचालक

**नगर संवाददाता, भोपाल।** सरकार से बातचीत के बाद बस आपरेटरों ने हड़ताल भले ही टाल दी, लेकिन होली पर यात्रियों की परेशानी कम नहीं हुई। एक तरफ जहां ट्रेनों में कंफर्म सीटें नहीं हैं, वहीं बसों में भारी भीड़ के चलते यात्रियों से ज्यादा किराया वसूला जा रहा है। बस वाले सामान्य दिनों के मुकाबले डेढ़ से दो गुना किराया वसूल कर रहे हैं। टैक्सी संचालकों ने भी मनमानी शुरू कर दी है। इंदौर सागर रूट पर चलने वाली टैक्सी में निर्धारित किराए से ज्यादा पैसा वसूलने की शिकायतें हैं। होली पर भोपाल से इंदौर, उज्जैन, जबलपुर के अलावा महाराष्ट्र, राजस्थान, यूपी और छग जाने वालों को परेशानी हो रही है।

**लंबी दूरी के लिए ज्यादा मारामारी:** यात्रियों की परेशानी सफर की दूरी पर निर्भर कर रही है। भोपाल से इंदौर के लिए टैक्सियों में किराए में 150 से 200 रुपए तक बढ़ गए हैं। होली से एक दिन पहले और होली पर किराया तीन गुना तक पहुंच गया है। पुणे से भोपाल का बस किराया 1200 तक बढ़ गया है, जबकि अन्य शहरों का भी यही हाल है। सबसे ज्यादा दिक्कत वापसी की हो रही है। होली के अगले दिन की वापसी की टिकट नहीं मिल रही है। मथुरा-वृंदावन जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या भी बढ़ गई है। ट्रैवल एजेंसी संचालकों के मुताबिक 60 से ज्यादा टैक्सियां बुक हो चुकी हैं। आनलाइन एप पर तेजी से बसों की टिकट बुक हो गई है। आईएसबीटी, नादरा, हलालपुर, पुतलीघर बस स्टैंड से अलग-अलग जिलों में 500 से ज्यादा बसें 400 से ज्यादा टैक्सियों का आना-जाना होता है।



### ट्रेनों में क्लीयर नहीं हो रहे टिकट

होली पर अपने घर या पर्यटन स्थल पर जाने के लिए कई लोगों ने एक महीने पहले से ट्रेन के टिकट बुक किए थे। इनमें से कईयों के टिकट अभी तक कंफर्म नहीं हुए हैं। मजबूरी में अब लोग ट्रेन की टिकट रद्द कराकर निजी टैक्सी बुक कर रहे हैं।

### इंदौर रूट पर टैक्सी की मांग बढ़ी

होली पर दो दिन की छुट्टी होने के के कारण बड़ी संख्या लोग अपने परिवार के साथ घर जा रहे हैं। ऐसे में इंदौर रूट के यात्री बड़ी संख्या में हैं। टैक्सी संचालक दीपक खत्री ने बताया कि हमारे पास 7 गाड़ियां हैं, सभी एडवांस बुक हो चुकी हैं। डिमांड इतनी ज्यादा आ रही है कि हमें खुद किराए पर गाड़ी मांगना पड़ रही है। उन्होंने बताया कि इंदौर का किराया 500 से 600 रुपए तक था। सोमवार और मंगलवार को किराया 800 से 1000 रुपए तक हो जाएगा। भोपाल प्राइवेट नौकरी करने वाले प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया कि भोपाल से इंदौर जाने के लिए बस फुल हैं, ट्रेन में भी जगह नहीं है। टैक्सी से बात की तो वह 700 रुपए से कम में जाने को तैयार नहीं है। मालूम हो कि सामान्य दिनों में इंदौर का किराया बस से 450 रुपए और टैक्सी से 400 रुपए होता है।

### बिलासपुर और अन्य शहरों के लिए बसों का किराया बढ़ा

भोपाल से बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग के लिए 8 बसें चलती है। आम दिनों में इनका किराया 1400 से 1550 होता है, लेकिन इन दिनों यह किराया 1800 से 2000 तक हो गया है, अगले तीन से चार दिन में यह किराया 3 हजार जाने की उम्मीद है। बसों में भीड़ का आलम यह है कि यात्रियों को स्टूल पर बैठाया जा रहा है। पिपरिया जाने वाले भूषण पांडे ने बताया कि वे जब बस स्टेंड पहुंचे उन्हें स्टूल पर बैठा दिया और किराया भी ज्यादा लिया।

### इनका कहना है

"हम यात्रियों की हर संभव मदद करते हैं। यदि कोई बस में अधिक राशि की वसूली कर रहा है तो यात्री सीधे हमारे हेड आफिस में इसकी शिकायत कर सकते हैं।
■ **दिलीप वर्मा**, संचालक, वर्मा ट्रेवल्स

"टिकट के नाम पर मनमानी वसूली अवैध है। हम इस पर नजर रखे हुए हैं। यदि आवश्यकता पड़ी तो एक औचक दल बनाकर होली और उसके अगले दिन बसों का निरीक्षण कराया जाएगा।
■ **जितेन्द्र शर्मा**, आरटीओ भोपाल

# विलुप्त जीवों के संरक्षण पर काम कर रही सरकारः सीएम

## कूनो नदी में छोड़े दुलर्भ प्रजाति के कछुए-घड़ियाल

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार विलुप्त होते जीवों के संरक्षण की दिशा में लगातार काम कर रही है। वन्य-जीव संरक्षण और संवर्धन हमारी प्राथमिकता में है। हमारी इसी प्राथमिकता ने वन्यजीव संरक्षण में विश्व में मध्यप्रदेश की साख बढ़ाई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को कूनो नदी में घड़ियाल और दुलर्भ प्रजाति के कछुआ छोड़ने के उपरांत पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के वन, जैव विविधता की दृष्टि से निरंतर समृद्ध हो रहे हैं। एशिया से जो चीता विलुप्तप्राय हुआ था, आज उसकी प्रजाति पुनः आबाद हो रही है। मध्यप्रदेश, देश में सर्वाधिक टाइगर, सर्वाधिक चीतों वाला राज्य हो गया है। घड़ियाल के मामले में भी मध्यप्रदेश, देश में नंबर वन है। गिद्धों की गणना के अनुसार भी प्रदेश जैव विविधता में समृद्ध हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कूनो नदी में दुर्लभ प्रजाति के कछुए और घडियाल छोड़ा जाना राज्य सरकार की जलचरों को बढ़ावा देने की योजना का हिस्सा है। वन्य-प्राणियों के संरक्षण से बढ़ती जैव विविधता से प्रदेश में पर्यटन के अवसर निर्मित हो रहे हैं, जिससे रोजगार के नए मौके भी लोगों को मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर शुरू हुआ चीता प्रोजेक्ट निरंतर सफलता की ओर आगे बढ़ रहा है। इसके परिणाम स्वरुप इस वर्ष मध्यप्रदेश आने वाले सैलानियों की संख्या में भी वृद्धि हुई है।



### 33 कछुए और 53 घड़ियाल छोड़े गए नदी में

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को दुर्लभ प्रजाति के 33 कछुए और 53 घड़ियाल कूनो नदी में छोड़ें। जिन कछुओं को नदी में छोड़ा जा रहा है वे मुरैना के कछुआ केन्द्र बरहई से लाए गए हैं। तेंतीस में से 25 कछुए तीन पट्टीदार छत वाले और 8 भारतीय फ्लेप शेल कछुआ हैं। इसी तरह देवरी घड़ियाल केन्द्र से लाकर 53 घड़ियालों को कूनो नदी में छोड़ा गया।

### राज्यपाल से भेंट की मुख्यमंत्री ने

राज्यपाल मंगुभाई पटेल से रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लोकभवन में सौजन्य भेंट की। राज्यपाल पटेल को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के विकास एवं जनकल्याण संबंधी विभिन्न विषयों की जानकारी दी और औपचारिक चर्चा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई और राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी भी मौजूद थे।

## भाजपा भोपाल जिला टीम घोषित 25 कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** काफी जद्दोजहद के बाद भोपाल भाजपा की जिला टीम की घोषणा रविवार को देर शाम कर दी गई। सूची में 25 कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है। बता दें कि जिला अध्यक्ष रविंद्र यति ने जो सूची जारी की थी उसे होल्ड कर दिया गया था। इसके बाद वरिष्ठ नेतृत्व के निर्देश पर स्थानीय विधायकों से तीन-तीन नाम मांगे गए थे। इनमें दो-दो नाम पर सहमति बनते ही सूची को अंतिम रूप दिया गया। जानकारों की मानें तो तीन दिन पहले सूची तैयार कर ली गई थी जिसे रविवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के पास भेजा गया था। सूची पर मुख्यमंत्री की हरी झंडी मिलते ही रविवार देर शाम जारी कर दी गई। सूची में 8 उपाध्यक्ष बनाए गए हैं जिनमें राम बंसल, भाषित दीक्षित, राजकुमार विश्वकर्मा, भीकम सिंह बघेल, अमन यादव, अभय पंडित, विनय ददनानी व गुंजन चौकसे के नाम शामिल हैं। इसी तरह प्रदीप शेखावत और मुकेश राय को



जिला महामंत्री बनाया गया है। सात जिला मंत्रियों में राकेश कुकरेजा, जितेंद्र अहिरवार, सरिता पिपलोदे, उत्कृष्ट नायक, योगेश वासवानी, धर्मेंद्र परिहार और संतोष हिरवे के नाम शामिल हैं। राघवेंद्र द्विवेदी को कोषाध्यक्ष व आशा पारोचे को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया है। मुकेश लोखंडे कार्यालय प्रभारी होंगे जबकि सुमित पांडे मन की बात के प्रभारी, विश्वजीत सिंह आईटी सेल के प्रभारी और विभा गरुड़ को सोशल मीडिया की प्रभारी बनाया गया है।

### डोमिनोज ने दीपावली पर वेज की जगह भेजा नॉनवेज, आठ लाख का जुर्माना लगाया

**जागरण, सतना।** प्रदेश के सतना में ग्राहक को शाकाहारी की जगह मांसाहारी खाना भेजना डोमिनोज पिज्जा रेस्टोरेंट को महंगा पड़ा है। जिला उपभोक्ता आयोग ने मामले में फैसला सुनाने हुए रीवा रोड स्थित डोमिनोज पिज्जा रेस्टोरेंट (जुबिलेंट फूड वर्क्स लिमिटेड) पर 8 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। यह राशि 9 प्रतिशत ब्याज के साथ एक माह के भीतर अदा करनी होगी। आयोग के अध्यक्ष एससी उपाध्याय और सदस्य उमेश गिरि एवं विद्या पांडेय की पीठ ने कंपनी को यह भी निर्देश दिया है कि वह परिवादी दंपति को 10 हजार रुपए का परिवाद व्यय भी अदा करे। यह निर्णय एक शिकायत के बाद आया है जिसमें दंपति ने मांसाहारी भोजन परोसे जाने का आरोप लगाया था। यह पूरा मामला 31 अक्टूबर 2024, दीपावली के दिन का है।

## मार्च के पहले सप्ताह में बारिश, चौथे में गर्मी 40 डिग्री तक जा सकता है भोपाल का तापमान

**नगर संवाददाता, भोपाल।** मार्च का महीना शुरू होते ही शहर सहित प्रदेश का मौसम बदलने लगा है। बसंत के दौर में गर्मी और सर्दी दोनों का एहसास हो रहा है। इस बीच मौसम केंद्र भोपाल ने संभावना जताई है उसके मुताबिक मार्च के पहले सप्ताह में बारिश होने की उम्मीद है। अधिक जानकारी अनुसार चार मार्च की रात से हिमालयी क्षेत्र में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जिसके बाद ठंड का एक दौर आ सकता है। इससे मप्र के ग्वालियर व चंबल क्षेत्र में मावठा गिरने की उम्मीद है। मौसम का यह दौर 5 से 10 मार्च के बीच देखने को मिलेगा। इसके बाद धीरे धीरे मौसम बदलेगा और गर्मी की दस्तक शुरू हो जाएगी। वहीं मौसम अधिकारियों ने बताया है कि दूसरे सप्ताह से लेकर



तीसरे सप्ताह तक गर्मी धीरे धीरे बढ़ेगी, लेकिन चौथे सप्ताह में गर्मी अपने चरम पर पहुंच सकती है। संभावना है कि चौथे सप्ताह में भोपाल सहित कई शहरों का तापमान 40 डिग्री तक जा सकता है। इससे आगामी महीनों में भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान है।

**2 से 3 डिग्री बढ़ सकता है तापमान :** मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में तापमान में वृद्धि का अनुमान जताया है। दरअसल, 4 मार्च की रात से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में एक नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है। जिसका असर 2 दिन बाद एमपी में भी देखने को मिल सकता है। कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। सिस्टम के असर से दिन-रात के तापमान में बढ़ोतरी होगी।

**30 शहरों में पारा 30 डिग्री के पार पहुंचा :** रविवार को प्रदेश के 30 शहरों में दिन का तापमान 30 डिग्री या इससे अधिक रहा। भोपाल में 31.2 डिग्री, इंदौर में 32.3 डिग्री, ग्वालियर में 33.4 डिग्री, उज्जैन में 32.5 डिग्री और जबलपुर में 33.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सबसे ज्यादा खरगोन में 35 डिग्री दर्ज किया गया।

**युवा पीढ़ी** | सोशल ट्रेंड्स, पॉप कल्चर, गेमिंग और इन्फ्लुएंसर संस्कृति से बन रही नई शब्दावली

# स्लैंग इन इंडियाः मिलेनियल्स की समझ से बाहर है जेन-जी की भाषा, गूगल सर्च का ले रहे हैं सहारा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अगर आपने कभी इंस्टाग्राम खोला हो, मीम्स स्क्रॉल किए हों या किसी कैफे में बैठे किशोरों की बातचीत सुनी हो और मन में सवाल उठा हो- 'आखिर इसका मतलब क्या है?' तो आप अकेले नहीं हैं। भारत भर में मिलेनियल्स अब चुपचाप गूगल का सहारा लेकर जेन-जी की तेजी से बदलती भाषा को समझने की कोशिश कर रहे हैं। आज की युवा पीढ़ी की शब्दावली सोशल मीडिया ट्रेंड्स, ग्लोबल पॉप कल्चर, गेमिंग कम्युनिटी और इन्फ्लुएंसर संस्कृति से बन रही है। इंस्टाग्राम रील्स, मीम पेज और ग्रुप चैट्स के जरिए ये शब्द बिजली की रफ्तार से फैलते हैं। मिलेनियल दौर की भाषा जहां एसएमएस और शुरुआती फेसबुक संस्कृति से प्रभावित थी, वहीं जेन-जी की भाषा ज्यादा विजुअल, मीम-आधारित और अक्सर व्यंग्यात्मक है।

### 10 ट्रेंडिंग जेन-जी शब्द और उनके मतलब

**डेलुलुः** यह 'डिल्यूजनल' का छोटा रूप है। जब कोई व्यक्ति अवास्तविक रोमांटिक कल्पनाएं करता है या जरूरत से ज्यादा आत्मविश्वास दिखाता है, तो मजाक में उसे 'डेलुलु' कहा जाता है।

**रिज्जः** यह शब्द किसी की फ्लर्ट करने या आकर्षित करने की क्षमता को दर्शाता है।

**एट या एट देटः** जब कोई काम बेहद शानदार तरीके से किया जाए, तो कहा जाता है- 'शी एट' यानी उसने कमाल कर दिया।

**टच ग्रासः** यह व्यंग्यात्मक अभिव्यक्ति है, जिसका मतलब है- इंटरनेट से बाहर निकलो और असली जिंदगी में वापस आओ।

**मिडः** किसी औसत या फीकी चीज के लिए इस्तेमाल होता है। जैस- 'फिल्म ठीक-ठाक थी, बस मिड।'



**स्लेः** किसी काम को बेहतरीन ढंग से करना या शानदार दिखना। जैसे- 'तुमने ये आउटफिट स्ले कर दिया!'

**सुसः** 'सस्पीसियश' का छोटा रूप, जो गेमिंग संस्कृति से लोकप्रिय हुआ।

**पीओवीः** 'प्वाइंट ऑफ व्यू' का संक्षिप्त रूप। मीम्स और रील्स में किसी खास स्थिति को दिखाने के लिए इस्तेमाल होता है।

**नो कैपः** इसका अर्थ है- 'मैं सच कह रहा हूं।' जैसे- 'ये सबसे अच्छी चाय है, नो कैप।'

**मैन कैरेक्टर एनर्जीः** जब कोई व्यक्ति आत्मविश्वास से भरा, नाटकीय या ध्यान का केंद्र बनकर चलता है, तो कहा जाता है कि उसमें 'मेन कैरेक्टर एनर्जी' है।

### मीम्स ने किया विस्तार

भारत में शॉर्ट-फॉर्म वीडियो प्लेटफॉर्म और मीम संस्कृति ने स्लैंग के प्रसार को तेज कर दिया है। भारतीय कंटेंट क्रिएटर अंग्रेजी के साथ हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं को मिलाकर एक हाइब्रिड शब्दावली बना रहे हैं। यह भाषा ग्लोबल भी है और लोकल भी। कॉरपोरेट ब्रांड, मार्केटिंग एजेंसियां और यहां तक कि कार्यस्थल भी अब इस भाषा को समझने की कोशिश कर रहे हैं ताकि युवा दर्शकों से जुड़ सकें। लेकिन यहां एक खतरा भी है। अगर स्लैंग का इस्तेमाल बनावटी या गलत संदर्भ में हुआ, तो जेन-जी तुरंत पहचान लेती है। हर ट्रेंडिंग शब्द का इस्तेमाल करना जरूरी नहीं है। संदर्भ समझना ही काफी है ताकि बातचीत में असहजता न हो।

## अनुशासित जीवनशैली से धीमी की जा सकती उम्र बढ़ने की प्रक्रिया

### मेनोपोज की कार्यशाला में विशेषज्ञों ने दिए टिप्स

**नगर संवाददाता, भोपाल।** राजधानी में आयोजित इंडियन मीनोपॉज सोसाइटी की तीन दिवसीय वार्षिक कॉन्फ्रेंस का रविवार को समापन हुआ। तीन दिनों तक चले इस समागम के अंतिम दिन चिकित्सा जगत के दिग्गजों ने न केवल महिलाओं के स्वास्थ्य, बल्कि बेहतर जीवनशैली और वित्तीय सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। समापन दिवस के साइंटिफिक सेशन में चिरायु अस्पताल के एमडी डॉ. अजय गोयनका ने रिवर्सल ऑफ एजिंग और स्टेप्स टू 100 विषय पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि आधुनिक चिकित्सा और अनुशासित जीवनशैली के समन्वय से न केवल उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा किया जा सकता है, बल्कि 100 वर्ष की आयु तक स्वस्थ और सक्रिय जीवन भी जिया जा सकता है। वहीं, डॉ. बीना टंडन ने चिकित्सकों के लिए वित्तीय साक्षरता और स्वास्थ्य बीमा की अनिवार्यता पर सत्र लेकर उन्हें भविष्य के प्रति जागरूक किया।

#### वैक्सीन के लिए करेंगे जागरूक

कॉन्फ्रेंस का आकर्षण पब्लिक फोरम रहा, जिसमें नेशनल हेल्थ मिशन की एमडी डॉ. सलोनी सिडाना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा शुरु किए गए एचपीवी वैक्सीन अभियान की महत्ता पर प्रकाश डाला। डॉ. सिडाना ने चिकित्सकों का आह्वान करते हुए कहा सर्वाइकल कैंसर को जड़ से मिटाने के लिए यह वैक्सीन एक वरदान है।

#### मीनोपॉज और समग्र स्वास्थ्य

महिलाओं में मीनोपॉज के दौरान होने वाले शारीरिक और मानसिक बदलावों पर सत्रों का आयोजन हुआ। कार्यस्थल पर मीनोपॉज प्रबंधन, यूरिनरी इन्फेक्शन, कैल्शियम की कमी और एडनेक्सल मास जैसे गंभीर विषयों पर चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने हड्डियों की सेहत, आंखों की देखभाल, बेहतर नींद और पोषण के साथ-साथ योग व ध्यान की उपयोगिता भी बताई।

मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव मोहन गुप्त** द्वारा जागरण पब्लिकेशन्स प्रा. लि. हेतु 'दैनिक जागरण प्रेस' 33, जागरण भवन, प्रेस काम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, मध्यप्रदेश -462011 (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. 1573/57, पंजीयन संख्या 7 म.प्र., **संस्थापक : स्व. गुरुदेव गुप्त,** संपादक : **राजीव मोहन गुप्त,** स्थानीय संपादक : **हरिमोहन गुप्त** फोन : **कार्या. :** 0755-6723200 **E-mail :** modemdj@gmail.com।